आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 21°C | 9°C |

इनसाइड न्यूज

मायावती ने की बैठक, कई राज्यों से आए पदाधिकारी, बोलीं, हमारे लोग...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शनिवार 20 दिसंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 70

www.janexpresslive.com/epaper

मनरेगा कानून को बदलने के विरोध में... 12



## शेख हसीना विरोधी नेता की मौत के बाद हिंसा, हिंदू युवक को जलाया

# जल रहा बांग्लादेश

## बांग्लादेश में 2 न्यूज चैनल्स, अवामी लीग के ऑफिस फूंके

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश में शेख हसीना के विरोधी नेता उस्मान हादी की मौत के बाद हिंसा भड़क गई है। प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार देर रात देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में जबरन घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान के आवास में भी तोड़फोड़ की गई है और शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के ऑफिस को भी जला दिया गया है। उस्मान हादी शेख हसीना के खिलाफ जुलाई 2024 में हुए छात्र आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्हें 12 दिसंबर को चुनाव प्रचार के दौरान सिर में गोली मारी गई थी। इसके बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए सिंगापुर ले जाया गया था। 6 दिन बाद उनकी मौत हो गई।



### हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग, शव को पेड़ पर लटकाकर जलाया

बीबीसी बांग्ला की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश में धर्म का अपमान करने के आरोप में एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला। इसके बाद उसके शव को नग्न करके एक पेड़ से लटका कर आग लगा दी। पुलिस ने मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में की है पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार रात भालुका में हुई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें लोग 'अल्लाह-हू-अकबर' के नारे लगाते दिख रहे हैं।

### बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या पर बंगाल भाजपा का आक्रोश

बंगाल भाजपा ने बांग्लादेश में कथित ईशनिंदा के आरोप में एक हिंदू युवक की भीड़ द्वारा हत्या किए जाने की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर कहा कि मृतक दीपू चंद्र दास को पीट-पीटकर मार दिया गया, फिर फांसी पर लटकाया गया और जला दिया गया। भाजपा ने अपने ट्वीट में कहा कि यह मामला सिर्फ बांग्लादेश का नहीं है। पार्टी ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में भी पहले हरगोविंदो दास और चंदन दास के साथ इसी तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि चाहे पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार हो या बांग्लादेश में यूनुस की सरकार, इन लोगों की हत्या सिर्फ इसलिए हुई क्योंकि वे हिंदू थे।

### बांग्लादेश में पत्रकार की गोली मारकर हत्या

बांग्लादेश के खुलना में इमदादुल हक मिलन नामक पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि इस घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अरंगघाटा पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी (ओसी) शाहजहां अहमद ने पत्रकारों को बताया कि यह घटना गुरुवार रात करीब 9:30 बजे हुई। मिलोन शालुआ प्रेस क्लब के अध्यक्ष थे। हमले के समय मिलोन शालुआ बाजार की एक चाय की दुकान पर बैठे चाय पी रहे थे।उसी वक्त, दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार लोग अचानक आए, उस पर गोलियां चलाईं और तेजी से भाग गए। घटना के बाद, आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मिलोन को मृत घोषित कर दिया।पुलिस अभी तक हमले को अंजाम देने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं कर पाई है।

### प्रदर्शनकारियों ने अवामी लीग ऑफिस जलाया

हादी की हत्या के विरोध में बांग्लादेश में कई जगह हिंसा हुई। उस्मान हादी के समर्थकों और छात्र संगठनों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ढाका के अंदर और बाहर के कई जिलों में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। चटगांव में भी कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। भारतीय सहायक उच्चायुक्त के आवास के सामने बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। उन्होंने उच्चायोग पर ईंटें फेंकीं। इसके अलावा, शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी के घर में तोड़फोड़ की गई और उसे आग लगा दी गई। स्थानीय मीडिया ने बताया कि राजशाही स्थित अवामी लीग ऑफिस में भी तोड़फोड़ और आगजनी की गई।

### हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग, शव को पेड़ से टांगकर जलाया

बांग्लादेश में धर्म का अपमान करने के आरोप में लोगों के एक समूह ने एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला। युवक को नग्न करके फांसी पर टांग दिया गया। बाद में उसकी लाश को खंभे पर बांधकर आग लगा दी गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार रात भालुका में हुई। बीबीसी बांग्ला ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस ने मृतक युवक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में की है। अधिकारियों को शुरू में पता चला था कि वह एक स्थानीय कपड़ा कारखाने में काम करता था और इलाके में एक कमरा किराए पर लेकर रहता था। भालुका पुलिस स्टेशन के ड्यूटी ऑफिसर ने बीबीसी बांग्ला को बताया, 'गुरुवार रात करीब 9 बजे कुछ उत्तेजित लोगों ने उसे पैगंबर का अपमान करने के आरोप में पकड़ लिया और उसकी पिटाई की। फिर उन्होंने उसके शव को आग लगा दी।' सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। अधिकारियों ने बताया कि मृतक दास का शव बरामद कर मैमनसिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मुर्दाघर में भेज दिया गया है। इस घटना में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस मृतक के परिवार का पता लगा रही है।

### कौन था उस्मान हादी?



शरीफ उस्मान हादी बीते साल बांग्लादेश में हुए शेख हसीना के तख्तापलट के बाद बने इंकलाब मंच के प्रवक्ता थे। अगले साल होने वाले राष्ट्रीय चुनाव में उस्मान हादी भी उम्मीदवार थे। बीती 12 दिसंबर को ढाका में चुनाव प्रचार के दौरान नकाबपोश हमलावरों ने उनके सिर में गोली मार दी थी। इस हमले में हादी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनकी शुरुआती इलाज बांग्लादेश के एक स्थानीय अस्पताल में किया गया। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार बाद में उन्हें एयरलिफ्ट करके सिंगापुर ले जाया गया। यहां छह दिनों तक उन्हें जीवन रक्षक उपकरणों पर रखा गया और गुरुवार को उनकी मौत हो गई। 2024 में बांग्लादेश में हुए विद्रोह में उस्मान हादी एक बड़ा चेहरा थे। इस विद्रोह की वजह से ही तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता और देश छोड़कर भागना पड़ा था। हादी भारत के मुखर आलोचक थे। उन्होंने ढाका-8 निर्वाचन क्षेत्र से स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर संसदीय चुनाव लड़ने का एलान किया था।

### शेख मुजीबुर रहमान के घर में आगजनी

बांग्लादेश के संस्थापक राष्ट्रपति शेख मुजीबुर रहमान के ढाका स्थित घर धानमंडी-32 में गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात प्रदर्शनकारियों ने आग लगा दी। यह घर पहले ही इस साल आंशिक रूप से तोड़ा जा चुका था और काफी समय से खंडहर की हालत में था। जानकारी के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने एक दिन से ज्यादा समय तक इस ऐतिहासिक इमारत में तोड़फोड़ की। वहीं, राजशाही में प्रदर्शनकारियों ने खुदाई मशीन की मदद से अवामी लीग के कार्यालय को भी गिरा दिया। प्रदर्शनकारी उस्मान हादी की हत्या के दोषियों को सजा देने की मांग कर रहे हैं। वहीं मैमनसिंह जिले में एक हिंदू युवक दीपु चंद्र दास की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, दीपु पर ईशनिंदा (धर्म का अपमान) करने का आरोप लगाया गया था। दीपु चंद्र दास कपड़ा फैक्ट्री में काम करता था और इलाके में किराए पर रहता था। आरोप है कि रात करीब 9 बजे कुछ लोगों ने उस पर पैगंबर मोहम्मद के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाकर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### ढाका में प्रदर्शन तेज, शाहबाग चौराहा जाम

ढाका में आज प्रदर्शनकारियों ने शाहबाग चौराहे को जाम कर दिया। वे इंकलाब मंच के संयोजक शरीफ उस्मान हादी की हत्या में न्याय की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने अंतरिम सरकार का शासन खत्म करने की भी मांग की, स्थनीय मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी सामने आई है। इधर, ढाका विश्वविद्यालय के शेख मुजीबुर रहमान हॉल का नाम बदलने को लेकर भी हलचल रही। शुक्रवार तड़के करीब 2:30 बजे छात्रों ने गेट पर 'शहीद उस्मान हादी हॉल' का बैनर लगा दिया। छात्र संघ के पदाधिकारियों के मुताबिक यह कदम छात्रों के मतदान के बाद उठाया गया। हालांकि, इसे आधिकारिक नाम परिवर्तन नहीं माना गया है। हॉल का नाम बदलने का प्रस्ताव बाद में बैठक में रखा जाएगा।

### शाहाबाद में लोगों की भीड़ फिर जुटनी शुरू

हादी की मौत के विरोध में शुक्रवार को राजधानी के विभिन्न हिस्सों से छात्र और आम लोग शाहबाग चौराहे पर इकट्ठा होते नजर आए। प्रदर्शनकारी छात्र झंडे लिए हुए हैं। वे 'हम हादी भाई के खून को बर्बाद नहीं जाने देंगे।' जैसे नारे लगा रहे हैं। छात्र अशफकुर रहमान शनि बोले, 'हमने एक सच्चे देशभक्त को खो दिया है। मुझे रात को नींद नहीं आई। मैं सुबह विरोध प्रदर्शन करने यहां आया हूं। शहीद उस्मान हादी जैसे देशभक्त और बहादुर शख्स के चले जाने से हम बेहद दुखी हैं।'

### यूनुस सरकार ने किया तत्काल कार्रवाई का एलान

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार देर रात हादी की मौत का एलान किया। इसके साथ ही यूनुस ने हादी के हत्यारों को पकड़ने के लिए त्वरित कार्रवाई का वादा किया। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार यूनुस ने कहा, 'जुलाई विद्रोह के निडर, अग्रिम पंक्ति के योद्धा और इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी अब हमारे बीच नहीं रहे।' उन्होंने कहा कि हत्यारों के प्रति कोई नरमी नहीं दिखाई जाएगी।

### शेख मुजीबुर रहमान के हॉल का नाम बदला, हादी पर रखा

ढाका यूनिवर्सिटी में शेख मुजीबुर रहमान हॉल के आयोजकों ने इसका नाम बदलकर 'शहीद उस्मान हादी हॉल' कर दिया है और इस नाम के पोस्टर भी लगा दिए हैं। शरीफ उस्मान बिन हादी की मौत के बाद परिसर में विरोध प्रदर्शनों के बीच, नेताओं ने आधी रात को हॉल के सामने एक पोस्टर लगाया, जिसमें हॉल का नाम हादी के नाम पर रखा गया था। बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने उस्मान हादी की मौत पर शोक जताया है। अपने शोक संदेश में चुनाव आयोग ने कहा कि हादी बांग्लादेश के लिए पूरी तरह समर्पित थे, एक संघर्षशील व्यक्ति थे और युवाओं की आवाज थे।

### स्पोर्ट्स मिनिस्टर बोले- कुछ लोग हमारे आंदोलन को भड़का रहे

स्पोर्ट्स मिनिस्टर आसिफ महमूद सजीब भुइयां ने कहा कि हिंसक गतिविधियों में युवा नेताओं का हाथ नहीं था। उन्होंने कहा, 'जब भी हम इस देश के लिए एकजुट होते हैं, कोई स्वार्थी समूह अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम देकर हमें नुकसान पहुंचाता है, हमें विवादों में घसीटता है और हमारे संघर्ष पर सवाल उठाने का मौका देता है। हम यह साफ करना चाहते हैं कि आज की उकसावे वाली कार्रवाई में शामिल लोगों की हम पहचान कर रहे हैं। कुछ लोग हादी की शहादत के बाद न्याय की मांग करने वाले हमारे आंदोलन को भड़काकर दूसरी दिशा में मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।'

## जहरीले कफ सिरप कांड पर सीएम योगी का बड़ा बयान

# गिरफ्तार अभियुक्तों के संबंध सपा माफियाओं से

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

यूपी विधानमंडल सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहरीले कफ सिरप कांड को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। यूपी एसटीएफ और यूपी पुलिस ने मामले में व्यापक गिरफ्तारियां की हैं। उन्होंने कहा कि जो भी अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। उनके संबंध सपा नेताओं से सामने आए हैं। अभी जांच जारी है। जांच रिपोर्ट आने पर दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सपा के लोग ये मुद्दा सदन की कार्यवाही के दौरान उठाएंगे तो उन्हें वहां पर जवाब दिया जाएगा और अगर बाहर इस पर सवाल करेंगे तो उसका भी जवाब दिया जाएगा। सपा का माफियाओं से संबंध तो




जगजाहिर हैं। इस पूरे मामले की जांच राज्यस्तरीय एसआईटी कार्य कर रही है। इसमें यूपी पुलिस, एफएसडीए से जुड़े अधिकारी मौजूद हैं। किन-किन लोगों को इसमें धन गया है ये सारी बातें जांच में सामने आ जाएंगी। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि उनके बारे में यही कहूंगा कि- 'यही कसूर मैं बार बार करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आईना साफ करता रहा।' उन्होंने कहा कि इन माफियाओं के साथ उनकी भी फोटो है। जांच में सब सामने आ जाएगा।

### 24 जनवरी को वंदे मातरम पर होगी चर्चा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज से सदन की कार्यवाही शुरू हो रही है। 24 जनवरी को हमारे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम पर चर्चा का आयोजन किया जाएगा। 24 जनवरी को यूपी का स्थापना दिवस भी है। हमने सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों से चर्चा के लिए अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए और हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार है। सदन की कार्यवाही के पहले दिन नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय सहित सभी दलों के नेताओं ने स्वर्गीय सपा विधायक सुधाकर सिंह के निधन पर समाज में दिये गए उनके योगदान को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# कफ सिरप मामले में का बड़ा फैसला: हाईकोर्ट ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोक लगाने से किया इनकार

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

प्रदेश के चर्चित कफ सिरप मामले में दर्ज एफआईआर को खारिज करने की मांग वाली अर्जी इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। मुख्य आरोपी शुभम अग्रवाल समेत 40 आरोपियों ने गिरफ्तारी से रोक लगाने और एफआईआर रद्द करने मांग को लेकर अर्जी दाखिल की थी। शुक्रवार को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपियों की अर्जी खारिज कर दी। इसके साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी का रास्ता साफ हो गया है। कोडीनयुक्त कफ सिरप कांड की जांच में यूपी एसटीएफ ने लखनऊ आलम बाग के पास से सहारनपुर से दो अभियुक्त अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में 25 हजार रुपये के इनामी शुभम जायसवाल का पूरा नेटवर्क



सामने आया है। दोनों ने एसटीएफ को बताया कि दोनों विशाल और विभोर राणा के लिए काम करते थे। विशाल और विभोर का शुभम जायसवाल के साथ व्यापारिक संबंध था। तीनों मिलकर कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी करते थे। माल वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर और आगरा समेत अन्य जगहों से फर्जी ई वे बिल बनाकर बंगाल के अलावा अन्य जगहों पर भेजा जाता था। विशाल और विभोर के नेटवर्क के जरिये सिरप देश के कई राज्यों में पहुंचाया जाता था। इसी बीच शुभम ने अपने पिता भोला जायसवाल के नाम पर रांची में एबॉट कंपनी की सुपर स्टॉकिस्ट हासिल कर ली और इन दोनों से किनारा कर लिया। इसके बाद लाइसेंस और दस्तावेज की आड़ में वह बड़े पैमाने पर कफ सिरप की सप्लाई को कानूनी शिपमेंट की तरह दिखाता था। सुपर सुपर स्टॉकिस्ट के बाद शुभम की सप्लाई चेन पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हो गई थी। सहारनपुर में पकड़े गए दोनों अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि सिरप की कई खेप रांची से सीधे यूपी और हरियाणा रूट पर भेजी भेजी गई।


### गाजियाबाद में कोडीन सिरप का बनाया था गोदाम

ड्रग विभाग की जांच में सामने आया है कि शुभम ने अपनी फर्म शैली ट्रेडर्स के नाम पर हिमाचल की फर्म से सिरप मंगाने के बाद उसे गाजियाबाद के गोदाम में रखता था। फर्जी फर्मों के कागज तैयार कर उसे आगरा, लखनऊ और वाराणसी तक सप्लाई करता था। वाराणसी से कोडीन सिरप की बड़ी खेप सोनभद्र के रास्ते झारखंड और पश्चिम बंगाल जाती थी। इसके बाद बांग्लादेश और नेपाल तक जाती थी।

## दिल्ली के 10 हजार क्लासरूम में लगाए जाएंगे एयर प्यूरीफायर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को घोषणा की कि छात्रों को साफ हवा देने के लिए 10,000 क्लासरूम में एयर प्यूरीफायर लगाए जाएंगे। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूद ने कहा कि सरकार लंबे समय के प्रशासनिक उपायों के जरिए प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण एक दिन की समस्या नहीं है, इसके लिए लंबे समय तक काम करना पड़ेगा। दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने कहा, 'दिल्ली सरकार के स्कूलों में कुल 38,000 क्लासरूम हैं, और पहले फेज में 10,000 क्लासरूम में एयर प्यूरीफायर लगाए जाएंगे।' उन्होंने पिछली आम आदमी पार्टी सरकार पर तंज कसते हुए कहा, 'हम वो लोग नहीं हैं जो आईआईटी की



डिग्री दिखाते हैं और ऑड-ईवन या गाड़ी ऑन, गाड़ी ऑफ जैसे कैंपेन करते हैं। हम लंबे समय के प्रशासनिक तरीकों से प्रदूषण की समस्या से निपट रहे हैं।' सूद ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार चाहती है कि बच्चे न केवल स्मार्ट तरीके से पढ़ाई करें, बल्कि स्वच्छ हवा में सांस भी लें। उन्होंने आगे कहा, 'हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे स्मार्ट तरीके से पढ़ाई करें और साफ हवा में सांस लें। पहले फेज में 10,000 क्लासरूम में एयर प्यूरीफायर लगाए जाएंगे।'

### बेहद खराब श्रेणी में बरकरार दिल्ली की हवा

राजधानी में गिरते तापमान के कारण प्रदूषण में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। ऐसे में मौसमी दशा अनुकूल रहने के चलते प्रदूषण आज भी बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे से हुई। वहीं, आसमान में स्मॉग की हल्की चादर भी दिखाई दी। इसके चलते कई इलाकों में दृश्यता भी बेहद कम रही। साथ ही, लोगों को आंख में जलन व सांस के मरीजों को परेशानी हुई। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, शुक्रवार सुबह राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 387 दर्ज किया गया है।

## उत्तराखंड को धामी का बड़ा तोहफा, सड़क-रोपवे, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए 183.97 करोड मंजूर

- राजकीय मेडिकल कालेज, रुद्रपुर के निर्माण कार्यों के एस्टीमेट के लिए 35 करोड़ रुपये शामिल
- रुद्रपुर के निर्माण कार्यों के एस्टीमेट के लिए 35 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में सड़क, रोपवे, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा व आधारभूत ढांचे से जुड़ी विकास योजनाओं के लिए कुल 83.97 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने मसूरी तथा रानीबाग (काठगोदाम) से नैनीताल मार्ग पर रोपवे निर्माण के फिजिबिलिटी अध्ययन के लिए 3.30 करोड़, यमनोत्री बड़कोट-पौंटी



मोटर मार्ग के डामरीकरण व हेलीपैड की बाउंड्री निर्माण के लिए 1.89 करोड़, हरिद्वार के मंगलौर-रुड़की आवासीय परियोजना में मार्ग निर्माण के लिए 2.49 करोड़, राजकीय मेडिकल कालेज, रुद्रपुर के निर्माण कार्यों के एस्टीमेट के लिए 35 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की। इसके

> राज्य में सड़क, रोपवे, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा और आधारभूत ढांचे से जुड़ी विकास योजनाओं के लिए कुल 83.97 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इसमें मसूरी और रानीबाग से नैनीताल मार्ग पर रोपवे के फिजिबिलिटी अध्ययन के लिए 3.30 करोड़, यमनोत्री बड़कोट-पौंटी मोटर मार्ग के डामरीकरण और हेलीपैड बाउंड्री निर्माण के लिए 1.89 करोड़, हरिद्वार के मंगलौर-रुड़की आवासीय परियोजना में मार्ग निर्माण के लिए 2.49 करोड़, और राजकीय मेडिकल कालेज, रुद्रपुर के निर्माण कार्यों के एस्टीमेट के लिए 35 करोड़ रुपये शामिल हैं।
>
> -पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

अलावा नगर पंचायत गूलरभोज क्षेत्र के कोपा स्थित श्मशान घाट के निर्माण व नवीनीकरण के लिए 80 लाख, नगर निगम कोटद्वार क्षेत्र में एबीसी सेंटर के निर्माण को 2.68 करोड़ तथा क्लस्टर विद्यालय योजना के अंतर्गत जनपद देहरादून व टिहरी में चिह्नित तीन विद्यालयों के निर्माण कार्यों के लिए 5.46 करोड़ की धनराशि मंजूर की गई। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड निवेश एवं आधारिक संरचना विकास बोर्ड के अंतर्गत शारदा घाट पुनर्विकास परियोजना के निर्माण के लिए 107.35 करोड़ की स्वीकृति दी। साथ ही राज्य के सभी जनपदों में पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय परिसरों में वीसी संसाधनों के माध्यम से साक्षियों की परीक्षा कराने के लिए 21 जनरेटर खरीदने के लिए 15.55 करोड़ तथा जनपद ऊधम सिंह नगर के खटीमा विधानसभा क्षेत्र में बिगराबाग से चकरपुर तक मार्ग को उच्चीकृत कर एक लेन से डेढ़ लेन किए जाने के लिए 9.45 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की।

# साइबर क्राइम से लड़ने के लिए स्टूडेंट्स को बना रहे साइबर योद्धा

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




योगी सरकार साइबर क्राइम के खिलाफ युद्ध में स्टूडेंट को अब साइबर युद्ध बनाने जा रही है। इसी के क्रम में शुक्रवार को एक विशाल साइबर सिक्योरिटी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रयागराज जोन के एडीजी संजीव गुप्ता शामिल हुए।

कार्यशाला में चित्रकूट मंडल के सभी एसपी समेत सभी पुलिसाधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे। वहीं स्थानीय लोग व स्कूली बच्चे भी इस कार्यशाला में सम्मिलित हुए। जिन्हें मुख्यालय से आये साइबर एक्सपर्ट्स ने साइबर अपराध कैसे होता है व इसे कैसे बचा जाए इस संबंध में प्रशिक्षण दिया।

**आये दिन लोग होते हैं साइबर ठगी का शिकार, जिसको लेकर सरकार अलर्ट**

बता दे की आए दिन साइबर ठगी का लोग शिकार हो रहे हैं और साइबर ठग लोगों की गाढ़ी कमाई पर डांका डाल रहे हैं। ऐसे में साइबर अपराध से निपटने के लिए योगी सरकार अलर्ट पर है। और लोगों को साइबर अपराध से बचाने के लिए सरकार साइबर अपराध से संबंधित कार्यशालाओं का भी आयोजन करती है। और स्कूली बच्चों व आम लोगों को साइबर अपराध के बारे में बताया जाए इसको लेकर विशेष कार्यशालाओं का आयोजन करवाया जा रहा है।जिसके क्रम में चित्रकूट धाम मंडल मुख्यालय जनपद में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। और कार्यशाला के माध्यम से साइबर से कैसे बचा जाए इस संबंध में यहां पर आए हुए लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में लोग शामिल हुए।

**ऐप के जरिये भी साइबर ठग लोगों को बनाते हैं शिकार**

साइबर एक्सपर्ट्स रक्षय टंडन ने बताया कि आजकल साइबर अपराध बहुत गया है और रोजाना ऐसे कई मामले सामने आते हैं। ऐसे में साइबर अपराधियों से सतर्क रहने की बहुत जरूरत है और आजकल फ्रॉड कॉल के माध्यम से लोग डिजिटल अरेस्ट हो जाते हैं। और साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं।

तो वहीं मौजूदा समय में एप के माध्यम से भी लोग साइबर ठगों का शिकार हो रहे हैं। क्योंकि साइबर ठग आपके मोबाइल में एप भेज देते हैं। और उसको डाउनलोड करने के बाद मोबाइल का सारा डाटा साइबर ठगों के पास पहुंच जाता है। इसलिए जागरूकता ही बचाव है। और यहां पर आए हुए लोगों को साइबर अपराध के सम्बंध में जागरूक किया गया है।

**एडीजी बोले साइबर अपराधियों से सभी को बचाना है प्राथमिकता**

वही प्रयागराज जॉन के एडीजी संजीव गुप्ता ने बताया कि चित्रकूट मंडल के चारो जनपदों के पुलिस अधिकारियों, जनपद के आमजन, स्कूली बच्चे सभी को इस कार्यशाला में बुलाया गया था और इस कार्यशाला के माध्यम से सभी को साइबर अपराध को लेकर जागरूक किया गया है और बताया गया है कि कैसे साइबर अपराध से बचा जाए। साथ ही यहां पर आए हुए सभी लोगों से यह भी अपील की गई है कि वह लोग अन्य लोगों को भी साइबर अपराध के बारे में बताएं। जिससे कि सभी लोग जागरुक हो सके और साइबर अपराधियों का शिकार न हो।

# मण्डल कारागार में बंद महिला बंदियों से न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने किया संवाद, दी महत्वपूर्ण जानकारी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत गुरुवार को मंडल कारागार में महिला बंदियों के साथ शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश अल्पना, जिलाधिकारी जे. रिभा एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने महिला बैरक में निरुद्ध बंदियों से संवाद किया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला बंदियों को उनकी सुरक्षा, अधिकारों तथा सशक्तीकरण से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। संवाद के दौरान अधिकारियों ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, जिनमें महिला हेल्पलाइन 1090, निःशुल्क विधिक सहायता, आपातकालीन पुलिस व स्वास्थ्य सेवाएं, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रमुख रूप से शामिल रहे। महिला बंदियों को यह भी बताया गया कि रिहाई के पश्चात वे किन सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। साथ ही, किसी भी महिला संबंधी समस्या की स्थिति में सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान आत्मरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक सहयोग, मनो-सामाजिक परामर्श एवं पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। महिला बंदियों ने भी अपने अनुभव और विचार साझा किए। अधिकारियों ने महिला बंदियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, विधिक सहायता, कौशल प्रशिक्षण तथा पुनर्वास से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए भविष्य में सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला बंदियों में आत्मविश्वास जागृत करना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए स्वावलंबी बनाना रहा।

# जिला कांग्रेस ने बलिदान दिवस के रूप में मनाई शहीदों की पुण्यतिथि

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




मां भारती के वीर सपूत काकोरी एक्शन ट्रेन के महानायक पण्डित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, ठाकुर रोशन सिंह की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में जिला कांग्रेस कार्यालय स्टेशन रोड में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में वीर सपूतों के चित्रों पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत माता के तीनों लाल उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर में जन्में ब्रिटिश हुकूमत की कार्यशैली से अत्याधिक दुखी होकर शस्त्र मुहैया होने पर कानपुर के निकट काकोरी में पहुंचकर अंग्रेजों द्वारा ट्रेन से भेजा जा रहे खजाने को लूटा और उससे सक्रिय क्रांतिकारियों को शस्त्र मुहैया कराने का काम किया गया, ब्रिटिश सरकार ने इनकी गिरफ्तारी के लिए जगह जगह छापा मारा गया और इनकी गिरफ्तारी की गई, प्रदेश के विभिन्न जिलों में बन्द मां भारती के वीर सपूतों को फांसी दे दी गई, ऐसे क्रांतिवीरों का राष्ट्र सदैव श्रणी रहेगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कार्यालय मंत्री शिवबली सिंह ने कहा कि ऐसे ही क्रांतिकारियों के त्याग और बलिदान के बदौलत आज प्रत्येक देशवासी खुली हवा में सांस ले रहा है, हमारा दायित्व बनता है कि हम उनके सपनों का भारत बनाने के लिए सदैव तत्पर रहें। इस अवसर पर जिला महामंत्री / मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, राजबहादुर गुप्ता, के पी सेन, शब्बीर सौदागर, बलबीर सिंह, नाथूराम सेन, सुखदेव गांधी, मेहंदी हसन आदि प्रमुख जन उपस्थित रहे।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें डीएम ने लंबित निमार्ण कार्यों को शुरु कर जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। शुक्रवार को कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय मऊ में अतिरिक्त कक्षा, टॉयलेट ब्लाक व कंप्यूटर लैब के निर्माण कार्यों एवं कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय पहाडी में अतिरिक्त कक्षा के अनारम्भ निर्माण कार्य को प्रारम्भ कराये जाने के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड लखनऊ के अधिकारियों के साथ बैठक अयोजित की गयी। जिसमें डीएम ने सम्बन्धितों को समस्त अनारम्भ लंबित निर्माण कार्यों को तत्काल प्रारंभ करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिस पर कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सभी लंबित निर्माण कार्यों को एक सप्ताह के अन्दर प्रारम्भ करा दिया जाएगा। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बी.के. शर्मा सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रशासन की नाक के नीचे किया जा रहा है

## प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से मोरम का अवैध खनन

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

सरीला के इछौरा झिटकिरी मोरम खण्ड 25/9 के बेखौफ और बेलगाम पट्टाधारक ए0एन0 बिल्डर एनजीटी के नियमों को ताख पर रखकर खुलेआम प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से प्रशासन की नाक के नीचे मोरम का अवैध खनन कर शासन को लगा रहे हैं लाखों के राजस्व का चूना। वही भारी भरकम पोकलैण्ड मशीनों से मोरम का अवैध खनन कर शासन प्रशासन को दे रहे हैं खुली चुनौती। जबकि खण्ड के पट्टाधारक और संचालक खनन नीति के खिलाफ जाकर प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से बीस से तीस फिट गहरे गड्ढे खोदकर कर रहे हैं धड़ल्ले से मोरम का अवैध खनन। अब बड़ा सवाल ये है कि प्रशासन इस खण्ड पर कार्यवाही करने की हिम्मत क्यों नहीं जुटा पा रहा है? जबकि खण्ड के पट्टाधारक और संचालक प्रदेश के ईमानदार मुख्यमंत्री और तेजतर्रार खनन निदेशक की मोरम के अवैध खनन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को पलीता लगाने का कर रहे हैं काम। जबकि जिम्मेदार कार्यवाही करने के बजाय मूकदर्शक बने बैठे हैं।

## नाम स्थानांतरण के लिए करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 से आच्छादित पात्र गृहस्थी एवं अन्त्योदय राशनकार्ड में सम्मिलित ऐसी महिला सदस्य जिनकी शादी हो चुकी है और वह अपना नाम मायके के राशनकार्ड से ससुराल में जारी राशनकार्ड में स्थानान्तरित कराना चाहती है। ऐसी महिलाएं इसके लिए ऑनलाइन अथवा आफलाइन के माध्यम से मायके की सम्बन्धित तहसील के पूर्ति निरीक्षक कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज (मायके एवं ससुराल पक्ष के राशनकार्ड की छायाप्रति, विवाहित महिला के आधार कार्ड की छाया प्रति) संलग्न कर जमा कर दें ताकि प्राप्त आवेदन के आधार पर कार्यवाही की जा सके और उनकी ई-केवाईसी हो सकें, अन्यथा की दशा में ऐसी यूनिटें समाप्त हो जायेगी।

## रुकमा बुजुर्ग और घुरेटनपुर के पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सक देंगे सेवाएं

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एस.के. पांडेय ने बताया कि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश के क्रम में नवनिर्मित पशु चिकित्सालय रुकमा बुजुर्ग का संचालन तत्काल प्रभाव से प्रारंभ कराने के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी मारकुंडी डॉ गौरव कुमार सप्ताह में मंगलवार व बृहस्पतिवार तथा पशुधन प्रसार अधिकारी मुकेश कुमार सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को उपस्थित रहकर क्षेत्र के पशुपालकों को विभागीय सुविधाओं से लाभान्वित करेंगे, जिससे क्षेत्र के पशुपालकों को सुविधा प्राप्त हो सके। इसी प्रकार पशु चिकित्सालय घुरेटनपुर में पशु चिकित्साधिकारी डॉ कुलदीप सिंह सप्ताह में दो दिन मंगलवार व बृहस्पतिवार एवं पशुधन प्रसार अधिकारी अजीत प्रसाद साहू सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को उपस्थित रहकर क्षेत्र के पशुपालकों को विभागीय सुविधाओं से लाभान्वित करेंगे ताकि क्षेत्र के पशुपालकों को सुविधा प्राप्त हो सके।

# छात्रवृत्ति बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिन शुक्रवार को छात्रवृत्ति की समीक्षा बैठक की गयी।जनपद में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति (डिग्री स्तर) प्रदान करने वाले जनपद के समस्त शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य /छात्रवृत्ति नोडल अधिकारियों के साथ यह बैठक की गयी। शासन स्तर से निर्गत छात्रवृत्ति समय सारिणी के अनुसार 20 दिसम्बर तक छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जाना है। एवं शिक्षण संस्थाओं के स्तर से छात्रों के डाटा के अग्रसारित किया जाना है। वर्तमान में छात्रों के ऑनलाइन फाइनल सबमिट के सापेक्ष शिक्षण संस्थान के स्तर से अग्रसारण की प्रगति सन्तोषजनक नहीं है जिसके क्रम में सर्वाधिक लम्बित आवेदन रखने वाले शिक्षण संस्थाओं प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारियों को डीएम द्वारा शीघ्र अतिशीघ्र डाटा अग्रसारित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान अतर्रा पी0जी0 कॉलेज, सुखदेव सिंह लवकुश डिग्री कॉलेज कमासिन, स्व0 गया प्रसाद डिग्री कॉलेज भभुवा, राजादेवी डिग्री कॉलेज, प0 जे0एन0 पी0जी0 कॉलेज, गुलाबरानी महाविद्यालय बदौसा, प्रो0 दीनानाथ पाण्डेय महाविद्यालय बदौसा, स्व0 प्रहलाद सिंह स्मारक डिग्री कॉलेज गौरीकलॉ, के0सी0एन0आई0टी0 प्रा0 आई0 टी0 आई0 जनपद, आदि शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी व जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी /जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

# पत्नी को मौत के घाट उतारने वाले हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास की सजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शराब पीकर घर आने का विरोध करने पर पत्नी को मौत के घाट उतारने के मामले में दोष सिद्ध होने पर हत्यारोपी पति को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि बीती 13 मई 2022 को बहिलपुरवा थाने के बड़ी मडैयन गांव के निवासी राजेन्द्र पटेल ने कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने अपनी बेटी फूल कुमारी की शादी लगभग 11 वर्ष पहले सीतापुर चैकी क्षेत्र के बरमपुर गांव निवासी देव कुमार के साथ की थी। बताया कि बीती 12 मई 2022 की रात देव कुमार शराब पीकर घर पहुंचा तो फूल कुमारी ने इस पर आपत्ति जताई। इस पर दोनों के बीच विवाद हुआ। जिसके बाद देव कुमार ने लकड़ी के डंडे से फूल कुमारी पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गई।

खून से लथपथ पत्नी को देख वह भाग निकला। चीख-पुकार पर पहुंचे ग्रामीण और देव कुमार के भाई महेंद्र ने एंबुलेंस से उसको जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत के चलते उसे प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया, जहां स्वरूप रानी अस्पताल में इलाज के दौरान फूल कुमारी की मौत हो गई। इस बात की जानकारी महेंद्र ने फोन द्वारा परिजनों को दी। मृतका के पिता का कहना था कि उनकी बेटी के साथ दामाद अक्सर मारपीट करता था। इसके पहले भी मारपीट और विवाद के बाद वह मायके भी चली आई थी। समझौते के बाद वह वापस ससुराल गई थी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषमणि द्वारा इस मामले में निर्णय सुनाया गया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी देव कुमार को आजीवन कारावास के साथ 10,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

# एडीएम व एएसपी ने लिया मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पौष माह की अमावस्या मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी पुलकित गर्ग व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने रैन बसेरों, रामघाट, टैम्पोस्टैण्ड सीतापुर, यूपीटी तिराहा, बेडीपुलिया सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटि करने एवं श्रद्धालुओं से विन्रमता पूर्वक व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने रैन बसेरों में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बेड की संख्या बढ़ाने तथा अलाव की संख्या बढ़ाने व प्रमुख स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ रखने, शौचालयों की नियमित सफाई एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कहा कि अमावस्या मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इस मौके पर संबंधित अधिकारी एवं नगर पालिका के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद

**चित्रकूट।** पौष अमावस्या के अवसर पर शुक्रवार को मेला क्षेत्र में भरतकूप थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार सिंह, बहिलपुरवा थाना प्रभारी सत्यमपति त्रिपाठी, पहाड़ी थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह व उपनिरीक्षक श्याम देव सिंह ने श्रद्धालुओं के बीच पूरी-सब्जी का वितरण किया। इसी प्रकार कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में महाआरती स्थल पर जनपद बाराबंकी की सामाजिक संस्था उर्विका फाउंडेशन की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में तहरी का वितरण किया गया। इस मौके पर संस्था की उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश बाल अधिकार आयोग की पूर्व सदस्य डॉ शुचिता चतुर्वेदी, सचिव अवधेश श्रीवास्तव, महाआरती के संयोजक डॉ विपिन विराट महराज, प्रमोद गुप्ता, देवेंद्र शुक्ला, प्रेम शंकर गुप्ता, जिला महामंत्री भाजपा आलोक पांडेय, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के रोहित पांडेय, संगठन मंत्री संकल्प कुशवाहा, विजय, पीयूष आदि मौजूद रहे।

## गैंगस्टर के गुनाहगार को दो साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ पांच हजार का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर।** चिकासी में 14 जून 2010 में बदमाशों ने गैंग बनाकर अपने आर्थिक और भौतिक फायदे के लिये आम लोगों में डर का माहौल पैदा किया था। जिसके बाद आम लोगों की शिकायतों पर चिकासी पुलिस ने राठ के ग्राम कैथा निवासी बदमाश अरविन्द पुत्र गोकुल लोधी के खिलाफ मु0अ0सं0-150/2010 धारा-2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। वही आपरेशन कन्विक्शन के तहत गैंगस्टर अदालत के स्कालर जज अनिल कुमार खरवार ने बदमाश अरविन्द को गुनाहगार मानते हुये दो साल की सख्त सजा के साथ ही पांच हजार रुपये का किया जुर्माना। मामले की विवेचना तत्कालीन एस आई आर0एस0एस0 तिवारी ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी। वही अभियोजन की तरफ से एडीजीसी सुशील कुमार त्रिपाठी ने अदालत में जोरदार पैरवी की।

# 'रफ्तार का कहर' बाइक सवार को ट्रक ने रौंदा, दो की मौके पर मौत

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

मुख्यालय के चिल्ला मार्ग के ग्राम दोहतरा के पास मेन रोड पर मोटरसाइकिल यामाहा के बाइक सवार शहर से ललौली जा रहे थे व मोटरसाइकिल हीरो होंडा शाइन में सवार डिघवट गांव निवासी चिल्ला से घरेलू सामान लेकर घर आ रहे थे तभी दोनों बाइको की टक्कर होने के बाद शहर से कानपुर जा रहे ट्रक ने रौंद दिया जिससे टक्कर हो जाने से ट्रक का अज्ञात चालक द्वारा.सरवर पुत्र इसरार अहमद उम्र 25 वर्ष व इशरत खान पुत्र फारूक उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम ललौली थाना ललौली जनपद फतेहपुर के ऊपर चढ़ा देने से दोनों की मौके पर मृत्यु हो गई ।निकल रहे राहगीरों ने थाना प्रभारी चिल्ला अनूप दुबे को सूचना दी मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने शवों को किनारे हटवाकर परिजनों को सूचना दिया तथा ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया वहीं पुलिस ने ट्रक व क्षतिग्रस्त दोनों बाइको को थाना चिल्ला में खड़ा करा दिया है।तथा एक अन्य बाइक सवार जो चिल्ला से दोहतरा गांव जा रहे थे बाइक सवार चालक प्रमोद कुमार पुत्र जयकरण वर्मा निवासी डिघवट का पैर टूट गया तथा दो अन्य इसी बाइक पर सवार युवक भाग खड़े हुए। वही गंभीर रूप प्रमोद कुमार को मेडिकल कॉलेज भेजा तथा जनपद-चिल्ला मार्ग को बहाल कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी किसी भी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

# समाज के पीड़ितों की करेंगे हर संभव मदद: जुगुल किशोर

## ब्राह्मण एकता परिषद की जिला कार्यकारिणी को दिलाई गई शपथ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को परिषद के संरक्षक पंडित जुगुल किशोर तिवारी की मौजूदगी में आयोजित किया गया। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण कराने के साथ ही सात सूत्रीय संकल्प भी दिलाएं। संरक्षक पं. जुगुल किशोर तिवारी ने कहा कि पदभार ग्रहण करना प्रतिष्ठा का विषय नहीं, कर्तव्यबोध का विषय है। समाज के पीड़ितों और जरूरतमंदों की हर संभव मदद करने का प्रयास करें। जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बादल पयासी, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गायत्री पाण्डेय, जिला महामंत्री अरुण मिश्रा, जिला संयोजक विपुल मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याममूरत गौतम, जिला उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी, घनश्याम द्विवेदी, पंकज शुक्ला, अमित त्रिपाठी, जिला संगठन सचिव नीलेश शुक्ला, जिला सचिव ओम नारायण मिश्रा, शैलेन्द्र पाण्डेय, अश्वनी द्विवेदी, कुलदीप उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष शशांक मिश्रा, जिला प्रवक्ता गणेश मिश्र, सदर तहसील अध्यक्ष पंकज तिवारी, कर्वी नगर अध्यक्ष विपिन तिवारी को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी स्मृता त्रिपाठी, प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रताप नारायण पाण्डेय, परिषद की हमीरपुर जिलाध्यक्ष दीपा तिवारी, सुधा तिवारी, डॉ शशांक द्विवेदी, सिद्धार्थ पाण्डेय, राजेश दुबे, विनोद मिश्रा गांगुली महराज आदि मौजूद रहे।

लखनऊ एक्सप्रेस



### संसद का शीतकालीन सत्र स्थगित

शुक्रवार को लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, जिसके साथ ही संसद के 19 दिवसीय शीतकालीन सत्र का समापन हो गया। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए, जिनमें 20 साल पुरानी मनरेगा को निरस्त करने वाला विधेयक... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...



# ग्रीन बेल्ट पर कब्जा, निगम की आंखों में धूल

- एक विभाग बोला, हमारा नहीं, दूसरा बोला, जमीन भी निगम की, जिम्मेदारी भी निगम की
- सड़क डिवाइडर पर अवैध वाशिंग सेंटर, बिजली चोरी और 'मुल्ला जी' पर मेहरबानी से उठे सवाल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**


सड़क के डिवाइडर पर कब्जा, अफसरों की फाइलों में दबा न्याय

1988 में ट्रांसफर, 2025 में भी कब्जा

ग्रीन बेल्ट पर धंधा, कानून मौन

आईजीआरएस बना 'फाइल घुमाओ योजना'?

जनता पूछ रही है सवाल

राजधानी लखनऊ में सरकारी जमीन, ग्रीन बेल्ट और कानून – तीनों को खुलेआम कुचला जा रहा है, और जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर बच निकलने की कोशिश में लगे हैं। राजाजीपुरम एफ-ब्लॉक, सिटी मोंटेसरी स्कूल के पास सड़क डिवाइडर पर वर्षों से संचालित अवैध वाशिंग सेंटर अब नगर निगम लखनऊ की कार्यप्रणाली का पोस्टर बॉय बन चुका है। हैरानी यह नहीं कि कब्जा है, हैरानी यह है कि सब जानते हैं, सब मान रहे हैं, फिर भी कार्रवाई शून्य है। आईजीआरएस संदर्भ संख्या 40015725178 (12/10/2025) पर नगर निगम लखनऊ के अपर नगर आयुक्त की आख्या में साफ कहा गया – 'यह प्रकरण नगर निगम से संबंधित नहीं है।' यानी ग्रीन बेल्ट, सड़क डिवाइडर, अवैध कब्जा, बिजली चोरी सब कुछ होते हुए भी नगर निगम ने पल्ला झाड़ लिया। आईजीआरएस संदर्भ संख्या 40015725 109598 (26/10/2025) पर आवास एवं विकास परिषद की आख्या नगर निगम के दावे की हवा निकाल देती है वर्षों से 'मुल्ला जी' द्वारा अवैध वाशिंग सेंटर का संचालन, मौके पर बिजली चोरी, भूमि ग्रीन बेल्ट / सड़क डिवाइडर, 27 जनवरी 1988 को ही भूमि नगर निगम लखनऊ को हस्तांतरित, 29 अगस्त 2025 को नगर निगम व तहसील कर्मियों द्वारा संयुक्त चिन्हांकन, अग्रिम कार्रवाई पूरी तरह नगर निगम की जिम्मेदारी है। जब सब स्पष्ट है, तो कार्रवाई क्यों नहीं? जब जमीन निगम की कब्जा अवैध चिन्हांकन हो चुका बिजली चोरी तो फिर मुल्ला जी का वाशिंग सेंटर आज भी चालू क्यों? नगर निगम किसके इशारे का इंतजार कर रहा है? क्या ग्रीन बेल्ट पर कब्जा अब 'समझौता नीति' का हिस्सा है?

### 'मुल्ला जी' को किसका संरक्षण?

स्थानीय नागरिकों का आरोप है –

- कब्जा वर्षों से नगर निगम की मौन सहमति से
- शिकायतें आईजीआरएस तक गई
- रिपोर्ट बनीं, चिन्हांकन हुआ
- लेकिन कार्रवाई जानबूझकर रोकी गई

यह मामला अब केवल अतिक्रमण नहीं, संरक्षण, मिलीभगत और संभावित भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है।

### ग्रीन बेल्ट का मतलब कागजों तक सीमित?

ग्रीन बेल्ट का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, राहगीरों की सुरक्षा, यातायात संतुलन मगर जमीनी सच्चाई –अवैध निर्माण, गंदगी और प्रदूषण, सड़क सुरक्षा से खिलवाड़, खुलेआम बिजली चोरी और सब कुछ नगर निगम की नाक के नीचे।

### सीधे सवाल सरकार से

- क्या नगर निगम के जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई होगी?
- क्या ग्रीन बेल्ट कब्जा मामलों में संरक्षण देने वालों की पहचान होगी?
- क्या यह मामला भ्रष्टाचार जांच के दायरे में आएगा?

राजधानी में ग्रीन बेल्ट पर कब्जा और प्रशासन की चुप्पी – यह सिस्टम की विफलता नहीं, बल्कि उसकी मर्जी का सवाल है। अब चुप्पी नहीं, जवाब चाहिए।

# खेल से निखरती प्रतिभा और रोजगार के अवसर : गिरीश चंद्र यादव

- मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलकूद अत्यंत आवश्यक है : विनीत नारायण पाण्डेय
- शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में वार्षिक खेल महोत्सव

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




श्री शारदा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में लखनऊ के गोसाईंगंज स्थिति श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में शुक्रवार को भव्य वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेलकूद केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि प्रतिभा की पहचान और उसे निखारने का सशक्त माध्यम है। खेल बच्चों को सीखने, जानने और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई, लेकिन जो विजेता या उपविजेता नहीं बन सके, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। अगली प्रतियोगिता में बेहतर तैयारी, संकल्प और आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरें। खेल हार-जीत से आगे जीवन का पाठ पढ़ाता है–अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करता है। उन्होंने कहा कि आज खेलों के माध्यम से रोजगार के अवसर भी सुलभ हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में खेलों को व्यापक प्रोत्साहन मिल रहा है। 'खेलोगे-कूदोगे तो भी नौकरी' की सोच के तहत ओलंपिक सहित विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं। हाल ही में कई खिलाड़ियों को क्लास-टू स्तर की नौकरियां मिली हैं और अन्य के लिए प्रक्रिया जारी है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विनीत नारायण पाण्डेय, विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), लखनऊ ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलकूद अत्यंत आवश्यक है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि सकारात्मक सोच, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण भी विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। वार्षिक खेल महोत्सव में क्षेत्र के 35 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिताओं में एकल नृत्य, वॉल पेंटिंग, विचार अभिव्यक्ति 'मेरा स्कूल सबसे श्रेष्ठ', कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, 100, 200 व 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, रस्साकशी, कैरम, शतरंज, बिना आग के भोजन (फूड विदाउट फायर), पोस्टर मेकिंग और रंगोली जैसी अनेक स्पर्धाएं शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की सराहना बटोरी। मैदान पर खेल भावना, अनुशासन और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। संस्थान के चेयरमैन आई.बी. सिंह, वाइस चेयरमैन निर्मेश सिंह एवं डॉ. ज्योति सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी समान महत्व देता है। इससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार होते हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कॉलेज के डीन विवेक मिश्र ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में विजेता और उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन में अनुशासन, उत्साह और खेल भावना की झलक साफ नजर आई।

# कोहरे की चादर में लिपटा प्रदेश

## भीषण ठंड में बाहर निकलना हुआ मुश्किल, 50 जिलों में रेड अलर्ट



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई

उत्तर प्रदेश इस समय कड़ाके की सर्दी और भीषण कोहरे की प्रकोप जारी है। शुक्रवार को लगभग समूचा प्रदेश घने कोहरे में लिपटा रहा। शनिवार के लिए मौसम विभाग ने यूपी के 50 जिलों में अत्यधिक घने कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही तराई और पूर्वी यूपी समेत लगभग 40 जिलों के लिए अत्यधिक शीतदिवस की चेतावनी जारी किया है। यानी इन जिलों में दिन के तापमान में भारी गिरावट के आसार हैं।

### मौसम वैज्ञानिकों ने कही ये बात...

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रविवार से यूपी में लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं। इसके असर से दिन के तापमान में 2 डिग्री तक की बढ़त आएगी। साथ ही कोहरे के घनत्व में थोड़ी कमी आएगी। शुक्रवार को वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर, दिल्ली और उत्तराखंड से सटे जिलों में घने कोहरे की मौजूदगी के साथ सर्द पछुआ हवाएं चलीं। राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। घने कोहरे की वजह से आगरा, बरेली, कुशीनगर और गोरखपुर में सुबह के वक्त दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। बहराईच में 20 मीटर, अलीगढ़ और फर्रुखाबाद में 30 मीटर तक दृश्यता दर्ज हुई।

### इन जिलों में है अत्यधिक घने कोहरे का रेड अलर्ट

कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइन, लखीमपुर खीरी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरेया, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत।

### इन जिलों में दिन के पारे में बड़ी गिरावट के आसार

प्रतापगढ़, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं।

# उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव में नहीं हो पायेगा फर्जी मतदान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी में अगले साल होने पंचायत चुनाव में फर्जी मतदान को रोकने के लिए निर्वाचन आयोग ने दो बड़े फैसले लिए हैं। पंचायत चुनाव में तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा ताकि फर्जी मतदान किस संभावना को पूरी तरह से खत्म किया जा सके। हर मतदाता का फेसियल रिकग्निशन होगा और हर मतदाता का स्टेट वोटर नंबर होगा।मीडिया से मुखातिब राज्य निर्वाचन आयुक्त आरपी सिंह ने बताया कि तकनीक के इस्तेमाल से फर्जी मतदान को रोका जाएगा।यह चुनाव प्रक्रिया में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव होगा। इसके तहत हर मतदान केंद्र पर मतदाता के चेहरे की पहचान की जाएगी। अगर कोई व्यक्ति दूसरे की जगह वोट डालने की कोशिश करेगा तो सिस्टम उसे तुरंत पकड़ लेगा।चुनाव आयुक्त ने बताया कि इस बार पंचायत चुनाव में हर मतदाता को विशिष्ट स्टेट वोटर नंबर अलॉट किया जाएगा।

# मायावती ने की बैठक, कई राज्यों से आए पदाधिकारी, बोलीं, हमारे लोग वोटर लिस्ट से वंचित न रहें

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




लखनऊ में शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आल इंडिया बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में यूपी व उत्तराखंड को छोड़कर अन्य राज्यों के पदाधिकारियों शामिल हुए। मायावती ने चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) अभियान को तत्परता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी के अन्य संगठनात्मक कार्यों को कुछ समय के लिए स्थगित कर इस अभियान पर फोकस करें, ताकि गरीब, मजदूर व बहुजन समाज के लोग वोटर लिस्ट से वंचित न रहें। मायावती ने राज्यवार रिपोर्ट की समीक्षा की। इस दौरान संगठन की मजबूती, जनाधार बढ़ाने व आर्थिक सहयोग पर पिछली बैठकों के निर्देशों का पालन न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कमियों को जल्द दूर करने को कहा। स्ढ्क्रके दौरान हो रही परेशानियों का जिक्र कर अन्य राज्यों को पहले से तैयारी करने की सलाह दी। उन्होंने वोट की ताकत को बाबा साहेब अंबेडकर के संघर्ष से जोड़ते हुए इसे बहुजन समाज के शासक बनने का माध्यम बताया।

### चुनावी व्यवस्था पर उठाए सवाल

मायावती ने कहा कि वोटर लिस्ट शुद्ध करने के साथ धनबल, बाहुबल व सरकारी हथकंडों से मुक्त चुनाव की जरूरत है। बिहार चुनाव में सरकारी धन वितरण से प्रभावित करने के प्रयास को गंभीर बताया। मनरेगा की जगह प्रस्तावित विकसित भारत ग्रामीण रोजगार योजना में केंद्र के अंश घटाने की आलोचना की। 15 जनवरी को बहनजी का जन्मदिन 'जनकल्याणकारी दिवस' के रूप में मनाने के निर्देश दिए। यूपी में मंडल स्तर, अन्य राज्यों में जोन स्तर पर कार्यक्रम होंगे। ङ्कस्क्रसरकार के जनहित कार्यों व महापुरुषों के सम्मान की चर्चा कर बहुजनों को प्रेरित करने को कहा। बैठक में पदाधिकारियों का धन्यवाद दिया।

# नन्द बाबा दुग्ध मिशन : लाभार्थियों, प्रगतिशील पशुपालकों एवं दुग्ध उत्पादकों के साथ संवाद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी में पशुपालन एवं दुग्ध व्यवसाय की महत्वपूर्ण भूमिका
- जनपदों से 170 से अधिक मिशन की योजनाओं के लाभार्थी एवं पशुपालक द्वारा प्रतिभाग किया

उत्तर प्रदेश के दुग्ध विकास विभाग के तत्वावधान में मानवाधिकार आयोग गोमती नगर लखनऊ के प्रेक्षागृह में नन्द बाबा दुग्ध मिशन की योजनाओं के लाभार्थियों एवं प्रगतिशील पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों के साथ संवाद कार्यक्रम प्रमुख सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास मुकेश मेश्राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। संवाद कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से 170 से अधिक मिशन की योजनाओं के लाभार्थी एवं पशुपालक द्वारा प्रतिभाग किया गया। नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों समस्याओं से अवगत कराया गया, जिसमें मुख्य रूप से बैंक ऋण की स्वीकृति में बैंकों द्वारा अपेक्षित सहयोग न करना, ग्रामीण स्तर पर योजनाओं के प्रचार-प्रसार की कमी, योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु व्यवहारिक प्रशिक्षण की आवश्यकता एवं स्वदेशी उन्नत नस्ल के दुधारू गौ-वंश का क्रय बाह्य प्रदेशों से करने में आ रही कठिनाइयों से अवगत कराया गया। पशुपालकों द्वारा अपेक्षा की गयी कि बैंक ऋण की स्वीकृति एवं 3 वर्ष के लिए एकमुश्त पशु बीमा तथा बाह्य प्रदेशों से स्वदेशी उन्नत नस्ल की गाय के क्रय की जानकारी जनपद स्तर पर ही पशुपालकों को सुलभ करायी जाये ताकि अनावश्यक कठिनाईयों का सामना न करना पड़ें।प्रमुख सचिव, पशुधन एवं दुग्ध विकास ने पशुपालकों को अवगत कराया कि नन्द बाबा दुग्ध मिशन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने में पशुपालन एवं दुग्ध व्यवसाय की महत्वपूर्ण भूमिका है। लाभार्थियों स्टेकहोल्डर्स को आश्वस्त किया कि ऋण स्वीकृत में विलम्ब जैसी समस्याओं के समाधान हेतु डीएम की अध्यक्षता में गठित डिस्ट्रिक्ट लेवल बैंकर्स समिति से तथा राज्य स्तर पर गठित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति से उक्त समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। स्वदेशी उन्नत नस्ल की गाय के क्रय में पशुपालकों को समुचित जानकारी के आभाव को ध्यान में रखते हुए यह आश्वस्त किया गया कि मिशन की योजनाओं के चयनित लाभार्थियों को 10-10 के समूह में विभिन्न प्रदेशों में स्थापित गौशालाओं में एक्सपोजर विजिट कराकर अच्छे गौ-वंश के चयन के लिए प्रशिक्षित कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त डेयरी इकाई की स्थापना हेतु एनडीआरआई एवं अन्य अच्छे संस्थानों में पशुपालकों का व्यवहारिक प्रशिक्षण कराया जाएगा। स्वदेशी गौ-वंश के गोबर एवं गौमूत्र से निर्मित उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए सम्बन्धित पशुपालकों स्वयं सहायता समूहों को पुरस्कृत किया जाएगा। संवाद कार्यक्रम में दुग्ध आयुक्त मिशन निदेशक नन्द बाबा दुग्ध मिशन धनलक्ष्मी के द्वारा अपने उद्बोधन में नन्द बाबा दुग्ध मिशन की विभिन्न योजनाओं के संचालन से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि लाए जाने तथा स्वदेशी उन्नत नस्ल के गौ-वंश के पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे अभूतपूर्व प्रयासों को पशुपालकों से साझा किया गया। उन्होंने नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना 25 गायों की इकाई मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना 10 गायों की इकाई एवं मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना 2 गायों की इकाई तथा मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना से पशुपालकों को होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रबन्ध निदेशक पीसीडीएफ वैभव श्रीवास्तव के द्वारा प्रदेश में सहकारी क्षेत्र में ग्राम स्तर पर दुग्ध समितियों के गठन, संचालन एवं दुग्ध उत्पादकों एवं पशुपालकों से दूध क्रय की पारदर्शी व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। विशेष सचिव पशुधन देवेन्द्र पाण्डेय के द्वारा पशुपालकों को आश्वस्त किया गया कि उन्हें पशुपालक से दुग्ध उद्यमी के रूप में स्थापित करने हेतु शासन स्तर से समुचित सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर धनलक्ष्मी के दुग्ध आयुक्त, मिशन निदेशक, नन्द बाबा दुग्ध मिशन, वैभव श्रीवास्तव, प्रबन्ध निदेशक, पीसीडीएफ लि, देवेन्द्र पाण्डेय विशेष सचिव पशुधन राम सहाय यादव विशेष सचिव दुग्ध विकास एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल्द जारी होगा कैशलेस चिकित्सा सुविधा का शासनादेश : केशव

- विधान परिषद में सपा ने उठाया कैशलेस इलाज का मामला
- मुख्यमंत्री की घोषणा का मतलब, लागू होना तय

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



शीतकालीन सत्र में पहले दिन शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को कैशलेस ट्रीटमेंट का मामला समाजवादी पार्टी ने उठाया। मुख्यमंत्री की घोषणा की याद दिलाई।विधान परिषद में आज सरकार ने आश्वासन दिया कि बीते 5 सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को कैशलेस इलाज की सुविधा दिए जाने की जो घोषणा की गई थी, उसका शासनादेश अतिशीघ्र जारी किया जाएगा। सरकार की ओर से नेता सदन और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की जाने वाली घोषणा का मतलब ही होता है कि उस घोषणा को लागू किया जाएगा। सरकार जल्द ही मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के लिए की गई घोषणा को अक्षरशः पालन करेगी और इस बारे में शीघ्र ही शासनादेश जारी किया जाएगा।श्री मौर्य प्रश्नकाल में सपा के डा. मानसिंह यादव ने सवाल उठाया।समाजवादी पार्टी के सदस्य ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री से पूछा कि प्रदेश में वित्तविहीन शिक्षकों को सरकार की तरफ से किसी प्रकार की सुविधा दिए जाने का निर्णय पहली सितम्बर से 15 सितम्बर के बीच लिया गया है या नहीं। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि शिक्षकों को कैशलेस इलाज दिए जाने की घोषणा के तीन माह बीतने के बाद भी अब तक शासनादेश जारी नहीं किया गया है। इस पर नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में 89.25 करोड़ रुपये की सहायता राशि की व्जवस्था की गई है।जल्दी शासनादेश जारी किया जाएगा और संबंधितों कोअतिशीघ्र कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# रोजगार मेला : तकनीकी पद पर 20 हजार की नौकरी

## साक्षात्कार अफसरों जैसा, 10 कंपनियों में 137 युवाओं का चयन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



नौकरी के लिए केवल शैक्षिक योग्यता काफी नहीं है। इसके लिए आप को साक्षात्कार के तौर तरीके, कुशल प्रशिक्षण और संबंधित काम की बारीकियों के बारे में जानकारी होना जरूरी है। शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में अलीगंज स्थित राजकीय आईटीआई परिसर में आयोजित रोजगार मेले में शामिल युवाओं से तकनीकी पद पर करीब 20 हजार रुपये की नौकरी के लिए अधिकारी स्तर के साक्षात्कार लिए गए। लखनऊ की हेमको ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से हेल्पर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर सहित अन्य पदों के लिए प्लेसमेंट आयोजित हुआ। साक्षात्कार हाल में कंपनी तीन प्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें एक महिला और दो पुरुष के बीच एक-एक कर युवाओं को साक्षात्कार देना था। प्रत्येक युवा से 5 से 10 मिनट तक बारी-बारी से साक्षात्कार लिए गए।

### मानों किसी प्रशिक्षु अधिकारी के लिए साक्षात्कार हो...

सीतापुर से पहुंचे उमेश कुमार ने बताया कि कंपनी के तीन प्रतिनिधियों ने बारी-बारी से सवाल पूछे। एक ने शैक्षिक योग्यता, दूसरे ने कुशल प्रशिक्षण और तीसरे ने काम के बारे में जानकारी ली। इनमें पहनावा, बोलने की शैली और भौतिक आधार पर चयन प्रक्रिया तय की गई थी। यह साक्षात्कार पैनल स्तर पर थी, मानों किसी प्रशिक्षु अधिकारी ली जा रही हो। उन्नाव के प्रवेश यादव ने बताया कि लखनऊ की ईवी वर्ल्ड कंपनी की ओर से सेल्स एग्जीक्यूटिव और ईवी सर्विस टेक्नीशियन के पद पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया गया। कंपनी के प्रतिनिधि ने शैक्षिक योग्यता के साथ-साथ सामान्य ज्ञान और देश दुनिया की घटनाओं पर भी सवाल पूछे। बताया कि साक्षात्कार में शामिल होकर बहुत कुछ सीखने को मिला।

### 10 कंपनियों में 137 युवाओं का चयन

अलीगंज राजकीय आईटीआई के प्लेसमेंट अधिकारी एमए खान ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश पर बीपीएल परिवारों के लिए विशेष रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इसमें 10 कंपनियों ने प्रतिभाग किया और 327 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। साक्षात्कार के बाद कंपनियों की ओर से 137 बच्चों को जॉब ऑफर किया गया। प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने बताया कि कंपनियों से अधिक से अधिक बच्चों को नौकरी देने के लिए अनुरोध किया गया और बच्चों से मेहनत और लगन से कार्य करने की प्रेरणा दी।

# त्रिपुरा विधानसभा के प्रतिनिधिमंडल ने देखी यूपी विधानसभा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- दोनों विधानसभाओं की संसदीय कार्य प्रणाली पर हुआ विचार विमर्श



त्रिपुरा विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सभापति राम पाडा जमातिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के अध्ययन भ्रमण के दौरान उत्तर प्रदेश विधानसभा का भी भ्रमण किया।उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर दोनों विधानसभाओं की संसदीय कार्यप्रणाली ,समितियों के कार्य, वित्तीय अनुशासन , सुशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने प्रतिनिधिमंडल को यूपी विधानसभा की कार्यशैली, समितियों की भूमिका एवं लोकतांत्रिक परंपराओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रतिनिधिमंडल 12 दिसंबर से 20 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश के आधिकारिक अध्ययन भ्रमण पर है।यह भ्रमण अंतर विधान सभा सहयोग, अनुभवों केआदान प्रदान तथा संसदीय लोकतंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण किया।

# बंद पड़े सिनेमाघरों में फिर चलेंगी फिल्में, मिलेगी सरकारी मदद

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



जिले में लंबे समय से बंद और खस्ताहाल सिनेमाघरों को फिर से संजीवनी मिलने जा रही है। सरकार ने इन सिनेमाघरों को दोबारा खोलने के लिए एक प्रोत्साहन योजना लागू की है, जिससे दर्शकों को एक बार फिर बड़े पर्दे पर फिल्म देखने का आनंद मिल सकेगा। सरकार की इस योजना के अंतर्गत संचालकों को वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। योजना में जर्जर सिनेमा हॉल को छोटे कॉम्प्लेक्स में तब्दील करने या पुराने को अपग्रेड किया जाएगा। 75 या उससे अधिक सीट के एकल स्क्रीन व नए मल्टीप्लेक्स को बढ़ावा देने की योजना से सिनेमा व्यवसायियों को लाभ मिलेगा। सहायक आयुक्त राज्य कर व प्रभारी जिला मनोरंजन कर राम नरेश प्रसाद ने बताया कि बंद पड़े या घाटे में चल रहे सिनेमाघरों को पुनर्जीवित करने और आधुनिक सुविधाओं से लैस सिनेमाघरों के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। इसका उद्देश्य जर्जर या संचालित न हो रहे छविगृहों को तोड़कर उनकी जगह लघु क्षमता वाले आधुनिक सिनेमा हाल एवं व्यावसायिक काम्पप्लेक्स का निर्माण कराना है। पुराने बंद व संचालित सिनेमाघरों की आंतरिक संरचना में आवश्यक बदलाव कर उन्हें दुबारा शुरू करने व बिना संरचनात्मक बदलाव के बंद पड़े एकल स्क्रीन सिनेमाघरों को पुनरू संचालित करने के लिए सहायता भी प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार ने 75 से अधिक सीट की क्षमता वाले एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण, बिना मल्टी प्लेक्स वाले जिलों में नए मल्टीप्लेक्स खोलने एवं मल्टीप्लेक्स वाले जिलों से और नवीन मल्टीप्लेक्स निर्माण को भी बढ़ावा देने की भी विशेष योजना जारी शुरू की है।

सहायक आयुक्त ने बताया कि सभी बन्द और चालू सिनेमा मालिकों, लाइसेंसियों, प्रबन्धकों, संचालकों तथा अन्य व्यक्तियों, फर्मा और कम्पनियों से अपील की है कि वे प्रोत्साहन योजना का लाभ उठाएं। प्रोत्साहन योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी एवं सहयोग के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिले के सहायक आयुक्त राज्य कर कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

# ट्राई साईकिल एवं उपकरण पाकर खिले दिव्यांग बच्चों के चेहरे

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के निर्देशन एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिकांत सेन के संयोजन में शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय तिलोई के प्रांगण में उपकरण वितरण कैम्प का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार शर्मा खण्ड विकास अधिकारी तिलोई एवं विशिष्ट अतिथि धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी रहे।

इस अवसर पर जनपद स्तरीय सी डब्लू एस एन उपकरण वितरण किया गया। जिसके अंतर्गत वैशाखी 05, हियरिंग एड 26, सी पी चेयर 04, क्रच एल्बो 24, रोलेटर 16 सुगम केन, टी एल एम 35, ट्राई साइकिल 15 एवं व्हीलचेयर आदि उपकरण हेतु समग्र शिक्षा से 92 एवं पीएम श्री विद्यालयों के 02 बच्चों का सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए मापन कैंप कराया गया।मापन कैंप को एलिम्को कानपुर के सहयोग से विकासखंड तिलोई, जगदीशपुर, सिंहपुर, गौरीगंज, शुकुलबाजार एवं अन्य ब्लॉक के दिव्यांग बच्चों को वितरित किया गया।

# रेल मंत्री से मिले पूर्व सांसद परियोजना में तेजी लाने का दिया पत्र

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर तथा श्रावस्ती में नई रेल लाइन परियोजना में तेजी लाए जाने को लेकर शुक्रवार को पूर्व सांसद ददन मिश्रा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। उन्होंने रेल मंत्री को पत्र सौप कर बहराइच-खलीलाबाद रेल लाइन परियोजना की प्रगति से अवगत कराया।

जानकारी के अनुसार 19 दिसंबर को रेल मंत्री को सौंपे गए पत्र में पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा है श्रावस्ती और बलरामपुर के उतरौला तहसील में कोई रेल लाइन नहीं है और कई बुजुर्ग रेलगाड़ी नहीं देख पाए हैं। 2018 में सरकार ने बहराइच-खलीलाबाद वाया भिंगा श्रावस्ती बलरामपुर उतरौला डुमरियागंज 4090 करोड़ की रेल परियोजना को मंजूरी दी थी। इसका शिलान्यास 2 मार्च 2019 को तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल ने किया था। काम शूरू तो जरूर हुआ लेकिन प्रगति धीमी होने के कारण संसदीय क्षेत्र के दोनों जनपदों के लोगों में निराशा व्याप्त है। इस बीच श्रावस्ती को रेल से जोड़ो संघर्ष समिति ने रेल लाइन परियोजना में तेजी लाने का अनुरोध किया है।

संघर्ष समिति का धरना 24 दिसंबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रस्तावित है। पूर्व सांसद ने रेल मंत्री से अनुरोध करते हुए अवगत कराया है कि बहराइच-खलीलाबाद रेल लाइन के निर्माण कार्य में बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर जनपदों में परियोजना की प्रगति शून्य है, इसलिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए। जिससे बहुप्रतीक्षित इस रेल लाइन का निर्माण कार्य समय से पूरा किया जा सके।

## गुमशुदा 19 मोबाइल बरामद, पुलिस ने स्वामियों को सौंपे

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में गुमध्खोए मोबाइलों की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस को सफलता मिली है। सीईआईआर पोर्टल से प्राप्त ट्रेसिंग डिटेल के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 19 मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद मोबाइलों में वीवो, सैमसंग, ओप्पो, रियलमी, वनप्लस, मोटोरोला व रेडमी कंपनी के फोन शामिल हैं। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने सभी मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिए। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह समेत कांस्टेबल अनिल सेन, आरक्षी रिजवान व अनूप की अहम भूमिका रही।

# अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट एमएलके कॉलेज में शुरू

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर की पहचान एमएलके पीजी कॉलेज के हॉकी मैदान पर 1938 से आयोजित होने वाले महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइसमनी हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ शुक्रवार को बलरामपुर स्टेट के महाराज जयेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। पहला मैच केनरा बैंक बेंगलुरु तथा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया हैदराबाद के बीच खेला गया, जिसमें बेंगलुरु की टीम 6-0 से विजयी हुई । दूसरा मैच भुसावल रेलवे तथा हॉकी अकादमी गुजरात के बीच खेला गया जिसमें भुसावल रेलवे की टीम 2-0 से विजई हुई।

जानकारी के अनुसार 19 दिसंबर को एमएलके पीजी कालेज के हॉकी ग्राउंड पर आयोजित होने वाले पांच दिवसीय हॉकी महाकुंभ का शुभारंभ महाराज जयेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। महाविद्यालय के रोवर्स रेंजर्स द्वारा मुख्य अतिथि को मार्च पास्ट कर सलामी दी गई। टूर्नामेण्ट के मुख्य संरक्षक एवं मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह का रसायनशास्त्र विभाग पोर्टिको में स्वागत एवं प्राचार्य प्रो0 जे0 पी0 पाण्डेय द्वारा बुके भेंटकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय की छात्रों द्वारा बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर वेद मंत्रों से मुख्य अतिथि का अभिनन्दन किया गया । मंच पर महाविद्यालय के एएनओ लेफ्टि0 (डॉ0) देवेन्द्र कुमार चौहान द्वारा टूर्नामेण्ट के मुख्य संरक्षक एवं मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष जयेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्राचार्य प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय को ससम्मान सलामी मंच तक लेकर जाकर एनसीसी कैडेटों द्वारा गार्ड ऑफ आनर दिया गया। सचिव, टूर्नामेंट एवं प्राचार्य प्रो0 जे0 पी0 पाण्डेय ने महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रो0 वीणा सिंह, मुख्य नियन्ता ने मुख्य अतिथि महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह को बुके भेंटकर स्वागत किया । डॉ0 राजीव रंजन, विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान विभाग एवं आयोजन सचिव द्वारा मुख्य अतिथि महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह का बैज लगाकर स्वागत किया गया। डॉ0 आलोक शुक्ल, आयोजन सचिव ने टूर्नामेंट अध्यक्ष एवं सचिव, प्रबन्ध समिति कार्नल संजीव कुमार वर्ष्णेय का बैज लगाकर स्वागत किया। डॉ0 बी0 एल0 गुप्ता, क्रीडाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव द्वारा टूर्नामेंट उपाध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव, प्रबन्ध समिति बी0के0 सिंह जी का बैज लगाकर स्वागत किया गया। राहुल कुमार, सह क्रीड़ाध्यक्ष ने टूर्नामेंट सचिव एवं प्राचार्य प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय का बैज लगाकर स्वागत किया गया। प्रो0 मोहिउद्दीन अंसारी ने महाराजा साहब के प्रतिनिधि सुशांत गुप्ता का बैज लगाकर स्वागत किया तथा प्रो0 श्रीप्रकाश मिश्र, समन्वयक, ढ्ढक्तस्न ने टेक्निकल डेलीगेट मो0 रिजवान खान को बैज लगाकर स्वागत किया। अतिथियों के सम्मान में एमएलके पीजी कॉलेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। टूर्नामेंट सचिव प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे ने अपने स्वागत उद्बोधन में मुख्य अतिथि सहित आए हुए सभी अतिथियों तथा दर्शकों का स्वागत अभिनंदन किया। पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज, डिवाइन पब्लिक स्कूल तथा एमएलके पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सभी प्रतिभागियों को भाजपा नेता अजय सिंह पिंकू व संजय रस्तोगी द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया तथा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री अजय श्रीवास्तव द्वारा लंच पैकेट उपलब्ध कराया गया । टूर्नामेंट का पहला मैच केनरा बैंक बंगलुरू बनाम स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया हैदराबाद के मध्य खेला गया । मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ कराया ।

# एसपी ने परखी पुलिस बल की फिटनेस व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड पर आयोजित साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस बल के अनुशासन और तत्परता को परखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परेड की सलामी और अनुशासन पर जोर निरीक्षण की शुरुआत में पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी ली।

परेड में शामिल जवानों की चुस्ती-फुर्ती और सुव्यवस्थित प्रस्तुति की सराहना करते हुए एसपी ने कहा कि नियमित परेड न केवल शारीरिक दक्षता बढ़ाती है, बल्कि पुलिस बल में अनुशासन बनाए रखने के लिए अनिवार्य है। उन्होंने जवानों को हमेशा मुस्तैद रहने का आह्वान किया। परेड के उपरांत एसपी ने पुलिस लाइन परिसर का व्यापक भ्रमण किया। उन्होंने आदेश कक्ष, गार्द रजिस्टर, गणना रजिस्टर, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार और एमटी शाखा का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने जवानों के रहने और खाने की व्यवस्था देखने के लिए आरक्षी मेस, बैरक और रिक्रूट आरक्षी बैरक का भी दौरा किया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर व्यवस्थाओं में कमियां पाई गई, जिसे लेकर उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक को फटकार लगाई और तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता बरती जाए और फाइलों का निस्तारण त्वरित गति से हो।

प्रशिक्षण ले रहे नए रंगरूटों के भविष्य पर जोर देते हुए एसपी ने प्रशिक्षकों को निर्देशित किया कि उन्हें कानून के प्रावधानों, कर्तव्यों और शारीरिक दक्षता की बारीकियों से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि आज का बेहतर प्रशिक्षण ही भविष्य में एक सक्षम पुलिस बल की नींव बनेगा। अंत में, पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिसकर्मियों से अपील की कि वे पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ जनसेवा में जुटें। उन्होंने कहा कि पुलिस का व्यवहार ऐसा होना चाहिए जिससे समाज में सुरक्षा और विश्वास का माहौल मजबूत हो सके और अपराधी भयभीत रहें।

## बालिकाओं को बाल विवाह मुक्त भारत के बारे में किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार व जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन के अनुसार हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिवालय, लोधवारी विकास खंड-राही में बालिकाओं को बाल विवाह मुक्त भारत के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में बालिकाओं को बताया गया कि यदि आपके आसपास कोई भी 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह होता है व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है यदि ऐसा आपके आस पास हो रहा है तो आप 1098 पर सूचित करें साथ ही बालिकाओं को सरकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शेफाली सिंह, जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, कमला फाउंडेशन प्रबंधिका पूनम सिंह, अनुदेशक शालिनी सिंह, सीमा, आदि जनमानस उपस्थित रहे।

# जांच सम्बन्धी साक्ष्य/बयान 05 जनवरी तक दें: नगर मजिस्ट्रेट

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिला मजिस्ट्रेट हर्षिता माथुर के आदेशानुसार 03 अगस्त 2025 को समय 05:00 बजे दुर्घटनाकारी निगम बस, प्रयागराज क्षेत्र प्रयागराज डिपो की निगम बस सं-यूपी-78 केटी-0416 से निगम बस से आगे चल रहे ट्रक पीबी 11 डी0ए0-1367 द्वारा अचानक लालगोपालगंज, प्रयागराज में मृत्यु हो गयी व 1- अमरेश पता पूरे भीम, अरखा रायबरेली 2- आकांक्षा सिंह पत्नी अमित, पता-सी 390/5 इन्द्रा नगर रायबरेली 3- आशुमान पुत्र शशिभूषण पता इटावा अहुह, घौरीचौरा गोरखपुर, 4- सिद्दीकी पुत्र सब्बीर पता बगी पुरानागंज रामपुर 5- गुलफाम पता तिलहर कच्ची गजीद के पास शाहजहों 6- राम दुलारे पुत्र स्व0 मेवालाल पता बादलपुर प्रयागराज घायल हो गये है, के संबंध में है। जिसकी जी0डी0 क्रमांक 328ध्2025 थाना मिल एरिया दिनांक 03.08.2025 अंकित है। उक्त प्रकरण की विधिवत जांच हेतु जांच उ0प्र0 मोटरगाडी कराधान नियमावली 1998 के नियम 30 व 31 के अन्तर्गत जाँच करने हेतु जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा नगर मजिस्ट्रेट को जांच अधिकारी नामित किया गया है। जिसकी जांच नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार द्वारा की जा रही है।

नगर मजिस्ट्रेट ने कहा है कि इस घटना के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई साक्ष्य देना हो अथवा कोई जानकारी देनी हो तो वह नगर मजिस्ट्रेट न्यायालयध्कार्यालय में 29 दिसम्बर 2025 से 05 जनवरी 2026 के मध्य किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 11:00 बजे से 02:00 बजे के मध्य कार्यालय उपस्थित आकर अपना साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

**भारत के लिए 85 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, भारत में 15 फीसद बनता है**

# योगी सरकार में कम हुए महिलाओं पर अपराध: अपर्णा यादव

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने बुधवार को जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां भर्ती प्रसूताओं से बातचीत की। जिन परिवारों में पुत्री का जन्म हुआ था, उन्हें कंबल वितरित किए और सरकार की कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी। कंगारू मदर केयर यूनिट पहुंचकर नवजात के साथ भर्ती माताओं से बात की और वहां की व्यवस्था देख सराहना भी की। कहा कि महिला आयोग और गृह विभाग मिलकर काम कर रहा है, जिसका नतीजा है कि योगी सरकार में महिलाओं पर अपराध कम हुए हैं।

आयोग की उपाध्यक्ष ने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है और कन्या सुमंगला योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने लोगों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। कहा कि एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में अपराधों में कमी आई है। कहा कि समाज को भी महिला अपराधों के प्रति जागरूक होना होगा। अपराध न हो, इस पर कार्य करना होगा। उन्होंने जिले के एक मामले का उदाहरण देते हुए कहा कि दुष्कर्म के मामले में आरोपी को एक माह के अंदर सजा हुई। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। उनका काम बयान देकर केवल चर्चा में बने रहना है। किसी को भी महिलाओं पर अमर्यादित टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा कफ सिरप मामले में फरार प्रियांशू

**रायबरेली।** कोडीनयुक्त कफ सिरप सिंडिकेट से जुड़े दवा कारोबारी दिवाकर सिंह की गिरफ्तारी के बाद बृहस्पतिवार की देर शाम फरार आरोपी प्रियांशू गौतम को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस प्रियांशू से पूछताछ करके मामले में संलिप्त अन्य लोगों को चिह्नित करने का प्रयास कर रही है। हालांकि खीरों थाना प्रभारी प्रियांशू को हिरासत में लिए जाने की बात पर चुप्पी साधे रहे। सीधे तौर पर वह प्रियांशू को हिरासत में लिए जाने का सवाल देने से बचते रहे। पुलिस का मानना है कि दिवाकर के बैंक खातों की जांच से मामले से जुड़े अन्य राज खुल सकेंगे। औषधि निरीक्षक शीवेंद्र प्रताप सिंह की ओर से 18 अक्तूबर 2025 को मिल एरिया थाने में शहर के कल्लू का पुरवा निवासी एवं अजय फार्मा संचालक दिवाकर सिंह के खिलाफ कोडीनयुक्त कफ सिरप की बिक्री करने का केस दर्ज कराया गया था। एफआईआर में दिवाकर के अलावा मेडिसन हाउस बकुलिहा सेमरी के संचालक प्रियांशू गौतम के भी कफ सीरप बिक्री करने का उल्लेख किया गया था। दिवाकर ने साढ़े पांच लाख और प्रियांशू ने एक लाख सिरप की बिक्री रायबरेली के अलावा उन्नाव, श्रावस्ती, लखनऊ में बिक्री की थी।

# 'मांग पूरी होने पर ही खत्म होगी हड़ताल'

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन संबंध आल इंडिया सेंट्रल कार्उसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) द्वारा आशा कर्मियों ने अनिश्चित कालीन हड़ताल के चौथे दिन जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा ने बताया कि जिले में अधिकांश आशा हड़ताल पर हैं। आज चार बीत रहे हैं किंतु सरकार सवालों को हल करने में कोई रुचि नहीं दिखा रही हैं।

अपितु दमन और उत्पीड़न के जरिए हड़ताल को तोड़ने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि **स्वस्थ नारी, स्वस्थ परिवार** का नारा घर घर तक पहुंचाने वाली आशा कर्मियों को सरकार ने कुपोषण में धकेल दिया हैं। 20 वर्ष की बेगार और गुलामी अब और बर्दाश्त की जाएगी। सरकार के वास्तविक चरित्र को आसानी से समझा जा सकता है। यह व्यवहार सरकार के मेहनतकश और महिला विरोधी चरित्र को उजागर करता है। किसी उत्पीड़न और दमन से आशा कर्मियों के सवाल हल नहीं हो जायेंगे और नहीं उनकी लड़ाई रुकेगी। आज हम जिले में आए हैं, 23 दिसंबर को विधान सभा कुछ करेंगे। जिला साहिरा बानो ने कहा कि सरकार और नौकरशाही गुलामी और बेगार के जरिए श्रम और पारिश्रमिक की लूट कर रही हैं। 70 कामों के बदले 70 रु दैनिक भी नहीं देने वाली सरकार दमन के सिवा और कर ही क्या सकती है। पर आशाकर्मी सरकार के हर दमन का मुकाबला करने को तैयार हैं, अब बेगार और भूखे पेट काम नहीं करेंगी।

ऊंचाहार ब्लॉक अध्यक्ष ममता पाल ने कहा कि 1.5 लाख करोड़ का प्रोत्साहन राशि घोटाले की वर्षो से उठ रही मांग को अनसुना कर भ्रष्ट्राचार मुक्त प्रदेश के नारे वाली सरकार का असली चेहरा बेनकाब हो गया है। वर्षो से लाखों रु का पारिश्रमिक बकाया हैं। सरकार उसे भी देने को तैयार नहीं है। कोविड की केंद्रीय अनुतोश राशि, राज्य वित्त का 28 माह का सम्पूर्ण भुगतान, आभा, आयुष्मान कार्ड, गोल्डन कार्ड में योगदान सहित पोलियों, फाइलेरिया, कुष्ठ रोग, संचारी, दस्तक जैसे योगदानों का पैसा डकार लिया सरकार सुनने के बजाय पीटने की कार्यवाही कर रही है। जिला उपाध्यक्ष राधा राजपूत ने कहा कि 2013 में मनमोहन सरकार की अध्यक्षता में हुए भारतीय श्रम सम्मेलन में राज्य कर्मी का दर्जा दिए जाने, न्यूनतम वेतन गारंटी, स्वास्थ्य जीवन बीमा, ईपीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, मातृत्व अवकाश दिए जाने की सिफारिश की गई थी। वे सिफारिशें धूल फांक रही हैं। उनके सवालों को हल किए बिना उनके आंदोलनों को किसी सरकार कोड़े का डर दिखाकर नहीं रोका जा सकता। सरकार को वार्ता बुलाकर आशा कर्मियों की मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर उन्हें पूरा किया जाय। जो प्रदेश की इन महिला कामगारों के बेहतर जीवन से लेकर गांव गली तक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए भी बेहतर होगा।

अन्यथा आशा और संगिनी अबकी बार लंबी लड़ाई के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मैजिस्ट्रेट को दिया गया। कार्यक्रम में अमावा, ऊंचाहार, महाराजगंज, जगतपुर, खीरों सहित कई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की आशा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# मोदी के ओमान दौरे का बड़ा असर, खाड़ी में रणनीतिक बढ़त हासिल कर भारत ने जमाई अपनी धाक

**बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा एक और संदेश देता है कि भारत अब अपनी प्रवासी भारतीय आबादी को केवल भावनात्मक पूंजी नहीं, बल्कि कूटनीतिक शक्ति मानता है। ओमान में बसे भारतीय दशकों से दोनों देशों के बीच सेतु का काम कर रहे हैं और मोदी सरकार ने इस सेतु को नीति का हिस्सा बनाया है। कुल मिलाकर, ओमान में मिला सम्मान, ष्टश्वक्क पर हस्ताक्षर और रणनीतिक संवाद, तीनों मिलकर यह साबित करते हैं कि भारत अब वैश्विक मंच पर अनुगामी नहीं, निर्णायक भूमिका में है। यह कूटनीति दिखावे की नहीं, परिणाम देने वाली है।**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ओमान की राजधानी मस्कट में उस समय ऐतिहासिक सम्मान मिला, जब सुल्तान हैथम बिन तारिक ने उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ ओमान' से अलंकृत किया। यह केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक हैसियत पर मुहर थी। हम आपको बता दें कि पीएम मोदी यह सम्मान पाने वाले दुनिया के उन गिने-चुने नेताओं में शामिल हो गए हैं, जिनमें महारानी एलिज़ाबेथ, नेल्सन मंडेला और जापान के सम्राट अकिहितो जैसे नाम शामिल हैं। यह सम्मान ऐसे समय मिला है जब भारत और ओमान अपने कूटनीतिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा उनके तीन देशों के दौरे यानि जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की अंतिम कड़ी थी, लेकिन महत्व के लिहाज से शायद यह यात्रा सबसे भारी थी। मस्कट पहुंचने पर प्रधानमंत्री को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जो भारत के प्रति ओमान के सम्मान और भरोसे को साफ दर्शाता है। इस दौरे की सबसे बड़ी उपलब्धि रही भारत-ओमान व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (ष्टश्वक्क), जिसने द्विपक्षीय संबंधों को एक नई ऊंचाई दी। यह समझौता इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि इसमें पहली बार भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों यानि ्र्रङ्घस्॥ को औपचारिक रूप से शामिल किया गया है। ओमान ने आयुष सेवाओं और उत्पादों के लिए अपने बाजार के दरवाज़े खोल दिए हैं, जिससे खाड़ी क्षेत्र में भारत की सॉफ्ट पावर को जबरदस्त बल मिलेगा। इसके अलावा, दोनों देशों ने संयुक्त दृष्टि दस्तावेज़ को अपनाया और समुद्री विरासत, वैज्ञानिक अनुसंधान, कौशल विकास, कृषि, नवाचार और व्यापार जैसे क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। 'मैत्री पर्व' कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों और छात्रों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने भारत को 'तेज़ फैसले लेने वाला, समयबद्ध परिणाम देने वाला और वैश्विक मॉडल बनता देश' बताया। देखा जाये तो प्रधानमंत्री मोदी को मिला 'ऑर्डर ऑफ ओमान' सिर्फ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, यह उस नए भारत की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति है जो अब झिझकता नहीं, बल्कि शर्तें तय करता है। बीते एक दशक में मोदी सरकार ने विदेश नीति को औपचारिकताओं से निकालकर रणनीति, व्यापार और सामरिक हितों की ठोस जमीन पर उतारा है। ओमान इसका ताज़ा उदाहरण है। हम आपको बता दें कि ओमान भले ही आकार में छोटा देश हो, लेकिन उसका सामरिक महत्व विशाल है। अरब सागर और हिंद महासागर के संगम पर स्थित ओमान, हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास है, जहां से दुनिया के एक बड़े हिस्से का तेल व्यापार गुजरता है। ऐसे में भारत और ओमान के रिश्ते केवल व्यापारिक नहीं, बल्कि गहरे सामरिक और सुरक्षा आयाम रखते हैं। इसके अलावा, ज़रिये भारत ने साफ संकेत दिया है कि वह खाड़ी क्षेत्र में केवल ऊर्जा का उपभोक्ता बनकर नहीं रहना चाहता, बल्कि निवेश, स्वास्थ्य, तकनीक और नवाचार का भागीदार बनना चाहता है। आयुष को समझौते में शामिल करना भारत की सभ्यतागत ताकत का प्रदर्शन है। यह संदेश है कि भारत अब केवल दवाइयाँ नहीं, जीवनशैली भी निर्यात करेगा। इसके अलावा, रक्षा और समुद्री सुरक्षा के मोर्चे पर ओमान भारत का भरोसेमंद साथी रहा है। भारतीय नौसेना को ओमान के बंदरगाहों तक रणनीतिक पहुंच, हिंद महासागर में भारत की निगरानी क्षमता को कई गुना बढ़ाती है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**वायु प्रदूषण एक सामूहिक अपराध बन गया है जिसमें अपराधी कम और पीड़ित अधिक हैं। अब यह वक्त है जब विकास की परिभाषा में स्वच्छ हवा और सुरक्षित वातावरण को सबसे ऊपर रखा जाए। सरकारें यदि सचमुच राष्ट्र की समृद्धि चाहती हैं, नया भारत-विकसित भारत बनाना चाहती है तो उन्हें सांसों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। अमीर तबके को भी यह समझना होगा कि जिस हवा को वे अपने निवेशों से दूषित कर रहे हैं, वह अंततः उन्हीं की अगली पीढ़ियों की सांसों को रोक देगी। वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण को लेकर किसी किस्म की उदासीनता देश और मानवता के साथ अन्याय होगा।**

# अमीरी की जीवनशैली, प्रदूषण का बोझ और गरीब की त्रासदी



ललित गर्ग

**अब समय है कि इस संकट को केवल पर्यावरणीय मुद्दा न मानकर एक सामाजिक और नैतिक चुनौती के रूप में देखा जाए। हवा का अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन यह अधिकार धीरे-धीरे छिनता जा रहा है। अमीरों को अपनी जीवनशैली पर संयम लाना होगा, अपने निवेशों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर मोड़ना होगा, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों से दूरी बनानी होगी।**

देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आज जिस घातक पर्यावरण संकट से गुजर रही है, वह केवल एक शहर की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश के लिये चेतावनी है। विडंबना यह है कि इस संकट के नाम पर जो तात्कालिक उपाय लागू किए जाते हैं, उनका सबसे बड़ा खामियाजा वही तबका भुगतता है, जिसकी इसमें सबसे कम भूमिका होती है-गरीब और श्रमिक वर्ग। इसी पीड़ा को शब्द देते हुए सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि अमीरों की जीवनशैली से पैदा हुई मुश्किलों का सामना गरीबों को करना पड़ता है। यह टिप्पणी न केवल कानूनी दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और नैतिक चेतना को झकझोरने वाली भी है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने यह मर्मस्पर्शी टिप्पणी की। वरिष्ठ अधिवक्ता और न्यायमित्र अपराजिता सिंह की दलीलों पर गौर करते हुए अदालत ने स्पष्ट कहा कि ग्रैप-4 जैसी सख्त पाबंदियों का सबसे ज्यादा असर गरीबों पर पड़ता है। निर्माण कार्य रुकते हैं, दिहाड़ी मजदूरों की रोजी-रोटी ठप हो जाती है, जबकि प्रदूषण पैदा करने वाली जीवनशैली में शामिल संपन्न तबके पर अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ता। मुख्य न्यायाधीश ने साफ शब्दों में कहा कि समस्या की जड़ अमीरों की जीवनशैली है और समाधान भी वहीं से शुरू होना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अदालत ऐसे प्रभावी और लागू करने योग्य आदेश पारित करेगी, जिन्हें जरूरत पड़ने पर सख्ती से लागू भी किया जा सकेगा। जस्टिस सूर्यकांत का कहना था कि महानगरों में लोगों की अपनी अलग जीवनशैली होती है, जिन्हें वे बदलना नहीं चाहते। यही वजह है कि समस्या अमीरी की वजह से होती है, लेकिन झेलना गरीब को पड़ता है। दरअसल, अदालत की सोच रही है कि हमारा परिवेश-पर्यावरण साफ-सुथरा रहे, इसके लिये हम सबको अपने कुछ सुखों का त्याग करना होगा, अपने जीवन को पर्यावरण के अनुकूल ढालना होगा एवं प्रकृति-एवं पर्यावरण के प्रति सकारात्मक रवैया अपना होगा। यह जानते हुए कि पर्यावरण पर आने वाले संकट व प्रदूषित हवा का अमीर-गरीब पर समान असर पड़ता है फिर भी अमीर लोग इससे बेपरवाह रहते हैं। निस्संदेह, शीर्ष अदालत ने समाज की दुखती रग पर हाथ रखा है। चौड़ी होती सड़कें, नए फ्लाईओवर और हाईवे बनने के बावजूद जाम और प्रदूषण कम नहीं हो रहे। कारण साफ है निजी वाहनों का बेहिसाब इस्तेमाल। एक व्यक्ति, एक कार का चलन न केवल सड़क की जगह घेरता है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन को भी कई गुना बढ़ाता है। कभी ऑड-इवन जैसी योजनाओं पर चर्चा हुई, कार-पूलिंग की बात चली, लेकिन सार्वजनिक परिवहन को सस्ता, सुगम और भरोसेमंद बनाने की इच्छाशक्ति लगातार कमजोर रही। आज एसी, कूलर और अन्य वातानुकूलन साधनों का बढ़ता उपयोग भी पर्यावरण संकट को गहराता जा रहा है। इससे बिजली की खपत बढ़ती है, तापमान में वृद्धि होती है और अप्रत्यक्ष रूप से प्रदूषण का दायरा फैलता है। उद्योगों में भी पर्यावरणीय नियमों का ईमानदार पालन नहीं होता। जल संकट इसका एक और क्रूर उदाहरण है-जहां झुग्गी-बस्तियों में पीने के पानी की किल्लत है, वहीं पॉश कॉलोनियों में लॉन सींचे जाते हैं, कारें धुलती हैं और स्विमिंग पूल भरे रहते हैं। कुदरत ने हवा, पानी और संसाधन सभी के लिये दिए हैं, लेकिन अमीरी के असमान दखल ने इनके वितरण को अन्यायपूर्ण बना दिया है। राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप तो करते हैं, लेकिन ठोस और दीर्घकालिक समाधान सामने नहीं आते। अब समय आ गया है कि सरकार और जनता-दोनों अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएं। सरकार को सार्वजनिक परिवहन को मजबूत, सस्ता और आकर्षक बनाना होगा, उद्योगों पर पर्यावरणीय नियमों का कड़ाई से पालन कराना होगा और शहरी विकास की नीतियों को पर्यावरण-संवेदनशील बनाना होगा। वहीं जनता को भी अपनी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा-अनावश्यक वाहन उपयोग से बचना, ऊर्जा की खपत कम करना, एसी और अन्य सुविधाओं का संयमित इस्तेमाल करना और साझा संसाधनों के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाना होगा। विडंबना यह है कि सत्ताधीशों ने दिल्ली में सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट को सशक्त करने को प्राथमिकता नहीं दी। यदि सार्वजनिक परिवहन सस्ता व सहज उपलब्ध होता तो शायद सड़कों पर कारों का दबाव कम होता। हाल के दिनों में संपन्न व मध्यम वर्ग में एसी व अन्य वातानुकूलन उपायों के उपयोग का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। इससे जहां प्रदूषण बढ़ाने वाली बिजली की खपत बढ़ी है, वहीं बाहर का तापमान व कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ा है। इसी तरह तमाम अमीरों द्वारा संचालित उद्योगों में उन उपायों का ईमानदारी से पालन नहीं किया गया जो पर्यावरण में प्रदूषण कम करने में सहायक होते हैं। सरकारों की नीतिगत विफलता इस बढ़ते वायु प्रदूषण की त्रासदी का बड़ा कारण है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए योजनाएं तो बनती हैं, पर उनमें न तो स्थायित्व होता है, न गंभीरता। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, निगरानी तंत्र कमजोर है, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई नगण्य है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच जिम्मेदारी का बंटवारा अस्पष्ट है। हर साल सर्दियों में दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य शहरों की हवा जहरीली हो जाती है, तब कुछ दिन के लिए 'आपात कदम' उठाए जाते हैं, पर जैसे ही धुंध छंटती है, सब कुछ फिर पहले जैसा हो जाता है। नीतियों में पारदर्शिता का अभाव और उद्योगपतियों का दबाव भी एक गहरी समस्या है। कोयला आधारित उद्योगों, पेट्रोलियम कंपनियों और निर्माण व्यवसाय से जुड़ी लॉबी सरकारों पर ऐसा प्रभाव बनाए रखती हैं कि कठोर कदम उठाना राजनीतिक दृष्टि से असुविधाजनक बन जाता है। स्वच्छ ऊर्जा की ओर संक्रमण को हमेशा 'महंगा विकल्प' बताकर टाला जाता है, जबकि वास्तव में यह निवेश मानव जीवन और पर्यावरण की सुरक्षा में है। वायु प्रदूषण का संकट केवल वातावरण में धूल और धुएं का मामला नहीं है, यह आर्थिक अन्याय, राजनीतिक असंवेदनशीलता और सामाजिक उदासीनता का प्रतीक बन चुका है। जो सरकारें जनजीवन सुधारने का वादा करती हैं, वे हवा की गुणवत्ता सुधारने में विफल रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि वायु प्रदूषण से भारत की अर्थव्यवस्था को हर साल सकल घरेलू उत्पाद का लगभग दस प्रतिशत तक का नुकसान हो रहा है। यह नुकसान केवल पैसों में नहीं, बल्कि मानव संसाधन की हानि, स्वास्थ्य पर बोझ और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट के रूप में भी दिखाई देता है।



**सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी और सोच हमें यही संदेश देती है कि स्वच्छ पर्यावरण के लिये कुछ सुखों का त्याग अनिवार्य है। यदि आज हमने अपनी आदतें नहीं बदलीं, तो आने वाली पीढ़ियों को हम केवल प्रदूषित हवा, सूखते जलस्रोत और असमानता की विरासत ही सौंप पाएंगे।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | अमावस्या 07:13 तक |
| नक्षत्र: | मूल 25:21 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शनिवार |
| योगः | गण्ड, 16:16 |
| सूर्योदय: | 07:09 |
| सूर्यास्त: | 17:27 |
| चंद्रमा: | धनु राशि में |
| राहुकाल: | 09:44-11:01 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | पौष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:58-12:39 |

## जन एक्सप्रेस

### ना लगाओ आग !

*हर तरफ़ है शांति ।*
*ना लगाओ आग ।।*
*जो हैं असली मुद्दे ।*
*रहे क्यों उससे भाग ।।*
*बेमतलब, बेवजह ।*
*आप रहे कुरेद ।।*
*देखकर जनमानस ये ।*
*करता व्यक्त खेद ।।*
*छोड़कर तकरार अब ।*
*राह सही अपनाओ ।।*
*उब गए हैं लोग ।*
*अब ना भय दिखाओ ।।*
*हो सही सलाह ।*
*लाओ ये बदलाव ।।*
*होगा तभी दूर ।*
*दिखता जो अभाव ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# प्रेग्नेंसी में हर महिला को करनी चाहिए तेज वॉक



**प्रेग्नेंसी** के दौरान अगर महिला को बेड रेस्ट के लिए नहीं बोला गया है, तो उन्हें नियमित रूप से एक्सरसाइज करनी चाहिए। इससे सेहत में सुधार होता है और ब्लड फ्लो बेहतर होता है, जो कि गर्भ में पल रहे शिशु के विकास के लिए भी फायदेमंद है। हालांकि, प्रेग्नेंसी में कई महिलाएं हैवी वर्कआउट करने से बचती हैं। ऐसे में उनके लिए तेज चहलकदमी (ब्रिस्क वॉक) करना अच्छा विकल्प है।

**कॉम्प्लीकेशन में कमी:** तेज वॉक करने को आप 'ब्रिस्क वॉक' भी कह सकते हैं। प्रेग्नेंसी में तेज चलने से जेस्टेशनल डायबिटीज का रिस्क कम होता है और ब्लड प्रेशर संतुलित रहता है। कई अध्ययनों से पुष्टि हुई है कि नियमित वॉक करने से डिलीवरी के समय होने वाली जटिलताओं में भी कमी आती है।

**स्वास्थ्य समस्याओं में कमी:** प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को कमर दर्द, कब्ज और पैरों में सूजन जैसी परेशानियां बनी रहती हैं। नियमित ब्रिस्क वॉक करने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है, जिससे इम्यूनिटी बूस्ट होती है और मांसपेशियों को मजबूती मिलती है।

बेहतर मूडः हार्मोनल बदलाव के कारण मूड स्विंग्स और तनाव होना सामान्य है। तेज वॉक करने से शरीर में एंडोर्फिन रिलीज होता है। यह 'फील-गुड' हार्मोन मूड को बेहतर बनाता है और स्ट्रेस मैनेजमेंट में मदद करता है।

**वजन संतुलन:** प्रेग्नेंसी में वजन बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन इसे नियंत्रित रखना जरूरी है। रेगुलर फास्ट वॉक करने से हेल्दी वेट मेंटेन करने में मदद मिलती है। यही नहीं, यह पोस्टपार्टम यानी डिलीवरी के बाद वजन घटाने में भी काफी कारगर साबित होती है।

**बेहतर स्टेमिना:** प्रेग्नेंसी के दौरान थकान बनी रहती है। रेगुलर फास्ट वॉक करने से फेफड़ों और हृदय की क्षमता में सुधार होता है। यह स्टेमिना बढ़ाने और लेबर पेन (प्रसव पीड़ा) के दौरान शारीरिक चुनौतियों का सामना करने में मदद करता है।

**निष्कर्ष:** प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को डॉक्टर की सलाह पर रेगुलर फास्ट वॉक जरूर करनी चाहिए। इससे स्टेमिना, इम्यूनिटी और शिशु के विकास में मदद मिलती है। हालांकि, अगर डॉक्टर ने 'कंप्लीट बेड रेस्ट' के लिए कहा है, तो एक्सरसाइज न करें। चलते समय आरामदायक जूते पहनें और खुद को हाइड्रेटेड रखें।

## एक्सप्रेस विशेष

# बेहतर प्रदर्शन से विधानसभा चुनावों में खुलेगी राह!



उमेश चतुर्वेदी

**बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाने की मदद की हो, लेकिन सवाल यह भी उठता है कि आखिर शशि थरूर को मनाने की कोशिश क्यों नहीं हुई। वैसे जीत के चाहे जो भी कारण रहे हों, अंततः सम्मान विजेता का ही होता है।**

**विधानसभा चुनावों के ठीक पहले राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों ने पार्टी को भारी जीत भले ही न दिलाई हो, लेकिन उत्साहजनक जरूर हैं। ये नतीजे पार्टी के लिए आने वाले दिनों की सफलताओं की बुनियाद हो सकते हैं। हालांकि कांग्रेस समर्थकों की ओर से तिरुअनंतपुरम् की जीत के लिए बीजेपी की बजाय कांग्रेस के नाराज चल रहे सांसद शशि थरूर को दिया जा रहा है।**

**केंद्रीय** सत्ता पर ग्यारह वर्षों से लगातार काबिज भारतीय जनता पार्टी के लिए दक्षिण भारत के चार राज्य प्रश्न प्रदेश रहे हैं। कर्नाटक में उसकी सत्ता आती-जाती रही है। आंध्र प्रदेश में अकेलेदम उसके सांसद और विधायक जीतते भी रहे हैं। तमिलनाडु में डीएमके और अन्नाद्रमुक के साथ दो बार चार सांसद लोकसभा पहुंचाने में भी कामयाब रही। लेकिन उसके लिए सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण केरल रहा है। लेकिन लगता है कि अब दक्षिण के इस दुर्ग में भी अहम सेंध लगाने में राष्ट्रवादी पार्टी कामयाब हो चुकी है। वामपंथ के गढ़ राज्य की राजधानी तिरुअनंतपुरम् नगर निगम पर कब्जे के साथ भाजपा ने ना सिर्फ इतिहास रच दिया है, बल्कि खुद की उम्मीदें भी बढ़ा दी हैं। सुरम्य वादियों और साफ-सफ्फाक समुद्री तटों के साथ हरियाली के चलते केरल को 'भगवान का अपना देश' भी कहा जाता है। इस केरल की 54 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है, जबकि करीब साढ़े फीसद आबादी मुसलमान है। बाकी करीब 19 प्रतिशत ईसाई हैं। भगवान के अपने देश और जनसांख्यिकी आंकड़ों के लिहाज से केरल भारतीय जनता पार्टी के लिए मुफीद भूमि रहा है। लेकिन यहां भारतीय जनता पार्टी अब तक बड़ी करामात नहीं दिखा पाई है। बेशकर राष्ट्रीयय स्वयंसेवक संघ यहां काफी सक्रिय है। फिर भी यहां की राजनीति दो ध्रुवीय रही है। एक तरह मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी-सीपीएम की अगुआई वाला वाम लोकतांत्रिक मोर्चा है तो दूसरी तरफ कांग्रेस की अगुआई वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा। भाजपा यहां तीसरा कोण बनाने की कोशिश अरसे से करती रही है। लेकिन उसे पहली बार सफलता साल 2016 के विधानसभा चुनावों में मिली। तब पार्टी के वरिष्ठ नेता ओ राजगोपाल तिरुअनंतपुरम् सीट से चुने गए। तब पार्टी को करीब दस फीसद वोट मिला, लेकिन अगले यानी 2021 के चुनावों में पार्टी को मायूसी हाथ लगी। लेकिन वोट बढ़कर करीब बारह फीसद हो गए। 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी की उम्मीद जगी, जब लोकप्रिय मलयाली अभिनेता सुरेश गोपी त्रिशूर सीट से पार्टी के टिकट पर विजयी हुए। गोपी इन दिनों केंद्र सरकार में राज्य मंत्री का दायित्व निभा रहे हैं। बेशक पार्टी को केरल में लोकसभा चुनाव में सिर्फ एक सीट मिली, लेकिन पार्टी की वोट हिस्सेदारी बढ़कर 16 हो गई। लोकतांत्रिक राजनीति में सोलह प्रतिशत वोट मामूली बात नहीं होती। कह सकते हैं कि इसके बाद ही पार्टी की उम्मीदों को परवान चढ़ना शुरू हुआ। राज्य में बीजेपी की कमान राजीव चंद्रशेखर के हाथ है। केरल में हुए स्थानीय निकाय चुनावों के लिए उनकी अगुआई में पार्टी ने जमकर पसीना बहाया। इसका नतीजा राजधानी तिरुअनंतपुरम् नगर निगम पर पार्टी का तकरीबन कब्जे के रूप में सामने आया है। तिरुअनंतपुरम् नगर निगम में 101 वार्ड हैं, जिनमें से 50 पर पार्टी के पार्षद जीते हैं। पैंतालिस सालों से इस निगम पर जिस वाममोर्चे का कब्जा रहा, उसे महज 29 सीटें मिलीं हैं, जबकि कांग्रेस की अगुआई वाले मोर्चे को 19 सीटें मिली हैं। बाकी दो सीटों पर निर्दलीयों ने बाजी मारी है। केरल की राजनीति की जिसे समझ है, उन्हें पता है कि यहां वाममोर्चा और कांग्रेस साथ नहीं आ सकते। ऐसे में निर्दलीयों के समर्थन से बीजेपी का मेयर चुना जाना तकरीबन तय है। पार्टी ने कोझिकोड और कन्नूर जैसे वामपंथी गढ़ों में भी सेंध लगाने में कामयाब हुई है। यहां पार्टी ने क्रमशः 13 और 4 सीटें जीतीं हैं। पिछली बार पलक्कड़ नगर पालिका पर उसका कब्जा हुआ था और उस पर उसने अपना नियंत्रण बरकरार रखा है। साथ ही उसने त्रिपुनिथुरा नगर पालिका को भी वाममोर्चे से छीन लिया है। हालांकि पिछली बार जीती पंडालम नगर पालिका को वाममोर्चा ने उससे छीन लिया है। बीजेपी को इस बार कुल पंद्रह फीसद से ज्यादा मत मिले हैं, जबकि उसके साथी दलों का मत प्रतिशत मिला दिया जाए तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बीस फीसद वोट हासिल हुआ है। राज्य में 941 ग्राम पंचायतें हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# पीलीभीत में गिरिराज गोवर्धन लीला का भव्य मंचन

■ रासोत्सव के तृतीय दिवस पर श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं का अद्भुत संगम

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल, पीलीभीत के तत्वावधान में आयोजित रासोत्सव के तृतीय दिवस पर नगर में आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण देखने को मिला। मथुरा-वृंदावन की सुप्रसिद्ध मधुर बिहारी रासलीला मंडल ट्रस्ट द्वारा प्रस्तुत गिरिराज गोवर्धन लीला का भव्य एवं जीवंत मंचन श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का अनुपम अनुभव बन गया। देर रात तक श्रद्धालु पंडाल में उपस्थित रहकर लीला का आनंद लेते रहे।

### महाराज के निर्देशन में प्रभावशाली प्रस्तुति

लीला का निर्देशन स्वामी जयप्रिया शरण जी महाराज के नेतृत्व में किया गया। मंचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण



द्वारा गिरिराज महाराज की पूजा का प्रसंग अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। कथा में दर्शाया गया कि कार्तिक प्रतिपदा के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र पूजा की परंपरा को तोड़ते हुए ब्रजवासियों को गिरिराज पूजन का संदेश दिया और प्रकृति, कर्म तथा आत्मनिर्भरता के महत्व को रेखांकित किया। रासलीला का सबसे मार्मिक और आकर्षक दृश्य तब प्रस्तुत हुआ, जब इंद्रदेव अपने अहंकार में आकर ब्रज में मूसलाधार वर्षा कराते हैं। इस संकट से ब्रजवासियों की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर सात दिन और सात रात तक धारण करने का दृश्य देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। अंततः इंद्रदेव द्वारा क्षमा याचना और भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उन्हें क्षमा प्रदान करने का दृश्य दर्शकों को गहरे आध्यात्मिक भाव में डुबो गया।

### यजमानों का सम्मान, सामाजिक सरोकार का संदेश

कार्यक्रम के मुख्य यजमान एडवोकेट मुरली मनोहर अग्रवाल, अभिलाष अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल एवं सुशील अग्रवाल रहे। मंडल अध्यक्ष विश्वनाथ चंद्र ने सभी यजमानों को ठाकुरजी का प्रसादी अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।इसी अवसर पर यह भी घोषणा की गई कि 24 दिसंबर को थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए अग्रवाल सभा भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस घोषणा ने धार्मिक आयोजन के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का भी संदेश दिया।

### भक्ति, संगीत और अभिनय ने रचा वृंदावन का माहौल

गोकुल ठाकुर जी महाराज सहित रासलीला कलाकारों की सशक्त अभिनय कला, मधुर संगीत, भावपूर्ण संवाद और आकर्षक वेशभूषा ने पूरे पंडाल को मानो वृंदावनमय बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर 'राधे-राधे' और 'गिरिराज महाराज की जय' के जयघोष से वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया।रासोत्सव के तृतीय दिवस की यह प्रस्तुति श्रद्धालुओं के लिए केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति, सेवा और संस्कार का जीवंत संदेश बनकर उभरी।

# गन्ना भुगतान पर सरकार सख्त, जनवरी अंत तक बरखेड़ा चीनी मिल करेगी 55 करोड़ का भुगतान

■ विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज की पहल रंग लाई, किसानों को मिला भुगतान का आश्वासन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बरखेड़ा क्षेत्र के गन्ना किसानों के लंबे समय से लंबित भुगतान का मामला आखिरकार शासन स्तर पर गंभीरता से उठा। उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें विभाग के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित गन्ना समिति की अहम बैठक में समिति सदस्य एवं



महामंडलेश्वर, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने बरखेड़ा स्थित बजाज चीनी मिल पर किसानों का लगभग 55 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान मजबूती से उठाया। बैठक के दौरान विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि भुगतान लंबित होने से क्षेत्र के हजारों गन्ना किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। समय पर भुगतान न मिलने से किसानों की खेती, पारिवारिक जिम्मेदारियां और आगामी फसल की तैयारी प्रभावित हो रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो किसानों की परेशानी और बढ़ेगी। विधायक की बातों को गंभीरता से लेते हुए कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि जनवरी माह के अंत तक बरखेड़ा चीनी मिल द्वारा किसानों का पूरा बकाया भुगतान करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और भुगतान में लापरवाही बरतने वाली चीनी मिलों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया जाएगा। मंत्री के इस आश्वासन के बाद बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के किसानों में राहत और संतोष का माहौल देखा गया। किसानों को उम्मीद जगी है कि लंबे समय से अटका भुगतान मिलने से उन्हें आर्थिक संबल मिलेगा और वे निश्चिंत होकर आगामी फसली कार्यों में जुट सकेंगे। क्षेत्रीय किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस गंभीर मुद्दे को शासन स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने के लिए विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के प्रति आभार जताया।

# पीलीभीत में अवैध गैस रिफिलिंग हादसा ईको कार बीच सड़क पर धू-धू कर जल गई

■ नगर में अवैध गैस रिफिलिंग की खुली पोल, प्रशासन से सुरक्षा की मांग तेज

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शहर के नौगवां चौराहा, बाग़ गुलशेर खां इलाके में बुधवार को एक बार फिर अवैध गैस रिफिलिंग जानलेवा साबित हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, ईको कार में खुलेआम अवैध गैस भरी जा रही थी, तभी अचानक गैस रिसाव के कारण भीषण आग लग गई। चंद मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं



कि आसपास मौजूद लोग दहशत में इधर-उधर भागने लगे। घटना के समय सड़क पर यातायात भी बाधित हो गया। सौभाग्यवश इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार पूरी तरह नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और नगर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर हालात को काबू में किया। लोकल पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग को नियंत्रित किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके में लंबे समय से अवैध गैस रिफिलिंग का धंधा जारी है। इससे पहले भी हादसे हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ढिलाई के कारण यह खतरनाक कारोबार रोक नहीं पाया गया। घनी आबादी और सरकारी कार्यालयों के नजदीक इस तरह की गतिविधियां बड़े हादसे को न्योता दे रही हैं।

### जांच और कार्रवाई की तैयारी

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और अवैध गैस रिफिलिंग में शामिल लोगों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे खतरनाक हादसों को रोका जा सके।

> 'इको गाड़ी में आग लगने की सूचना मिलते ही त्वरित कार्यवाही की गई। आग को नियंत्रित कर लिया गया। घटना की विशेष कारणों की जांच की जा रही है। जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।'
> –दीपक चतुर्वेदी, क्षेत्राधिकार नगर

## एक्सप्रेस खबरें...

### स्टेट टीम ने सरकारी योजनाओं का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। आकांक्षी ब्लॉक पूरनपुर में गुरुवार को छह सदस्यीय स्टेट टीम ने विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं का सघन निरीक्षण किया। टीम ने गांव गुलरिया भूपसिंह और पिपरिया दुलई में स्वास्थ्य,शिक्षा और पंचायत स्तर की व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन किया।निरीक्षण के दौरान टीम ने दोनों गांवों में आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से सीधी बातचीत की। इसके बाद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पंचायत भवन और परिषदीय विद्यालयों का दौरा किया गया। यहां शैक्षणिक व्यवस्थाओं, साफ-सफाई और अभिलेखों की जांच की गई, जिसमें नामांकन, उपस्थिति और शिक्षण गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया।अगले चरण में टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पूरनपुर पहुंची। यहां ओपीडी, भर्ती वार्ड, प्रसव कक्ष, कोल्ड चेन रूम और टीकाकरण इकाई (एमसीबी) सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। प्रसूताओं और भर्ती मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सुविधाओं की वास्तविक स्थिति जानी गई। आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन और अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी आकलन किया गया।टीम ने एमओआईसी डॉ. मनीष राज शर्मा से चिकित्सीय सुविधाओं,स्टाफ की उपलब्धता और अभिलेखों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान टीकाकरण कार्ड में खामियां पाई गईं, जिस पर संबंधित कर्मचारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर सभासद नादिर रजा बरकती ने डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को हो रही दिक्कतों से टीम को अवगत कराया। वहीं, अधिवक्ता त्रिभुवन पांडे ने इमरजेंसी वार्ड के मुख्य गेट के छोटे होने की समस्या उठाई। उन्होंने बताया कि इससे एंबुलेंस के आवागमन में परेशानी होती है और जाम की स्थिति बन जाती है।निरीक्षण में यूनीसेफ स्टेट टीम के डॉ. सत्यवीर, शोध अधिकारी डॉ. शान्तनु व्यास और राजेश बाबू सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। यह वर्ष का अंतिम निरीक्षण था, जिसका उद्देश्य टीकाकरण और स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति का आकलन करना था। टीम ने स्पष्ट किया कि चिन्हित कमियों को शीघ्र दूर किया जाएगा और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

### दुष्कर्म के मामले में समझौता न करने पर हुई मारपीट

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म के एक पुराने मुकदमे में समझौते से इनकार करने पर एक बुजुर्ग महिला को पीटा गया। आरोप है कि हमलावरों ने महिला को घर में घसीटकर लाठी-डंडों और हंसिया से हमला किया,तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव जहूरगंज में 15 दिसंबर की सुबह करीब नौ बजे हुई। जानकारी के अनुसार गांव की गोपिता देवी (पत्नी डोरी लाल) अपने पुराने घर से नए घर की ओर जा रही थीं। रास्ते में गांव के हुकूम चंद्र ने उन्हें रोका और अपनी बहू द्वारा उसके भाई के खिलाफ दर्ज दुष्कर्म के मामले में समझौता करने का दबाव बनाया।महिला के इनकार करने पर हुकूम चंद्र ने उन्हें बाल पकड़कर अपने घर में घसीट लिया। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद हुकूम चंद्र, सुरजीत, सरला देवी और बसंती देवी (हुकूम चंद्र की पत्नी) ने लाठी-डंडों और हंसिया से गोपिता देवी पर हमला किया। महिला को कई गंभीर और अंदरूनी चोटें आई हैं।घटना की जानकारी मिलने पर मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह महिला को हमलावरों से बचाया। पीड़िता के पुत्र हरीश कुमार ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने उन्हें और उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी, यदि समझौता नहीं किया गया।इसके बाद 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के कहने पर पीड़ित पक्ष थाने पहुंचा, जहां से महिला को मेडिकल जांच के लिए पूरनपुर भेजा गया। मेडिकल के बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने हुकूम चंद्र, सुरजीत, सरला देवी और बसंती देवी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### डॉ. लाल पैथलैब्स कलेक्शन सेंटर का भव्य उद्घाटन



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। मैगलगंज में आज स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देते हुए डॉ. लाल पैथलैब्स कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। यह उद्घाटन 19 दिसंबर 2025, शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे श्री इन्द्रजीत सिंह चौहान, एस.एच.ओ., कोतवाली मैगलगंज (खीरी)। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. लाल पैथलैब्स टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सद्दाम अहमद द्वारा किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. लाल पैथलैब्स के खुलने से मैगलगंज और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को विश्वसनीय, सटीक और समय पर जांच सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी, जिससे मरीजों को बड़े शहरों की ओर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।उद्घाटन समारोह में स्थानीय नागरिकों, गणमान्य व्यक्तियों और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

### पुलिस ने फरार चल रहे एक वारंटी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी। सिंगाही थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सिंगाही थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किया गया। वारण्टी अभियुक्त शाहिद अली पुत्र साबिर अली नि0 ग्राम बेनीपुरवा थाना सिंगाही जनपद खीरी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। जो काफी समय से वारंट के बावजूद फरार चल रहा था। शुक्रवार को उपनिरीक्षक केसी तिवारी ने अपनी टीम के साथ उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में कांस्टेबल पोपिल बंसला और कांस्टेबल कुलदीप यादव शामिल रहे।

# ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर नरेंद्र नाथ मिश्रा पंचतत्व में विलीन

■ मुक्तिधाम पर हजारों नाम आंखों के बीच बड़े पुत्र डॉक्टर शैलेंद्र नाथ मिश्रा ने दी मुखाग्नि

■ कई संस्थाओं ने डॉक्टर मिश्रा के निधन पर शोक सभाएं आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष प्रख्यात गौ सेवक एवं समाजसेवी नरेंद्र नाथ मिश्रा 85 वर्ष का बीती शाम लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया जिनका शुक्रवार को दोपहर मुक्तिधाम पर हजारों नम आंखों के बीच उनके बड़े पुत्र डॉक्टर शैलेंद्र नाथ मिश्रा ने मुखाग्नि देकर अंतिम विदाई दी। सुरभी कॉलोनी निवासी रविंद्र प्रसाद द्विवेदी के निवास पर श्री राम आश्रम सत्संग केंद्र पीलीभीत के आचार्य राम प्रकाश अवस्थी द्वारा डॉक्टर मिश्रा के निधन पर मौन धारण कर सभी सत्संगियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की इसी के साथ ब्राह्मण कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेश मिश्रा ब्राह्मण सेवा समिति के



प्रदेश अध्यक्ष अरुण भारद्वाज एडवोकेट पत्रकार ,ड्रग एसोसिएशन ,इंडियन मेडिकल एसोसिएशन संयुक्त बार एसोसिएशन ,अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा आदि संस्थाओं द्वारा डॉक्टर नरेंद्र नाथ मिश्रा के निधन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई अरुण भारद्वाज ने कहा कि डॉ नरेंद्र नाथ मिश्रा अपने चिकित्सिकीय, समाज सेवी कार्यो के लिए युगो तक याद किए जाएंगे उल्लेखनीय है कि डॉक्टर नरेंद्र नाथ मिश्रा ने जीवन परतंत्र देवीपुरा गौशाला रामलीला मैदान स्थित पिंजरा पोल गौशाला आदि गौशालाओं में हमेशा गौ माता के लिए भूसा हरे चारे की व्यवस्था उनके द्वारा की जाती रही शुक्रवार दोपहर मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार में नगर के प्रख्यात चिकित्सकों समाजसेवियों अधिवक्ताओं राजनेताओं में राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के भाई विजय सिंह गंगवार, मनोज पटेल ,उपेंद्रनाथ मिश्रा, डॉक्टर पीडी सिंह ,डॉ प्रभाकर शर्मा, जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व देव दीपक पांडे, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी महेंद्र गंगवार, जिला शासकीय अधिवक्ता दीवानी हर्षवर्धन पांडे, रघुवीर चरण टेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण भारद्वाज एडवोकेट पत्रकार, डॉक्टर के एन तिवारी डॉक्टर आदित्य पांडे राजीव त्रिपाठी गुड्डू डॉक्टर संजीव अग्रवाल रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ अनिल सक्सेना संजय सिंह गंगवार के कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा अनूप त्रिवेदी अखिलेश वर्मा रतन नाथ मिश्रा नितेंद्र नाथ मिश्रा अमरीश शर्मा अंबू डॉक्टर सौरभ शर्मा विवेकशर्मा सहित सैकड़ो गढ़ मान्य नागरिकों ने डॉक्टर नरेंद्र नाथ मिश्र को अंतिम विदाई दी।

# नवजात की संदिग्ध मौत पर प्रशासन सख्त: कब्र से निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा शव

■ अस्पताल लापरवाही की जांच में जुटा प्रशासन, रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जिला अस्पताल से संबद्ध महिला अस्पताल में प्रसव के बाद नवजात की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों ने डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही और नवजात के सिर में चोट लगने का आरोप लगाया, जिसके बाद प्रशासन ने तुरंत सख्त कदम उठाया।नवजात के शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर ही यह तय होगा कि मौत स्वाभाविक थी या चिकित्सकीय लापरवाही हुई।

### परिजनों के आरोप और प्रशासन की प्रतिक्रिया

मामला शहर के मैत्री बाग निवासी मृदुल सिन्हा से जुड़ा है। परिजनों के अनुसार, 2 दिसंबर को प्रसव पीड़ा होने पर महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। 3 दिसंबर को नवजात जन्मा, लेकिन जन्म के कुछ समय बाद उसकी मृत्यु हो गई। परिवार का आरोप है कि अस्पताल स्टाफ ने घटना के बाद उन्हें डराया-धमकाया और कागजातों पर दबाव में हस्ताक्षर कराए।

### जिलाधिकारी की त्वरित कार्रवाई

शिकायत की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को मजिस्ट्रेटी निगरानी में कार्रवाई की गई। नायब तहसीलदार और सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आवश्यक पंचनामा कार्रवाई के बाद नवजात के शव को कब्र से बाहर निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

### निष्पक्ष जांच का भरोसा और प्रशासन में हड़कंप

जांच रिपोर्ट आने के बाद ही नवजात की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा। यदि लापरवाही या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो जिम्मेदार डॉक्टरों और स्टाफ के खिलाफ सख्त कानूनी और विभागीय कार्रवाई की जाएगी।इस घटना ने न केवल एक परिवार के दर्द को उजागर किया है, बल्कि सरकारी अस्पतालों में प्रसूता और नवजात की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल परिजन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं और प्रशासन ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया है।

# छाउछ में आकार ले रहा 300 क्षमता का ऑडिटोरियम, सीडीओ ने परखी गुणवत्ता

■ 18*34 मीटर का भव्य हॉल, स्टेज सहित आधुनिक निर्माण, स्टाफ रूम व आठ आवासों का भी निर्माण प्रगति पर

■ नया ऑडिटोरियम शैक्षिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बनेगा मंच

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



लखीमपुर खीरी। 19 दिसंबर को जिले की बहुप्रतीक्षित सुविधा अब जल्द ही साकार होने जा रही है। छाउछ स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में निर्माणाधीन 300 सीट क्षमता वाला आधुनिक ऑडिटोरियम तेजी से आकार ले रहा है। जिला मुख्यालय पर ओपन ऑडिटोरियम के अतिरिक्त, ऐसा अत्याधुनिक और 300 क्षमता वाला ऑडिटोरियम कोई भी नहीं है, इसलिए यह परियोजना जनपद वासियों के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे सीडीओ अभिषेक कुमार ने डाइनिंग हॉल, ऑडिटोरियम-कम-कॉमन हॉल, स्टाफ रूम और आवासीय भवनों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता बर्दाश्त नहीं होगा, और सभी निर्माण सामग्री मानक के अनुरूप होनी चाहिए।परियोजना को 30 अगस्त 2024 को स्वीकृति मिली थी, जिसकी कुल लागत 6.31 करोड़ रुपये है। निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण निगम लिमिटेड (यूपी-सिडको) द्वारा कराया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि 18म34 मीटर क्षेत्रफल में ऑडिटोरियम हॉल तैयार किया जा रहा है, जिसमें 300 लोगों के बैठने की क्षमता वाले आकर्षक स्टेज का निर्माण शामिल है। इसके बगल में स्टाफ रूम और आठ टाइप-2 आवास का निर्माण कार्य भी तेजी पर है।सीडीओ ने निर्देश दिए कि निर्माण में तेजी लायी जाए और परियोजना समयसीमा के भीतर पूरी हो। उनका कहना है कि इस ऑडिटोरियम के बन जाने से जिले में शैक्षिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए नया मंच तैयार होगा और छात्रों को आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

# भारत नेपाल सीमा के बॉर्डर पर पहुंचे सीएमओ, पोलियो बूथ पर स्वयं बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

■ सीएमओ बोले- शीत लहर के दृष्टिगत सीएचसी पर मरीजों के लिए बनाए गए हैं रैन बसेरे, हीटर व ब्लोअर की भी है व्यवस्था

■ भारत नेपाल सीमा पर बनी गोरीफंटा सीएचसी पर मरीजों को मिल रही है ईसीजी की सुविधा

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



अचानक बड़ी ठंड के दृष्टिगत बढ़ाई गई स्वास्थ्य सेवाओं के निरीक्षक को शुक्रवार की सुबह सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया पहुंच गए,जहां उन्हें अधीक्षक डॉ भरत सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित मिला। इसी के साथ उन्होंने पीएचसी गोरीफंटा का भी निरीक्षण किया। भारत-नेपाल सीमा पर बनाए गए पोलियो बूथ का भी उन्होंने निरीक्षण किया,जहां पर उन्होंने कुछ बच्चों को स्वयं पोलियो की दवा पिलाई। इस दौरान एसएसबी के अधिकारी व जवान भी मौजूद रहे।सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि मौसम में परिवर्तन हुआ है। ठंड के बढ़ते प्रकोप के दृष्टिगत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर ठंड से निपटने के लिए मरीजों व उनके तीमारदारों को सुविधा दी जा रहीं हैं। इसी के दृष्टिगत उन्होंने सीएचसी पलिया का निरीक्षण किया है, जहां पर अधीक्षक डॉ भरत सिंह सहित फिजिशियन डॉ अजीत सिंह, इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर, फार्मासिस्ट, एएनएम व अन्य स्टाफ मौजूद मिला। इस दौरान उन्होंने प्रसूता महिलाओं से दी जा रही डाइट के बारे में जानकारी की। पलिया सीएचसी पर रैन बसेरा भी बनाया जा चुका है। हीटर व ब्लोअर की व्यवस्था भी वार्डो में की गई है। पीएचसी गोरीफंटा पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अब्बास, सीएचओ व अन्य ड्यूटी स्टॉप मौजूद मिला। बॉर्डर क्षेत्र में हृदय संबंधी रोगों के दृष्टिगत ईसीजी सुविधा भी दी जा रही थी। इसके बाद वह भारत नेपाल सीमा पर बनाए गए अस्थाई पोलियो बूथ पहुंचे जहां पर उन्होंने स्वयं बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। उनके साथ एसएसबी के अधिकारी व जवान भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि दोनों देश की सीमाएं सिर्फ एक दूसरे को जोड़ती ही नहीं, अपितु रोजी-रोटी का रिश्ता भी निभा रही है।ऐसे में बॉर्डर पर बनाया गया पोलियो का यह बूथ दोनों ही देश के बच्चों को पोलियो की बीमारी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सरकारी नियमों को ठेंगा दिखाते हुए प्रधान ने बनवा लिया अपना ही प्रधानमंत्री आवास

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

तहसील मोहम्मदी के अंतर्गत ग्राम पंचायत खेरिया मिश्र के वर्तमान प्रधान सुधीर शर्मा ने सारे नियमों को ठेंगा दिखाते हुए अपना ही प्रधानमंत्री आवास का निर्माण करवा लिया जबकि एक तरफ जनता को सरकारी आवास के लिए दरबदर की ठोकरे खानी पड़ रही है तो वहीं प्रधान जी ने अपने ही नाम से प्रधानमंत्री आवास का लाभ लेकर अपना मकान बनवा लिया जबकि मानकों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास लिखा हुआ उक्त कॉलोनी पर बोर्ड लगा होना चाहिए लेकिन प्रधान जी ने बोर्ड को लगवाना उचित नहीं समझा जबकि लाभ तो प्रधानमंत्री आवास का लिया है लेकिन उसके नाम का बोर्ड लगवाना उनके नाम की तोहीन होती तो उसे ठेंगा दिखा दिया है सवाल यह उठता है की वर्तमान में मौजूद प्रधान ने आखिर अपना आवास कैसे स्वीकृत कर लिया जबकि सरकार के मानकों के अनुसार एक पक्की दीवार वाले आवास नहीं पास होता है तो प्रधान जी का कैसे पास हो गया सवाल या उठाता है क्या प्रशासन के कर्मचारी सिर्फ पदासीन लोगों का ही कार्य करने में अपनी जिम्मेदारी समझते हैं एक आम आदमी के लिए सैकड़ो नियम लागू हो जाते हैं तब कहीं जाकर वह सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो पता है आखिर ऐसा प्रधान जी ने क्या किया कि मौजूदा प्रधान होते हुए तथा पक्का मकान बना होते हुए भी सरकारी आवास का पैसा डकार गए देखना यह है कि प्रशासन अब इस पर क्या कार्यवाही करता है।

# चिरपुरा मौरंग खंड में नियमों की अनदेखी धर्मकांटा, सीसीटीवी कैमरे नदारद

जन एक्सप्रेस | शत्रुघ्न सिंह



**उरई।** जे.एम कोर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से चिरपुरा मौरंग खंड संख्या 2 की स्वीकृति हुई थी। जिसके निदेशक अजय पाल सिंह परमार है, जो मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के निवासी है। मौरंग खंड संचालन इन्हीं के द्वारा शुरू किया गया था।शुरुवाती दिनों से ही संचालन संदिग्ध था, इस खंड में योगी प्रशासन के सारे नियमों को तोड़ना ही मकसद है, क्योंकि सरकार ने मौरंग चोरी रोकने के लिए सभी मौरंग खंडों में धर्मकांटा और सीसीटीवी लगाने के सख्त निर्देश दिए थे। जिससे कि मौरंग चोरी ने कमी आ सके। जिसके लिए विभाग के मुखिया को खंड शुरू होने के पूर्व धर्मकांटा और सीसीटीवी देखकर ही प्रपत्र यानी एमएम 11 जारी करना चाहिए था। अब ऐसा हुआ या नहीं ये तो विभाग को भी मालूम नहीं है। धर्मकांटा और सीसीटीवी का मकसद योगी सरकार ने इसलिए आवश्यक किया था कि पिछली सरकारों में मौरंग की भारी लूट के चलते काफी फ़जीयत झेलनी पड़ी थी। मौरंग की चोरी को रोकने के लिए धर्मकांटा और सीसीटीवी प्रत्येक खंड पर लगाना जरूरी किया गया था, लेकिन यह नहीं हो सका। जिससे मौरंग की चोरी धड़ल्ले से जारी है। इसके अलावा मौरंग को नदी के तल से उठाने के भी नियम है, जिसको नजर अंदाज किया जा रहा है। मौरंग नदी के तल से तीन मीटर से अधिक की गहराई तक ही निकाल सकते है। इसको भी ठेकेदार धता बता रहा है। पोकलैंड मशीनों से 20 से 30 फुट तक मौरंग खनन किया जा रहा है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने जिस नियम को पूरे देश में लागू किया है। उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड के जालौन में ठेकेदार नजरअंदाज कर रहे है। चिरपुरा मौरंग खंड संख्या 2 में धर्मकांटा और सीसीटीवी को न लगाकर ठेकेदार के गुर्गे सरकार को करोड़ों की चपत लगा रहे है। रामू नाम का किराए का ठेकेदार सारे गलत कार्य का जिम्मा लेता है। सबसे बड़ी बात है जब भी प्रशासन ने सख्ती की है तब उनको बड़ी सफलता हासिल हुई है। मौरंग खंड आने वाले ट्रकों की चेकिंग में आधा आधा सैकड़ा गाड़ियां एक दिन में पकड़ी गई है, तो फिर चेकिंग नियमित क्यों नहीं होती चेकिंग से सरकार को भारी राजस्व की प्राप्ति होती है। लेकिन एआरटीओ चेकिंग को नियमित नहीं कर सकता। दूसरा खनन विभाग का विभागाध्यक्ष समय समय पर चेकिंग क्यों नहीं करता शायद पूरे वर्ष में विभाग के द्वारा किसी खंड में जाकर चेकिंग की गई हो। इसी से बेफिक्र होकर ठेकेदार मनचाहा खनन कर रहा है, जिम्मेदार बेपरवाह होते दिखाई दे रहे है। जिसके चलते सरकार को भारी राजस्व को चपत लगाने में ठेकेदार आगे दिख रहे है। इस संबंध में जब संवाददाता ने जिला खनिज अधिकारी शनि कौशल से मोबाइल नंबर 8885734825 पर बात करनी चाही तो उन्होंने फोन नहीं उठाया दो बार पूरी घंटी बजती है, लेकिन खनिज अधिकारी फोन नहीं उठाते। फोटो परिचय 1

## घने कोहरे के चलते बम्बे घुसा डंपर, चालक की मौत

**कालपी।** कोतवाली क्षेत्र में जोल्हूपर-हमीरपुर मार्ग पर ग्राम जयरामपुर के पास घना कोहरा होने के कारण डंपर बंबा में चला गया।हादसे में चालक की केविन में फंसकर मौत हो गई।कानपुर देहात के ग्राम अजइयापुर थाना सट्टी निवासी प्रदीप कुमार 29 वर्ष डंपर चलाकर पत्नी लवली देवी व पुत्र कुनाल, पुत्री लाडो की भरण पोषण करता था। वह करीब दो साल से भोगी सागर निवासी विवेक कुमार का डंपर चला रहा था। मौरंग के घाटों से उसे लोड करके दूसरे जिलों में जाता था। गुरुवार की रात वह मोहर देवी घाट से मौरंग भरकर भोगनीपुर जा रहा था। रात करीब 11 बजे जोल्हूपर-हमीरपुर मार्ग पर ग्राम जयरामपुर के कोहरा होने के कारण बंबा में चला गया। जिससे चालक प्रदीप केबिन में फंस गया और केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से डंपर को बाहर निकाला और चेचिस काटकर चालक को निकाला लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद भाई सतीश पहुंच गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस | उरई

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद मुख्यालय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस प्रथम एवं द्वितीय का प्रस्तावित त्रैमासिक स्थलीय निरीक्षण राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान समस्त वेयरहाउसों को खोलकर ईवीएम लॉग-बुक का अवलोकन किया तथा आवश्यक टिप्पणियां अंकित की। निरीक्षण उपरान्त जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम का अवलोकन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष कराया गया।

इस दौरान प्रतिनिधियों को सीसीटीवी कैमरों की लाइव वीडियो फुटेज भी दिखाई गई। इसके अतिरिक्त जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल सेंटर कक्ष तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए स्थापित हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया। कंट्रोल सेंटर के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एडीएम (वित्त/राजस्व)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय सिंह, एसडीएम उरई/ इंचार्ज ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस नेहा ब्याडवाल सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें सपा से जमालउद्दीन, बीजेपी से शान्ति स्वरूप महेश्वरी, बीएसपी से डा. बृजेश जाटव, कांग्रेस से कमल दोहरे शामिल रहे।

# एसपी ने लापरवाही बरतने पर थाना इंचार्ज समेत दो चौकी प्रभारी किए निलंबित

जन एक्सप्रेस | उरई

**पीड़ितों की उपेक्षा और कार्यों में शिथिलता किसी भी कीमत पर नहीं की जाएगी बर्दाश्त, एसपी दुर्गेश कुमार**

एसपी ने कार्यों में लापरवाही बरतने पर खड़ा रुख अख्तियार कर थाना इंचार्ज समेत दो चौकी प्रभारियों पर निलंबित की कार्रवाई की गई है। जनपद में लंबित विवेचनाओं और पुलिस कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बड़ी कार्रवाई की है। एडीजी कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशों के क्रम में, एसपी ने सख्त रुख अपनाते हुए एक थाना प्रभारी और दो चौकी प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिसमें रेंढर थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह , उरई कोतवाली की बल्लभ नगर चौकी के प्रभारी और कोंच कोतवाली की सागर चौकी के प्रभारी दिलीप मिश्रा पर निलंबन की गाज गिरी है।जिसमें रेंढर थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह , उरई कोतवाली की बल्लभ नगर चौकी के प्रभारी और कोंच कोतवाली की सागर चौकी के प्रभारी दिलीप मिश्रा पर निलंबन की गाज गिरी है। इन अधिकारियों पर मुकदमों की जांच में अनावश्यक देरी करने, समय पर निस्तारण न करने और पीड़ितों की समस्याओं की अनदेखा करने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। एसपी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि पीड़ितों की उपेक्षा और कार्यों में शिथिलता किसी भी कीमत पर सहन नहीं की जाएगी।

# आईजी झांसी आकाश कुलहरि का उरई कोतवाली निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | उरई



झांसी परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) आकाश कुलहरि ने शुक्रवार को कोतवाली उरई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर के प्रत्येक हिस्से का बारीकी से जायजा लिया और व्यवस्थाओं की स्थिति परखीं। आईजी ने साफ कहा कि पुलिस व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही भ्रष्टाचार या अनैतिक आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान आईजी आकाश कुलहरि ने कोतवाली उरई में जनसुनवाई भी की। जनसुनवाई में आई फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान महिला हेल्प डेस्क, महिला शक्ति केंद्र, साइबर सेल सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों का भी निरीक्षण किया गया। आईजी ने महिला संबंधित मामलों में संवेदनशीलता गोपनीयता और त्वरित कार्रवाई पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान एक गंभीर मामला सामने आने पर आईजी झांसी ने कड़ा कदम उठाया। एट थाने में तैनात उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। पीड़ित महिला द्वारा आईजी को अपनी पीड़ा बताते हुए शिकायत की गई थी जिसमें दरोगा पर एक मामले में रुपये के लेन-देन का आरोप लगाया गया। साथ ही पीड़िता महिला ने दरोगा द्वारा व्हाट्सएप पर **हैलो-हाय** जैसे अनुचित संदेश भेजने की बात भी बताई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी ने जांच के आदेश दिए। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक जालौन कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक फूलचंद्र (बड़े बाबू) को भी पत्रावलियों में हेरफेर के आरोप में आईजी झांसी ने निलंबित कर दिया। इस संबंध में भी विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए हैं। आईजी आकाश कुलहरि की इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में अनुशासन और पारदर्शिता का स्पष्ट संदेश गया है कि शिकायत चाहे किसी के खिलाफ हो दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई तय है।

# रजाई, गद्दे ठीक हो और सफाई के लिए कर्मचारियों की तैनाती करें : प्रियंका सिंह




जन एक्सप्रेस | शाहाबाद

विगत दिवस देर रात एडीएम वि0रा0 प्रियंका सिंह ने भीषड़ शीत लहरी के दृष्टि गत नगर पालिका परिषद शाहाबाद द्वारा बनवाये गये रैन बसेरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने ईओ को निर्देश दिये कि रैन बसेरों में महिला व पुरूष के लिए अलग-अलग व्यवस्था करायें तथा रैन बसेरों में रजाई, गद्दे ठीक हो और साफ-सफाई के लिए कर्मचारियों की शिफ्टों में डियुटी लगाये। उन्होने ईओ से कहा कि रैन बसेरों के पास एवं नगर के मुख्य-मुख्य चौराहों आदि स्थानों पर आम लोगों की राहत के लिए अलाव जलवायें और रैन बसेरों में आने वाले यात्रियों एवं असहाय लोगों से कर्मचारी अच्छा व्यवहार करें।

# पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर नगदी व बाइक सहित गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | हरदोई



जनपद में पशु चोरियों में शामिल रहे पशु तस्कर को सवायजपुर पुलिस ने गुरुवार की देर शाम मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पुलिस ने नगदी,चोरी की बाइक व तमंचा बरामद किया है।

प्राप्त विवरण के अनुसार बीती 18 दिसंबर को सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र के गौरखेड़ा गांव निवासी रितेश पाल पुत्र राजेश पाल निवासी ग्राम गौरखेडा द्वारा अज्ञात चोर द्वारा बाइक चोरी करने के मामले में हरपालपुर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।एसपी अशोक कुमार मीणा द्वारा उपरोक्त चोरी की घटना के शीघ्र सफल अनावरण हेतु टीम गठित कर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग हेतु लगाया गया था। थाना सवायजपुर पुलिस द्वारा उपरोक्त मोटरसाइकिल चोरी की घटना से संबंधित वांछित की गिरफ्तारी हेतु सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे स्थित मुबारकपुर निर्माणाधीन सर्विस मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति / वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी।इसी दौरान बाइक पर सवार एक व्यक्ति आता दिखाई दिया।जिसको पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो अभियुक्त द्वारा बाइक को मोडकर भगाने का प्रयास किया गया। अभियुक्त द्वारा खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गयी। जिसमें बाइक सवार अभियुक्त बांए पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। जिसकी पहचान शातिर पशु तस्कर आजाद पुत्र जामन निवासी ग्राम इस्लामनगर थाना मदनापुर जनपद शाहजहांपुर के रुप में हुई है।पुलिस टीम द्वारा घायल अवस्था में मौके से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 52000/- रुपये नगदी, चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल, 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस एवं 02 खोखा कारतूस बरामद किया गया। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया।गिरफ्तार अभियुक्त आजाद पुत्र जामन निवासी ग्राम इस्लामनगर थाना मदनापुर जनपद शाहजहांपुर शातिर पशु तस्कर है जोकि दिन के समय पशुओं की रैकी करता था एवं रात्रि के समय अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पशु चोरी की घटना कारित करता था। जनपद के थाना पाली, पचदेवरा व सवायजपुर में घटित विभिन्न पशु चोरी की घटनाओं में वांछित चल रहा था। आजाद के कब्जे से चोरी के पशु बेचकर अर्जित 52000/- रुपये बरामद किए है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

## ट्रूकॉलर ने भारत में मुफ्त वॉइसमेल सेवा लॉन्च की, अनचाहे कॉल्स से मिलेगी राहत

**आगरा।** ट्रूकॉलर ने आज भारत में एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं के लिए एक मुफ्त और शक्तिशाली एआई-संचालित वॉइसमेल अनुभव लॉन्च किया, जिसमें तुरंत ट्रांसक्रिप्शन और स्वचालित स्पैम सुरक्षा शामिल है। पारंपरिक वॉइसमेल के विपरीत, संदेश सीधे डिवाइस पर स्टोर होते हैं, जिससे रिकॉर्डिंग्स पर पूर्ण नियंत्रण और गोपनीयता सुनिश्चित होती है। इसमें स्मार्ट कॉल गींकरण(कैटेगरी), स्पैम फ़िल्टरिंग, समायोज्य(एडजस्टेबल) प्लेबैक स्पीड और 12 भारतीय भाषाओं में एआई-संचालित वॉइसमेल ट्रांसक्रिप्शन की सुविधा भी शामिल है। ट्रूकॉलर उपयोगकर्ता अपने ट्रूकॉलर ऐप में केवल कुछ सेकंड में मुफ्त में अनलिमिटेड वॉइसमेल सेट कर सकते हैं। वॉइसमेल को कॉलिंग अनुभव के केंद्र में रखकर, ट्रूकॉलर अपनी स्थिति को एक दैनिक उपयोग वाले संचार प्लेटफ़ॉर्म के रूप में मजबूत कर रहा है और स्पैम और धोखाधड़ी के खिलाफ अपनी लड़ाई को और प्रभावशाली बना रहा है।

ट्रूकॉलर वॉइसमेल के साथ, यूज़र्स बिना वॉइसमेल नंबर डायल किए या पिन याद रखे, सीधे अपने डिवाइस पर मैसेज रिकॉर्ड, स्टोर और प्ले कर सकते हैं।

# तहसील प्रशासन की संवेदनहीनता के चलते ठंड में अभी तक नहीं जल सके अलाव

जन एक्सप्रेस | हरपालपुर

सवायजपुर तहसील प्रशासन की संवेदन हीनता के चलते तहसील के चिन्हित स्थानों पर गुरुवार तक कोई भी अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं हो सकी। क्षेत्र में 12 स्थानों पर अलाव जलवाने के लिए राजस्व कर्मियों को जिम्मेदारी दी गयी थी।जबकि चार दिनों से लगातार पारे में गिरावट के चलते लोग ठंड से कांपने को मजबूर है।

मौसम के बदले मिजाज व कोहरे के चलते सबसे ज्यादा दिक्कतें तो दूर दराज से आने वाले मुसाफिरों या फिर फुटपाथ पर रहने वाले लोगों को हो रही है। क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, कस्बों व सार्वजनिक स्थानों पर लोग ठिठुरते नजर आ रहे है।

बताते चले कि सवायजपुर तहसील क्षेत्र में ठंड में अलाव जलाने के लिए तहसील प्रशासन ने 12 स्थानों को चिन्हित करते हुए राजस्व कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी है। लेकिन चार दिन से मौसम के बदले मिजाज व लगातार पड़ रहे कोहरे के साथ साथ पारे में गिरावट के चलते हरपालपुर कस्बे सहित समूचे चिन्हित स्थानों पर गुरुवार तक कोई अलाव जलाने की व्यवस्था मुकम्मल नहीं हो सकी।हरपालपुर में ककरा तिराहे पर सुबह 4 बजे से दिल्ली व लखनऊ को आने जाने वाले यात्रियों को रोडवेज बसों के इंतजार में खड़ा होना पड़ता है।वहीं दिल्ली से ग्रामीण क्षेत्रों को जाने वाले यात्री भी ककरा तिराहे पर आकर बस से उतरते है।यहां आए दिन रोडवेज की दर्जनों बसों से यात्री आने जाने के लिए खड़े होते हां। लेकिन तहसील के जिम्मेदारों ने इस भीड़भाड़ वाले तिराहे पर अलाव जलाने के लिए स्थान को चिन्हित करना ही मुनासिब नहीं समझा। तहसील सवायजपुर में तहसील परिसर, सवायजपुर बस स्टाप, रूपापुर चौराहा, हरपालपुर बस स्टाप, पलिया चौराहा, बरौलिया बस स्टाप, चौंसार बस स्टाप, श्रीमऊ चौराहा, सवायजपुर चौराहा, बाजपुर नकटौरा, पलिया तिराहा (हरपालपुर), बरसोहिया सहित कुल 12 स्थानों पर अलाव जलवाने के लिए चिन्हित करते हुए राजस्व कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी। लेकिन अभी तक किसी भी चिन्हित स्थान पर अलाव जलाने की की कोई व्यवस्था मुकम्मल नहीं हो सकी है।ठंड में ठिठुरते लोग तथा बाहर से आने जाने वाले मुसाफिर सर्द मौसम में दिक्कतों का सामना करने को मजबूर हैं। इस सम्बंध में तहसीलदार सवायजपुर विनोद कुमार से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नही किया।

## टीएमयू डेंटल कॉलेज के ग्रेविटास का शंखनाद

**जन एक्सप्रेस/मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के सालाना कल्चरल और स्पोर्ट्स महोत्सव ग्रेविटास- 4.0 का एसपी सिटी कुंवर रणविजय सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि और कुलाधिपति सुरेश जैन ने मशाल प्रज्जवलन के संग गुब्बारे उड़ाकर भव्य शुभारम्भ किया। इस मौके पर डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, डेंटल एवम् एलाइड हेल्थ साइंसे की डायरेक्टर डॉ. नीलिमा जैन, डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. प्रदीप तांगे, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन, एसएचओ पाकबा योगेश कुमार आदि की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। मुख्य अतिथि एसपी सिटी ने अपने संबोधन में डेंटल स्टुडेंट्स को डिजिटल दुनिया से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा, जीवन में सफलता के लिए अनुशासन जरूरी है। टीएमयू के चांसलर सुरेश जैन ने डेंटल कॉलेज की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा, टीएमयू की नींव डेंटल कॉलेज से ही 2005 में रखी गई थी। निरंतर कठिन परिश्रम और समर्पण के परिणामस्वरूप इतना आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हुआ है। सभी अतिथियों को पौधे, मोमेंटो और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व सांस्कृतिक प्रोग्राम के तहत ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर डेंटल स्टुडेंट्स ने ग्रुप डांस प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को भावनात्मक रूप से प्रभावित किया। सभी अतिथियों ने ग्रेविटास 4.0 के बैनर, शील्ड और ट्रॉफी का अनावरण भी किया। अतिथियों ने मार्च पास्ट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मशाल लेकर बीडीएस के छात्र उमंग जैन ने मार्च पास्ट को लीड किया। इसके बाद डेंटल कॉलेज का झंडा लेकर एमडीएस की छात्रा डॉ. अंशी जैन, पीजी की टीम- मैजेस्टिक मोनार्क, इंटर्न्स की टीम- विक्ट्री स्मैशर, बीडीएस फाइनल ईयर की टीम- फीयरलेस फाल्कन, सुपरनोवा वॉरियर्स भी अपने-अपने ध्वज लेकर मार्च पास्ट में शामिल रहीं।

# गिने-चुने स्थानों पर ही अलाव जला रही है नगर पालिका, कोहरे और ठंड से परेशान है आम जन

जन एक्सप्रेस | शाहाबाद

कोहरे और ठंड का सितम लगातार बढ़ता जा रहा है। नगर पालिका परिषद द्वारा अलाव के नाम पर केवल खाना पूर्ति की जा रही है। गिने चुने स्थानों पर ही अलाव की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है जिससे आम आदमी और निचले तबके का वर्ग काफी परेशान है। शुक्रवार को शहर का न्यूनतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रहा है। पूर्वाह्न 11:00 के बाद बाजारों में दुकानों के शटर उठे। तीन दिन से ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। कोहरे का सितम भी अपनी चरम सीमा पर है। विजुअलिटी कम होने की वजह से वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है लेकिन प्रशासनिक स्तर से ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किये जा रहे हैं। शुक्रवार का दिन काफी ठंडा दिन रहा। नगर के प्रमुख बाजार पुरानी गल्ला मंडी, बस स्टैंड, बड़ी बाजार, सदर बाजार, सब्जी मंडी, नवीन गल्ला मंडी एवं घंटाघर में 9:00 बजे तक सन्नाटा पसरा रहा। कोहरे और ठंड के कारण लोग घरों में दुबके रहे। 11:00 बजे के आसपास बाजारों में दुकानों के शटर उठे और रौनक दिखाई पड़ी। शाम को 5:00 बजे से ही बाजारों में सन्नाटा पसर गया। केवल मेन मार्केट में ही चहल-पहल का दौर कायम रहा। नगर पालिका प्रशासन ने ठंड से राहत प्रदान करने के लिए गिने चुने स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराई है। शेष स्थानों पर अलाव का कोई इंतजाम नहीं किया गया। जिससे आमजन काफी परेशान है और ठंड में ठिठुरता हुआ देखा जा सकता है। ई-रिक्शा चालकों और ठेली वालों को अलाव की पर्याप्त व्यवस्था न होने की वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# जब खुलकर हंसना भी सेहत के लिए हानिकारक बन जाए!!!

जन एक्सप्रेस | आगरा

**बृज खंडेलवाल।** सुबह अगर आंख खुलते ही जलन हो, जैसे किसी ने मिर्ची का स्प्रे मार दिया हो, गले में खराश चिपक जाए मानो कोई पुराना कर्ज़ वसूल करने आ गया हो, और फेफड़े ऐसे खांसें जैसे ईएमआई की आखिरी किस्त पर डिफॉल्ट हो गया हो, तो घबराइए मत! बधाई हो, आप **विकास-प्रदत्त ऑक्सीजन** का मजा ले रहे हैं। गहरी सांस लीजिए, ये बदबू नहीं, बल्कि **सक्सेस की सिग्नेचर फ्रेग्रेंस** है। मुफ्त की हवा है जी, और मुफ्त में जो मिले, वो सबसे प्रीमियम क्वालिटी का होता है, बस एक्सपायरी डेट चेक मत करना!

ईश्वर का लाख-लाख शुक्र कि वो **ओवर-प्योरिटी** का पिछड़ा जमाना खत्म हुआ, जहां हवा साफ होती थी और लोग बिना मास्क के घूमते थे। हमने सालों की मेहनत से ये ज्ञान अर्जित किया है कि प्रदूषण कोई समस्या नहीं, बल्कि **इम्युनिटी बूस्टर** है, जैसे वो महंगे सप्लीमेंट्स, बस ये फ्री में मिलता है। जो ज्यादा खांस रहा है, वही ज्यादा आगे बढ़ रहा है; जो सांस रोककर जी रहा है, वही असली योगी है। कोरोना तो बस ट्रेलर था, असली फिल्म तो ये रोज़ाना का स्मॉग-शो है!

स्मॉग वो ग्रे चादर है जो हमें नीले आसमान की **टॉक्सिक पॉजिटिविटी** से बचाती है। नीला आसमान उफ्फ! उससे विटामिन-D की ओवरडोज हो जाती थी, और ज्यादा सेहत तो किसी ग्लोबल साजिश से कम नहीं। स्मॉग हमें असली बराबरी सिखाता है: अमीर-गरीब सबकी आंखें जलेंगी, सांसें अटकेंगी, ये है असली **सबका साथ, सबका सफरिंग!** दिल्ली-NCR में तो स्मॉग इतना घना है कि लोग एक-दूसरे को देखकर कहते हैं, **भाई, तू तो फोटोशॉप्ड लग रहा है!** और वो AQI 300, 400, 500 वो तो हमारा नेशनल प्राइड स्कोर है, जितना हाई, उतना हाई-क्लास!

हमारी नदियां भी अब शर्मीली पारदर्शिता छोड़कर **मल्टी-कलर थेरपी** में लग गई हैं। रंग-बिरंगी, झागदार, हैवी मेटल्स से लबालब, पूरी बॉडी डिटॉक्स पैकेज! एंड होली रिवर्स? वो अब **इंडस्ट्रियल स्पा** बन गई हैं, जहां फैक्टरियां अपना **वेस्ट** डंप करती हैं और हम **पवित्र स्नान** कहते हैं। **साफ पानी?** सिर्फ पूंजीवादी वहम था, असली पानी वही जो डॉक्टरों को अमीर बनाए, हॉस्पिटल्स को फुल रखे। यमुना पर फोम पार्टी फ्री की है, बस स्विमिंग सूट की जगह PPE सूट पहनना! जंगलों को हमने **आजादी** दी है, पेड़ों की बेड़ियां काटकर उन्हें **फ्रीडम फाइटर** बना दिया। वृक्ष तो प्रगति के रोडब्लॉकर थे, चिड़ियों की चहचहाहट ऑफिस प्रोडक्टिविटी में डिस्टर्बेंस। छाया वो आलस्य फैलाती थी, अब सूरज की धूप में हम **नेचुरल टैनिंग** लेते हैं। पहाड़ों को नंगा करके हमने उनका असली मकसद उजागर किया: खनन, पूजन, बेचन, फिर डेवलपमेंट! **भूस्खलन** यानी ग्रैविटी के चंगुल से मुक्ति। बाढ़ प्रकृति की **फ्लैशबैक** जहां पानी अपनी पुरानी यादें ताजा करने आता है, और हमारे घरों को फ्री वॉटर पार्क बना देता है। केदारनाथ, चमोली, ये तो बस ट्रेलर हैं, असली फिल्म तो हिमालय के माइनिंग प्रोजेक्ट्स में है!

हमारे प्रबुद्ध गुरु, जो मोटिवेशनल लेक्चर देते हैं, समझाते हैं कि बीमारी दुख नहीं, **ओपॉर्चुनिटी** है। वायरस मेडिकल इंडस्ट्री के **एंजेल इन्वेस्टर**! जितनी महामारी, उतनी रिसर्च ग्रांट्स; जितनी खांसी, उतने फार्मा शेयर्स। अस्पतालों के गलियारे गुलजार, स्टॉक्स स्काईरॉकेट, बरकत हो तो ऐसी! कोविड ने हमें मास्क की **एकजुटता** सिखाई, अब स्मॉग ने N95 को नेशनल यूनिफॉर्म बना दिया। थोड़ा **मैनेज्ड पैनिक** जरूरी है, वरना नागरिक सवाल पूछने लगेंगे, like ये फैक्टरियां क्यों नहीं बंद? और सवाल? वो विकास के सबसे बड़े दुश्मन हैं, जीडीपी गिरा देते हैं!

# प्रांशू बाजपेई बने एबीवीपी प्रांतीय कार्यसमिति सदस्य

जन एक्सप्रेस | हरदोई



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 65वॉ प्रांतीय अधिवेशन बहराइच मे आयोजित हुआ। जिसमे अवध प्रान्त के विभिन्न जिलों के विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थिति रहे। यह अधिवेशन 17,18,19 दिसंबर को आयोजित हुआ। अधिवेशन के अंतिम दिवस मे कार्यकर्ताओ को नवीन दयित्व सौंपे गए जिसमे हरदोई जिले के एबीवीपी कार्यकर्ता प्रांशू बाजपेयी को प्रांतीय कार्यसमिति सदस्य बनाया गया। प्रांशू बाजपेई विद्यार्थी परिषद के सम्पर्क मे 2019 से है।प्रांशु पूर्व मे नगर प्रमुख ,नगर मंत्री, हरदोई के जिला सयोजक का सफलता पूर्वक निर्वहन कर चुके हैं।इस अधिवेशन मे हरदोई से रामजी शुक्ला, नम्रता, अंशुल श्रीवास्तव व सगठनात्मक जिला संडीला से की प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य के नाते, सुधा चौरसिया, हर्षवर्धन सिंह धीरज गुप्ता के नामो की घोषणा हुई।

# निपनिया में निर्माण कार्यों की अनियमितता पर हुई जांच

## सिंचाई विभाग की टीम ने नाली, इंटरलॉकिंग और मनरेगा पार्क कार्यों की पड़ताल, रिपोर्ट डीएम को सौंपने की तैयारी

**जन एक्सप्रेस। दूठीबारी/महराजगंज**

निचलौल ब्लॉक का सबसे चर्चित ग्राम पंचायत गांव निपनिया एक बार फिर सुर्खियों में है। गांव में कराए गए निर्माण कार्यों में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले राजू मद्धेशिया की शिकायत पर बीते बुधवार को सिंचाई विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की।



शिकायतकर्ता राजू मद्धेशिया ने बीते मई माह में जिलाधिकारी को छह बिंदुओं पर विस्तृत शिकायत सौंपते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में कराए गए निर्माण कार्यों की जांच की मांग की थी। शिकायत में ग्राम प्रधान पर नाली निर्माण, हैंडपंप मरम्मत, इंटरलॉकिंग सड़क और मनरेगा पार्क जैसे कार्यों में भारी अनियमितता के आरोप लगाए गए थे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि 22 जुलाई 2024 तक पंचायत में कोई मरम्मत कार्य नहीं हुआ, जबकि अभिलेखों में मजदूरी और भुगतान दर्शा दिया गया। शिव मंदिर से कुक्कुर के घर तक कराए गए कार्य में क्षेत्र पंचायत द्वारा स्वीकृत स्टीमेट के विपरीत निर्माण कराया गया। निपनिया नहर से प्राथमिक विद्यालय तक बनाई गई इंटरलॉकिंग सड़क मानकविहीन होने के कारण जगह-जगह से ध्वस्त हो चुकी है और नालियां टूट गई हैं। इसी तरह सुग्रीम से छोटे लाल के घर तक कराए गए कार्य में घटिया सामग्री के प्रयोग से इंटरलॉकिंग और नाली पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुकी है। मनरेगा पार्क निर्माण में भी मानकों की अनदेखी करते हुए कम मिट्टी भराई कराई गई, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप है।

सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता (एई) और अवर अभियंता (जेई) ने गांव पहुंचकर शिकायत के प्रत्येक बिंदु की स्थलीय जांच की। टीम ने निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से भी बातचीत की। मौके पर मौजूद कई ग्रामीणों ने शिकायतकर्ता के आरोपों की पुष्टि की।

ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश निर्माण कार्यों में मानकों का पालन नहीं किया गया। कई स्थानों पर इंटरलॉकिंग उखड़ चुकी है, नालियां टूट गई हैं और मनरेगा पार्क में अधूरी मिट्टी भराई के कारण उसका स्वरूप बिगड़ गया है। ग्रामीणों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जांच टीम अपनी रिपोर्ट जिले के उच्चधिकारीको सौंपेगी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, यदि आरोप सही पाए गए तो संबंधित ग्राम सचिव और ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई तय मानी जा रही है।

## तीन वारण्टी अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे, जेल

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़** जिले की नगर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को तीन वारंटी अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर उनके घर से ही गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एसआई राहुल कुमार व उनकी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना इलाके के अजीतनगर निवासी रजत कुमार सिंह को उसके घर से गिरफ्तार किया। एसआई प्रशांत दुबे व उनकी पुलिस टीम ने दूसरे आरोपी को मुखबिर की सूचना पर थाना इलाके के पूरेमाद निवासी सगीर अहमद को उसके घर से गिरफ्तार किया। वहीं तीसरे अभियुक्त रमेश शुक्ला को जो थाना क्षेत्र के दहिलामऊ का निवासी है, उसे एसआई अनुपम त्रिपाठी व उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर उसके घर से ही गिरफ्तार किया। तीनों के विरुद्ध नगर कोतवाली थाने पर अलग अलग मामलों में मुकदमे दर्ज हैं जिसमें तीनों वांछित थे। तीनों को गिरफ्तार कर पुलिस ने शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया।

# चार्ज लेते ही कोतवाल लाइन हाजिर! 48 घंटे में बदला ठूठीबारी का थानेदार

## चार्ज लेते ही कोतवाल नवीन चौधरी लाइन हाजिर, अचानक फ़ेबदल से पुलिस विभाग में मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**

जनपद में पुलिस विभाग के तबादलों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते मंगलवार को ठूठीबारी कोतवाली का चार्ज संभालने वाले नवनियुक्त कोतवाल नवीन चौधरी को महज दो दिनों के भीतर ही पुलिस लाइन हाजिर कर दिया गया। भारत नेपाल अंतराष्ट्रीय बार्डर अति महत्वपूर्ण अति महत्वपूर्ण ठूठीबारी थाने में इतनी त्वरित कार्रवाई ने न सिर्फ पुलिस महकमे बल्कि आमजन में भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

### सीमावर्ती थाने में अचानक फेरबदल

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना द्वारा कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को पांच उपनिरीक्षकों के तबादले किए गए थे। इसी क्रम में इंडो-नेपाल बॉर्डर से सटे ठूठीबारी कोतवाली की जिम्मेदारी नवीन चौधरी को सौंपी गई थी। लेकिन शुक्रवार को जारी आदेश में उन्हें पुनः पुलिस लाइन भेज दिया



गया। महज से 48 घंटों में हुए इस बदलाव ने जनपद के पुलिस महकमे को हैरान कर दिया है।

### कारणों को लेकर अटकलें तेज

ठूठीबारी कोतवाली जनपद का संवेदनशील और सीमावर्ती थाना माना जाता है, जहां निरंतर सतर्कता की आवश्यकता रहती है। ऐसे में कोतवाल नवीन चौधरी के कार्यभार संभालते ही 48 घंटे की भीतर उन्हें पुलिस लाइन भेज दिया गया। इसको को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि, पुलिस प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक कारण स्पष्ट नहीं किया गया है।

### नवनीत नागर बने ठूठीबारी के कोतवाल

एसपी सोमेंद्र मीना ने उपनिरीक्षक नवीन चौधरी के स्थान पर अब नवनीत नागर को ठुठीबारी का नया कोतवाल नियुक्त किया गया है। नवनीत नागर इससे पूर्व सोनौली चौकी प्रभारी तथा ठूठीबारी क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी इंचार्ज के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### बार-बार तबादलों से असमंजस

जनपद में लगातार हो रहे पुलिस अधिकारियों के तबादलों से आमजन में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। लोगों का मानना है कि बार-बार के फेरबदल से थानों की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है। वहीं, पुलिस महकमे के भीतर भी इतनी त्वरित कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

# मिशन शक्ति टीम ने कॉलेज की बालिकाओं को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**

जिले में शुक्रवार को एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत सांगीपुर थाने की मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के लीलावती इण्टर कालेज शुकुलपुर में बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा एवं नारी स्वावलंबन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मनिर्भर बनने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया गया। इस अवसर पर सरकार द्वारा संचालित वूमेन पावर लाइन, महिला हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री



हेल्पलाइन व पुलिस हेल्पलाइन समेत महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। इसके साथ ही नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी देते हुए बालिकाओं से उनकी समस्याओं के संबंध में संवाद कर उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मिशन शक्ति टीम द्वारा बालिकाओं को निर्भीक, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

## पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़** जिले में शुक्रवार को बाघराय थाने की पुलिस ने हत्या के प्रयास से संबंधित मुकदमे में वांछित अभियुक्त फूलचन्द्र गौतम को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में एसआई राहुल व उनकी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना इलाके के सिंगारपुर चकवड़ निवासी आरोपी फूलचंद्र को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। मालूम हो कि बीते जून में पीड़ित ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि पुरानी रंजिश के कारण फूलचन्द्र, मनोज, सनोज व सनोज की पत्नी द्वारा उस पर जान से मारने की नीयत से हमला किया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। आरोपी जाते समय गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# डीआईजी ने सोनौली बॉर्डर का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस। सोनौली/महराजगंज**

भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) गोरखपुर सेक्टर के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मुन्ना सिंह ने शुक्रवार को सोनौली ट्रेड एवं ट्रांजिट रूट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीमा स्तंभ संख्या 517 से 517/2 तक पैदल गश्त कर सीमा सुरक्षा से जुड़े इंतजामों की गहन समीक्षा की। डीआईजी ने सीमा पर तैनात जवानों की ऑपरेशनल तैयारियों, सतर्कता एवं निगरानी व्यवस्था का जायजा लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की राष्ट्रविरोधी गतिविधि, अवैध घुसपैठ अथवा सीमा पर अस्थिरता को किसी भी हाल में बर्दाश्त न किया जाए। उन्होंने चौकसी और खुफिया तंत्र को और मजबूत करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने सीमावर्ती गांवों के ग्रामीणों से संवाद



कर उन्हें भरोसा दिलाया कि एसएसबी सेवा, सुरक्षा और भाईचारे की भावना के साथ सदैव सीमा क्षेत्र में तैनात है। इस अवसर पर उन्होंने तंबाकू उत्पादों–सिगरेट, गुटखा, खैनी आदि–के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए लोगों से इनसे दूर रहने की अपील की तथा दूध, फल और मोटे अनाज जैसे स्वस्थ आहार अपनाने का संदेश दिया।

उन्होंने नो मैन्स लैंड को स्वच्छ रखने, खुले में शौच न करने और कचरा न फैलाने की अपील करते हुए फलदार पौधों के रोपण पर विशेष जोर दिया, ताकि स्वच्छ और हरित वातावरण का निर्माण हो सके। डीआईजी ने नेपाल की एपीएफ, नेपाल पुलिस के साथ-साथ भारत की स्थानीय पुलिस, इमीग्रेशन, कस्टम, खुफिया एजेंसियों और सिविल प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए, जिससे सुरक्षा के साथ-साथ यात्रियों और व्यापारिक गतिविधियों का संचालन सुचारु रूप से किया जा सके।

# डीएम ने बैठक में की निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**

जिले में शुक्रवार को कैम्प कार्यालय के सभागार में डीएम शिव सहाय अवस्थी द्वारा महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति यथास्थिति पाये जाने की समीक्षा की गयी। बैठक में जीजीआईसी में सौ बेड के छात्रावास की यथास्थिति की जानकारी ली गयी तो कार्यदायी संस्था सी एण्ड डीएस यूनिट-10 द्वारा बताया गया कि बजट की उपलब्धता न होने के कारण कार्य एक वर्ष से बन्द है। जिस पर डीएम ने निर्देशित किया कि नियमानुसार पत्राचार कर शासन को पत्र प्रेषित किया जाये जिससे निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जा सके। बैठक में बताया गया कि नगर पंचायत पृथ्वीगंज कार्यालय भवन के निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता नही हो पा रही है जिस पर डीएम ने फोन के माध्यम से एसडीएम रानीगंज को निर्देशित किया कि भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये।



राजकीय पालीटेक्निक प्रेमधर पट्टी के निर्माण में विवादित प्रकरण का निस्तारण न होने से कार्य बन्द है जिस पर सम्बन्धित को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में डीएम ने कहा कि त्वरित योजना में ट्रांजिस्ट हास्टल, ओडिटोरियम व कन्वेंशन सेन्टर के प्रस्ताव तथा जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव को शामिल कर शासन को भेजा जाये जिससे त्वरित योजना के अन्तर्गत जनपद में कार्य कराया जा सके। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. ए एन प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत कुमार राय व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्था उपस्थित रहे।

## संभल का रहने वाला था मंदिर में खुदकुशी करने वाला युवक

**देवरिया।** नगर के रामपुर खुरहुरिया वार्ड स्थित ठाकुर जी मंदिर खुदकुशी करने वाले युवक की पहचान कर ली गई है। मृतक संजीव कुमार (30) संभल जिले का रहने वाला था। उसने पश्चिम बंगाल की एक लड़की से शादी की थी। पत्नी को कोलकाता में छोड़कर मंगलवार को नौकरी करने के लिए अंबाला जा रहा था। यह जानकारी मृतक के चाचा ने दी है। भटनी नगर के रामपुर खुरहुरिया वार्ड स्थित ठाकुर जी के मंदिर में मंगलवार की शाम एक युवक का शव फंदे से लटका मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस की पड़ताल में मृतक की जेब से एक मोबाइल फोन और सिवान से अंबाला तक का रेल टिकट बरामद हुआ था, लेकिन युवक की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस के लगातार प्रयासों के बाद दो दिन बाद पुलिस ने मोबाइल पर मिले एक नंबर को डायल किया, यह नंबर युवक के चाचा का था। इसके बाद मृतक के चाचा ने युवक की पहचान संभल जिले के रहने वाले संजीव कुमार (30) के रूप में की।

# इण्डियन ऑयल पेट्रोल पम्प का उद्घाटन



**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**

जिले में प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर स्थित इंडियन ऑयल का नरेन्द्र फिलिंग स्टेशन शुक्रवार को शुरू हो गया। कोहड़ौर थाना इलाके के धरौली मधुपुर मोड़ पर स्थित इस फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन नगर पंचायत कोहड़ौर अध्यक्ष प्रतिनिधि किशन सोनी ने फीता काटकर किया। फ्यूल स्टेशन के संचालक ...... ने समारोह का आयोजन किया। क्षेत्र के लोगों ने इस पेट्रोल पंप के खुलने पर खुशी जाहिर की है। यह पेट्रोल पंप न केवल स्थानीय लोगों को लाभान्वित करेगा, बल्कि राजमार्ग से होकर गुजरने वाले और दूसरे राज्यों के वाहन चालकों को भी सुविधा मिलेगी। इंडियन ऑयल के प्रबंध निदेशक को लोगों ने इस सुविधा के लिए धन्यवाद दिया है। इस अवसर पर आफताब, अल्लन, विनोद यादव, कयाम, मजहर, सन्तोष पाल, समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# युवती को खिलाया जहरीला पदार्थ, पुलिस ने भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**

जिले के आसपुर देवसरा थाने की पुलिस ने युवती को जहरीला पदार्थ खिलाने के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है।

दोनों के बीच पहले बातचीत होती थी लेकिन जब युवती ने मना कर दिया तो युवक ने पहले तो युवती पर बात करने का दबाव बनाया लेकिन जब उसने बात करने से इंकार कर दिया तो नाराज युवक ने युवती को बुधवार सुबह जहरीला पदार्थ खिला दिया। जानकारी के अनुसार आसपुर देवसरा थाना इलाके के एक गांव की युवती के पिता ने थाने पर तहरीर देते हुए कहा कि थाना इलाके के ही ढकवा निवासी अमन गौतम जो रिश्ते में उसका भांजा लगता है।

आरोप है कि अमन ने उसकी पुत्री को बुधवार सुबह जबरदस्ती जहरीला पदार्थ खिला दिया हालांकि



दवा इलाज कराने पर मेरी पुत्री स्वस्थ होकर घर आ गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एसआई सचिन पटेल व उनकी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अमन गौतम उर्फ सर्वेस को थाना इलाके के देवसरा पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

## कोहरे में सड़कों पर रेंगते दिखे वाहन, देर से खुलीं दुकानें

**कुशीनगर।** शीतलहर ने जिले के लोगों की दिनचर्या पहले दिन ही प्रभावित कर दी। सुबह घना कोहरा छाया रहा, दृश्यता दो मीटर से भी कम रही। सुभाष चौक, रामकोला रोड, कसया रोड और शहर के अन्य प्रमुख मार्गों पर वाहन सड़कों पर रेंगते नजर आए। सुबह सात बजे तक बच्चे नींद में थे। माता-पिता उन्हें उठाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन कोहरे और ठंडी हवा ने हर किसी की सुबह धीमी कर दी। बच्चों के स्कूल जाना, ऑफिस जाने वाले और मार्केट जाने वालों की दिनचर्या बाधित हो गई। सड़क किनारे खड़े खम्भे और डिवाइडर कोहरे में अचानक उभरते दिखे। कई वाहन चालक ऊपर वाले के भरोसे ही चल रहे थे। ट्रक और कारों की हेडलाइट केवल 10-15 मीटर दूर से दिखाई दे रही थी। बाइक सवार और पैदल यात्री सावधानी से आगे बढ़ रहे थे। सुबह के 8-9 बजे तक बाजार खुले।

# एएसपी ने ली परेड की सलामी- पुलिसकर्मियों से लगवाई दौड़

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**

जिले के पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) शैलेन्द्र लाल द्वारा शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी ग्रहण की गई। इस अवसर पर उन्होंने पुलिसकर्मियों के अनुशासन, एकरूपता, फिटनेस एवं कार्यकुशलता पर विशेष बल देते हुए विभिन्न इकाइयों का समग्र निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। एएसपी द्वारा साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर टोलीवार ड्रिल अभ्यास कराने के साथ ही परेड के दौरान पुलिस कर्मियों की अनुशासन, एकरूपता एवं शारीरिक दक्षता का परीक्षण करते हुए उन्हें परेड मानक के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन, वर्दी की शुद्धता, शारीरिक दक्षता एवं समय की पाबंदी बनाए रखने का



निर्देश देते हुए उन्हें प्रशिक्षण अवधि को आत्मविकास का सर्वोत्तम अवसर बताते हुए पुलिस सेवा में सत्यनिष्ठा, व्यवहार-कुशलता एवं जनता के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने हेतु प्रेरित किया। इसके साथ ही कंट्रोल रूम एवं 112 आपातकालीन सेवा कार्यालय का निरीक्षण कर कर्मियों की कार्यप्रणाली, अभिलेखीय व्यवस्था एवं प्रतिक्रिया तत्परता का अवलोकन किया गया। शस्त्रागार का निरीक्षण कर उन्होंने शस्त्रों के रखरखाव व्यवस्था, अभिलेखीय प्रविष्टि एवं सुरक्षा मानकों की गहन समीक्षा की। एएसपी ने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर स्वच्छता, गार्डनिंग, अनुशासन एवं समग्र व्यवस्थापन का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

# यू.पी.सी.एल.डी.एफ. को निर्देश गुणवत्ता के साथ करे कार्य

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**



कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शैक्षिक भवन, ग्राम केसरा, विकास खण्ड मछरेहटा और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ब्रम्हावली, विकास खण्ड गोंदलामऊ में चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने दोनों विद्यालयों में बन रहे ऐकडेमिक ब्लॉक तथा छात्रावास के कार्यो को समय से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने कार्यदायी संस्था यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 को निर्देशित किया कि समस्त कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शैक्षिक भवन, ग्राम केसरा, विकास खण्ड मछरेहटा और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ब्रम्हावली, विकास खण्ड गोंदलामऊ ने बच्चों से वार्ता की एवं संबंधित को निर्देश दिये कि बच्चों के लिये सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त की जायें तथा शिक्षक शिक्षण कार्यों में रूचि लेते बच्चों को अच्छी शिक्षा दें।तत्पश्चात जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने प्राथमिक विद्यालय ब्रम्हावली (कम्पोजिट) ग्राम पंचायत करूवामऊ, विकास खण्ड गोंदलामऊ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी निपुण तालिका रजिस्टर का अवलोकन करते हुये रजिस्टर में कमी मिलनें पर प्रधानाध्यापक अनुराधा को कड़ी फटकार लगायी। साथ ही उन्होंने बच्चों का उपस्थिति रजिस्टर देखते हुये बच्चें की उपस्थिति कम होने पर प्रधानाध्यापक को बच्चों की उपस्थिति में सुधार हेतु निर्देशित किया। विद्यालय में साफ-सफाई व अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमियां होने खण्ड शिक्षा अधिकारी सिमी निगार का स्पष्टीकरण एवं प्रधानाध्यापक अनुराधा को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। कक्षा-3 के बच्चे से वार्ता करते हुये किताब पढ़वायी, जिस पर बच्चे द्वारा सहीं ढंग से पुस्तक पढ़े जाने पर जिलाधिकारी ने प्रशन्नता व्यक्त की तथा यूनीफार्म, भोजन, शिक्षण कार्य के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### गर्भवती महिलाओं और बच्चों को मानक के अनुसार मिले पोषाहार

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं से संबंधित विवरण का भी रजिस्टर अद्यतन रखा जाये तथा इसमें आवश्यक सूचनाएं शुद्धता के साथ भरी जाये। गर्भवती महिलाओं, बच्चों को मानकों के अनुरूप पोषाहार का वितरण सुनिश्चित कराया जाये। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को विशेष ध्यान रखा जाये तथा उनकी जरूरी जांचें समय से करायी जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त प्रकार की डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण शुद्धता के साथ समय से कराया जाये तथा अभिलेखों को भी अद्यतन रखा जाये। सभी आंगनबाड़ी केन्द्र निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित हो तथा नियमानुसार हाट कुक्ड मील का भी वितरण सुनिश्चित किया जाये।

### कर्मचारी सुधारे कार्यशैली वरना होगी कठोर कार्यवाही: डीएम

सीतापुर। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी कार्यशैली में सुधार लायें, अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना से पात्रों को लाभान्वित किये जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये ।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। सभी केन्द्रों पर आवश्यक उपकरणों इन्फेंटोमीटर, स्टीडियोमीटर, वजन मशीन आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा बच्चों की लम्बाई, माप आदि का त्रुटिरहित विवरण पोषण ट्रैकर पर अपलोड किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि वी0एच0एस0एन0डी0 सत्रों को व्यापक रूप से आयोजित कराया जाये। वी0एच0एस0एन0डी0 के सभी सत्रों में समस्त तैनात कार्मिक समय से निर्धारित उपकरणों एवं दवाओं के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करे।

# अरौल में दिल दहला देने वाली पारिवारिक त्रासदी

- ज्वैलर्स ने छोटे बेटे की हत्या कर की आत्महत्या, बड़ा बेटा जिंदगी और मौत से जूझ रहा

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**



अरौल कस्बे में शुक्रवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। अरौल में ज्वैलर्स की दुकान चलाने वाले अजय कटियार उर्फ लालू (लगभग 38 वर्ष) ने कथित रूप से अपने ही घर में कमरे का दरवाजा बंद कर अपने दो मासूम बेटों पर हमला करने के बाद आत्महत्या कर ली।इस दर्दनाक घटना में छोटे बेटे शुभ कटियार (7 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बड़ा बेटा रुद्र कटियार (9 वर्ष) गंभीर रूप से घायल है और हैलट अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। वहीं अजय कटियार की भी इलाज के दौरान मौत हो गई।

कमरे से सुसाइड नोट, जहर की शीशी व अन्य साक्ष्य बरामद ,पुलिस के अनुसार, अजय कटियार ने अपने मकान के एक कमरे में अंदर से कुंडी बंद कर दोनों बच्चों पर ईंट से हमला किया। इसके बाद उसने जहर खाकर फांसी लगाने का प्रयास किया। फंदे की रस्सी टूट जाने के कारण वह जमीन पर गिर पड़ा।घटनास्थल से एक सुसाइड नोट, जहर की शीशी, एक रस्सी और खून से सनी ईंट बरामद हुई है। सुसाइड नोट में बच्चों के साथ 'इस दुनिया को छोड़ जाने' जैसी बात लिखी होने की पुष्टि पुलिस ने की है। सूचना पर पहुंची पुलिस, तीनों को अस्पताल भेजा गया ,आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खुलवाया। कमरे के अंदर छोटे बेटे का शव पड़ा था, जबकि बड़ा बेटा और अजय कटियार अचेत अवस्था में मिले। तीनों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने अजय कटियार को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत में रुद्र को प्राथमिक उपचार के बाद हैलट अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पत्नी की मौत के बाद से मानसिक तनाव में था पिता ,बताया गया है कि अजय कटियार मूल रूप से हासिमपुर गांव के निवासी थे और अरौल स्टेशन के पास टीचर्स समिति के निकट निजी मकान में रहकर ज्वैलर्स की दुकान संचालित करते थे। उनकी पत्नी अलका का करीब दो वर्ष पूर्व निधन हो चुका था। इसके बाद से वह अपने दोनों बेटों के साथ अकेले रह रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, पत्नी की मौत के बाद से अजय कटियार मानसिक तनाव और अवसाद में रहने लगे थे तथा उनका सामाजिक संपर्क भी काफी सीमित हो गया था। पुलिस व प्रशासन मौके पर, जांच जारी ,घटना की जानकारी मिलते ही डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी, सहायक पुलिस आयुक्त मंजय सिंह और थाना प्रभारी जनार्दन यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और इस दर्दनाक घटना के पीछे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## भारी मात्रा में बरामद अवैध शराब को बिठूर पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत कराया नष्ट

**जन एक्सप्रेस । बिठूर**

कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन के तहत भारी मात्रा में बरामद अवैध शराब को कानूनी प्रक्रिया के तहत बीते दिन शुक्रवार की शाम को नष्ट कराया। यह कार्रवाई बिठूर थाना क्षेत्र में अलग अलग मामलों में बरामद की गई शराब को लेकर की गई। बिठूर थाना प्रभारी प्रेम नारायण विश्वकर्मा ने बताया कि कार्रवाई के दौरान कुल 394 पेटी अंग्रेजी शराब 180 पेटी देशी शराब के अलावा पांच ड्रम केमिकल और चार कट्टी स्पिरिट को नियमानुसार नष्ट किया गया। शराब नष्ट करने की पूरी प्रक्रिया न्यायालय के निर्देशानुसार सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर आशुतोष कुमार की निगरानी में संपन्न हुई। जिसमें राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार सृजन कुमार आबकारी निरीक्षक आशा परिहार भी मौजूद रही।

# 270 दिव्यांग बच्चों को वितरित किए सहायक उपकरण, शिक्षा में मिलेगा नया अवसर

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



करंजाकला,समग्र शिक्षा अभियान के तहत ब्लॉक करंजाकला में 270 दिव्यांग बच्चों को शिक्षण और जीवन यापन में सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर एलिम्को कानपुर के सहयोग से जिला समन्वयक डॉ. गोरखनाथ पटेल के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव (मम्मन) और विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बच्चों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी छड़ी, एम.आर. किट, हियरिंग एड, रोलेटर सहित अन्य उपकरण वितरित किए गए। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने बच्चों के अभिभावकों को उपकरणों के सही और सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने बताया कि सभी विकास खंडों में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। उपकरण के प्रयोग में किसी भी समस्या के लिए अभिभावक सीधे विशेष शिक्षक से संपर्क कर सकते हैं। जिला समन्वयक शशिधर उपाध्याय ने कहा कि यह उपकरण बच्चों की शिक्षा और प्रशिक्षण में सहायक होंगे, जिससे दिव्यांग बच्चे भी सामान्य बच्चों की तरह विद्यालय जाकर शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। कार्यक्रम में जिला फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. पी. डी. तिवारी, विशेष शिक्षक संतोष मिश्रा, ज्योति सिंह, दुष्यंत सिंह, किरन पाण्डेय, एवं अन्य शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे।

# कोहरे में हादसों पर ब्रेक, शाहगंज में पुलिस का विशेष सुरक्षा अभियान

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

- एसपी जौनपुर डॉ0 कौशतुंभ के निर्देशन में चला जागरूकता अभियान

जौनपुर घने कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती आशंका को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ0 कौशतुंभ के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में थाना शाहगंज क्षेत्र में शुक्रवार को विशेष जागरूकता एवं सुरक्षा अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़कों पर चल रहे वाहनों विशेषकर ट्रैक्टर-ट्रॉली, टेम्पो, ऑटो, ई-रिक्शा एवं अन्य धीमी गति से चलने वाले वाहनों–पर रिफ्लेक्टर लगाए गए, जिससे कोहरे के समय वाहनों की दृश्यता बनी रहे और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। इस दौरान वाहन स्वामियों एवं चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने चालकों को कोहरे में वाहन चलाते समय धीमी गति रखने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने, हेडलाइट एवं फॉग लाइट का सही उपयोग करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा सड़क किनारे खड़े वाहनों पर रिफ्लेक्टर व चेतावनी संकेत अनिवार्य रूप से लगाने के प्रति जागरूक किया। पुलिस द्वारा बिना रिफ्लेक्टर, इंडिकेटर अथवा लाइट के चल रहे वाहनों को भविष्य में दुर्घटनाओं का कारण बताते हुए सतर्क रहने की अपील की गई। साथ ही आमजन को बताया गया कि कोहरे के मौसम में थोड़ी सी सावधानी बड़ी दुर्घटनाओं से बचा सकती है। इस अभियान को स्थानीय लोगों एवं वाहन चालकों ने सराहा और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आश्वासन दिया।

पुलिस प्रशासन ने दोहराया कि जनपद जौनपुर पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ऐसे जागरूकता एवं सुरक्षा अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे

## पिता पुत्र की हादसे में मौत के मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर खुटहन बिशुनपुर वाया लोनियापट्टी मार्ग के सुइथाखुर्द नहर पुलिया के पास गत बुधवार को कार की चपेट में आकर बाइक सवार पिता पुत्र की दर्दनाक मौत के मामले में मृतक पुत्र की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दिया है। दी गई तहरीर में दुर्घटना करने वाली कार का रजिस्ट्रेशन नंबर भी दिया गया है। जिसके आधार पर उसकी खोजबीन की जा रही है।दुर्घटना के बाद चालक कार सहित मौके से फरार हो गया था। सरपतहा थाना क्षेत्र के भटौली गांव निवासी 39 वर्षीय सुनील गौतम खुटहन विकास खंड के छताईकला गांव में बतौर सफाई कर्मचारी तैनात था। बुधवार को वह ड्यूटी से खाली होकर घर पहुंच बीमार पिता 64 वर्षीय हरी लाल को इलाज हेतु बाइक से शाहगंज ले जा रहा था। बिशुनपुर चौराहे से लगभग दो किमी आगे नहर पुलिया के पास पहुंचा था कि सामने से तेज गति से आ रही एक कार की चपेट में आ गया। हेलमेट न पहने होने के चलते दोनों के सिर में गंभीर चोटें आई। जिससे पिता पुत्र दोनों की मौत हो गई थी। मृतक सुनील गौतम की पत्नी पूजा देवी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सं. ओटी-14-2025, कार्य का विवरण : दोहरीकरण/तीसरी लाईन/आमान परिवर्तन/यार्ड रीमाडलिंग/प्री-एनआई/एनआई एवं अन्य आकस्मिक अवसरों पर अथवा निर्माण इकाई के अन्य यूनिटों द्वारा माँग पर अस्थाई रूप से उचित एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, गोरखपुर के कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत जहाँ कहीं भी आवश्यक हो (दो वर्ष की अवधि हेतु)। अनुमानित लागत: रू. 1,85,96,669.54, बयाना राशि: रू. 2,43,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य – रू. निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि – 24 माह। निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय : 08.01.2026 को 15.00 बजे।
नोट: ● इस निविदा के विरूद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, गोरखपुर
मुजाधि/विद्युत – 218
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## वारंटी अभियान में दुबौलिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, छह अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



जनपद में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और फरार वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना दुबौलिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दुबौलिया पुलिस टीम ने छह वारंटी/अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के उपरांत माननीय न्यायालय जनपद बस्ती भेज दिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनन्दन के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कलवारी संजय सिंह के कुशल निर्देशन में की गई। पूरे अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष शशांक कुमार सिंह द्वारा किया गया, जिनके नेतृत्व में पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर सभी वारंटियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में दीपक कुमार पुत्र शिवकुमार, सोमई पुत्र मेवालाल, नन्दू पुत्र नन्हकू निवासी दुबौलिया, काशीराम पुत्र राजाराम निवासी साड़पुर भरवटिया, चन्द्रभान पुत्र रिखई निवासी दलपतपुर तथा शिवपूजन पुत्र रामबहोर निवासी पण्डुलघाट थाना दुबौलिया जनपद बस्ती शामिल हैं। पुलिस ने सभी अभियुक्तों को विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक ध्रुवचन्द प्रजापति, प्यारेलाल, भवानी प्रसाद मिश्र, अजय कुमार यादव, धर्मेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल सुरेश वरुण सहित कांस्टेबल अरुण यादव, हरेन्द्र यादव और अमरजीत की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# कोडिंग सिरप की सनसनी में उलझी जौनपुर, असली पहचान पर मंडराता संकट

- निष्पक्ष जांच पर सवाल, सत्ता-तंत्र की चुप्पी से डगमगाया जनविश्वास

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

यमदाग्नि ऋषि की पावन तपोभूमि जौनपुर को इतिहास ने केवल एक जिला नहीं, बल्कि विचार, संस्कार और संघर्ष की प्रयोगशाला के रूप में स्थापित किया है। 'सिराजे हिंद' के नाम से पहचानी जाने वाली यह धरती गंगा-जमुनी तहजीब, सामाजिक समरसता और राष्ट्रसेवा की मिसाल रही है। जौनपुर के राजा यादवेंद्र दुबे, स्वर्गीय उमानाथ सिंह जैसे समाजनिष्ठ व्यक्तित्वों से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की कर्मस्थली रही जौनपुर ने देश को राजनीति, प्रशासन, शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में अनगिनत रत्न दिए। इसी धरती ने डीएनए के जनक कहे जाने वाले विश्वविख्यात वैज्ञानिक डॉ. लालजी सिंह जैसे महान नाम देश को सौंपे। स्वतंत्रता संग्राम के दौर में यहां के सेनानियों ने अंग्रेजी हुकूमत से टकराकर जेल यातनाएं सहीं, समाज सुधारकों ने कुरीतियों के खिलाफ बिगुल फूंका और शिक्षाविदों ने गांव-गांव तक शिक्षा की अलख जगाई। बिना शोर-शराबे के राष्ट्रसेवा ही जौनपुर की पहचान रही है।

### कोडिंग सिरप मामला बना राष्ट्रीय चर्चा

विडंबना यह है कि आज वही जौनपुर अपनी गौरवशाली विरासत के बजाय 'कोडिंग सिरप' जैसे मामलों को लेकर देश की संसद से लेकर विधान सभा तक पॉडकास्ट, सोशल मीडिया और टीवी बहसों के साथ उत्तर प्रदेश के विधानसभा शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधानसभा के गलियारों से लेकर बाहर तक जौनपुर का नाम बार-बार आ रहा था , लेकिन कारण गर्व का नहीं, बल्कि सवालों और संदेह का है। कांग्रेस, सपा, बसपा समेत विपक्षी दल खुलकर सड़क से लेकर सदन तक निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं, वहीं सत्ता पक्ष के विधायक और मंत्री भी दबे जुबान बिपक्ष की मांग को सही बता रहे हैं और गोलमोल बयान देते नजर आ रहे हैं। और प्रदेश के मुख्यमंत्री सदन के अंदर जाने के पहले पत्रकारों से प्रेसवार्ता कर रहे है सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि सत्ता और ब्यूरोक्रेसी के शीर्ष स्तर पर आखिर किस आधार पर तथाकथित 'वैज्ञानिक परीक्षण' हो रहे हैं और उन्हें सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा। यदि यही मामला किसी आम नागरिक से जुड़ा होता, तो अब तक कार्रवाई की तस्वीर बिल्कुल अलग होती–यह सवाल आम जनमानस के मन में लगातार गूंज रहा है।

### जीरो टॉलरेंस का दावा, लेकिन भरोसे में दरार

अपराधियों की गाड़ी पलटने और भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस' की बात करने वाली सरकार से लोगों को इस प्रकरण में भी सख्त और पारदर्शी कार्रवाई की उम्मीद थी। लेकिन जांच में देरी, स्पष्ट जानकारी का अभाव और जिम्मेदारों की चुप्पी ने सरकार की मंशा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विपक्ष जिस आक्रामकता से इस मुद्दे को उठा रहा है, उससे जनता में यह धारणा मजबूत हो रही है कि कहीं न कहीं किसी को बचाने की कोशिश हो रही है।

### विरासत बचाने की जरूरत

आज जरूरत इस बात की है कि जौनपुर की पहचान को सनसनी और सतही चर्चाओं से मुक्त किया जाए। नई पीढ़ी को उन महापुरुषों के विचारों और योगदान से जोड़ा जाए, जिन्होंने इस धरती को गौरव दिलाया। सरकार को भी चाहिए कि वह राजनीति से ऊपर उठकर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करे और सच को सामने लाए। तभी यमदाग्नि ऋषि की यह पावन भूमि फिर से अपनी असली पहचान–संस्कार, साधना और सेवा–के लिए जानी जा सकेगी।

# पर्ची न मिलने से किसानों का आक्रोश गन्ना तौल बंद, क्रय केंद्र पर प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



सरकार की गन्ना भुगतान और पारदर्शी पर्ची व्यवस्था को लेकर किए जा रहे दावों की पोल उस समय खुल गई, जब धेनुगांवां गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों का गुस्सा सड़कों पर दिखा। पर्ची और तौल टिकट न मिलने से परेशान गन्ना किसानों ने शुक्रवार को एकजुट होकर विरोध का रास्ता अपनाया और गन्ने की तौल पूरी तरह बंद करा दी। देखते ही देखते क्रय केंद्र पर हंगामे के हालात बन गए और नारेबाजी से पूरा परिसर गूंज उठा।

विक्रमजोत सहकारी गन्ना समिति के अंतर्गत शुगर मिल रौजागांव के धेनुगांवां क्रय केंद्र पर किसानों का आरोप है कि पर्ची वितरण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। जिन लोगों के पास खेती का रकबा तक नहीं है, उन्हें लगातार पर्चियां मिल रही हैं, जबकि वास्तविक, छोटे और गरीब किसान पर्ची से वंचित हैं। पर्ची न मिलने के कारण किसान मजबूरी में अपना गन्ना बिचौलियों को औने-पौने दामों पर नगद में बेचने को विवश हैं, जिससे उनका आर्थिक शोषण हो रहा है। प्रदर्शन में रघुनंदन सिंह, कृष्ण जीवन सिंह, सर्वजीत सिंह, सूबेदार, जिलेदार, रामदौर पासवान, रामस्वरूप मौर्य, रघुनाथ तिवारी सहित सैकड़ों किसानों ने तौल कांटे पर चढ़कर जमकर नारेबाजी की। गन्ना तौल ठप होने की सूचना पर रौजागांव चीनी मिल के सीडीओ विनोद कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन किसानों का आक्रोश कम नहीं हुआ और तौल शुरू नहीं हो सकी। इस संबंध में सरकारी गन्ना समिति विक्रमजोत के सचिव अंगद वर्मा ने बताया कि धेनुगांवां क्रय केंद्र से पर्ची संबंधी शिकायतें मिली हैं। मामले की जांच कर आरोपित किसानों को नोटिस जारी किया गया है। समय पर अभिलेख उपलब्ध न कराने पर उनके सट्टे को लॉक कर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# अमर शहीद मेले में खेल, संस्कृति और सम्मान का संगम




**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

आदर्श नगर पंचायत नगर में आयोजित अमर शहीद मेला देशभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और युवा प्रतिभा के प्रदर्शन का भव्य मंच बना। अमर बलिदानी राजा उदय प्रताप नारायण सिंह की स्मृति में आयोजित इस मेले का शुभारम्भ नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया तथा शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अमर शहीद राजा उदय प्रताप नारायण सिंह का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है और मातृभूमि के लिए उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि शहीद मेला केवल आयोजन भर नहीं बल्कि बच्चों और युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का माध्यम है। नगर को राष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख राना दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि अमर बलिदानी की धरती की सेवा का अवसर मिलना गर्व की बात है। उन्होंने युवाओं से शहीद के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और समाज सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। घने कोहरे के बावजूद सुबह सात बजे से ही खेलकूद प्रतियोगिताओं का उत्साह देखने को मिला। दो किलोमीटर दौड़ में सैकड़ों नन्हें धावकों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। नगर पंचायत के सभी 40 विद्यालयों के 39 सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में क्षेत्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक गायन और नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 18 वर्ष आयु वर्ग की दौड़ में बालिकाओं में चांदनी निषाद प्रथम, रश्मि द्वितीय और जिज्ञासा तृतीय स्थान पर रहीं। बालकों में शैलेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि विशाल पाण्डेय द्वितीय और आदर्श कुमार तृतीय स्थान पर रहे। समूह नृत्य में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बालिकाओं ने प्रथम स्थान हासिल किया। समूह गायन में शिव मोहर नाथ इंटर कॉलेज की बालिकाएं अव्वल रहीं। एकल गायन में सेंट जेवियर्स विद्यालय पोखरनी के हर्ष प्रताप सिंह और एकल नृत्य में पूर्व माध्यमिक विद्यालय फुलवरिया चाई की दिव्या ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मेले के दौरान एलोपैथिक, होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सकों की टीम द्वारा चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों का उपचार किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मेजर चंद्रशेखर शुक्ल, सभासद राजेश पाण्डेय सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, समाजसेवी और सैकड़ों की संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## जनकल्याण इंटर कॉलेज सैबसू के पूर्व प्रधानाचार्य सिद्ध गोपाल द्विवेदी का निधन

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सैबसू गांव स्थित जनकल्याण इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सिद्ध गोपाल द्विवेदी (74 वर्ष) का गुरुवार देर रात उनके पैतृक गांव सांभी में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र सहित शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई।स्व. द्विवेदी वर्ष 2011 में सेवानिवृत्त हुए थे। अपने लंबे सेवाकाल के दौरान उन्होंने विद्यालय के शैक्षिक स्तर को नई दिशा देने के साथ उसके सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया। वे एक अनुशासनप्रिय, कर्तव्यनिष्ठ एवं छात्रों के भविष्य के प्रति सदैव चिंतनशील शिक्षाविद के रूप में प्रतिष्ठित रहे। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार नानामऊ घाट पर धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षकों, पूर्व छात्रों, ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। उनके निधन को शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है।

# CM नीतीश कुमार के हिजाब विवाद पर चढ़ा सना खान का पारा, कहा- इतना गुस्सा आया कि कान के नीचे दो लगाउं



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जुड़ा हिजाब विवाद लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के बाद यह मामला राजनीतिक दायरे से निकलकर मनोरंजन जगत तक पहुंच गया है।

बॉलीवुड की कई चर्चित हस्तियों ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जायरा वसीम और राखी सावंत के बाद अब पूर्व एक्ट्रेस सना खान ने भी इस मुद्दे पर नाराजगी जताई है।सना खान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री की आलोचना की।

हालांकि उन्होंने वीडियो में किसी का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया, लेकिन उनका इशारा साफ तौर पर नीतीश कुमार की ओर था। एक्ट्रेस ने कहा- कुछ दिन पहले हमारी एक हिजाबी बहन का हिजाब मतलब नकाब, जो उसका फेस कवर था, हमारे रिस्पेक्टेड पॉलिटिशियन जब उन्हें सर्टिफिकेट दे रहे थे तो पता नहीं क्या उन्हें अंदर ऐसी एक चीज उठी कि उन्हें उसकी शक्ल देखना बहुत ज्यादा जरूरी हो गया और फिर उसके बाद उन्होंने सीधा उस नकाब को खींच दिया। ताज्जुब की बात ये है कि उनके पीछे जो लोग थे वे गधे की तरह हंस रहे थे।

सना ने कहा– वीडियो देखकर मुझे लग रहा था कि मैं उनके कान के नीचे दो लगाउं, मेरे अंदर उस चीज को देखकर इतना गुस्सा चढ़ा, जाहिर सी बात है कि किसी को भी गुस्सा आना चाहिए।

आज जो हम अपनी सेफ्टी की बात करते हैं। मार्चेस करते हैं, कुछ हो जाता है तो हम प्रोटेस्ट करते हैं, कैंडेल मार्च करते हैं, ये सब हम क्यों कर रहे ? क्योंकि हम सरकार से चाहते हैं कि लड़कियों की सेफ्टी के लिए कुछ हो।

**राखी सावंत ने भी दी थी तीखी प्रतिक्रिया**

इससे पहले राखी सावंत ने भी इस मामले में तीखी प्रतिक्रिया दी थी। राखी ने एक वीडियो के जरिए सीधे नीतीश कुमार को संबोधित किया, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ। वीडियो की शुरुआत में राखी ने खुद को मुख्यमंत्री की बड़ी प्रशंसक बताया और उनके नेतृत्व की तारीफ भी की।

हालांकि इसके बाद उन्होंने इस घटना को गलत बताते हुए कहा कि एक मुस्लिम महिला को सम्मानित करते समय उसके धार्मिक पहनावे के साथ इस तरह का व्यवहार करना अनुचित है।

राखी ने कहा कि इस्लाम में महिलाओं के नकाब और अबाया को पवित्र माना जाता है और बिना अनुमति उसे छूना गलत है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर किसी पुरुष के साथ सार्वजनिक रूप से ऐसा किया जाए तो उसे कैसा महसूस होगा। राखी ने नीतीश कुमार से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की अपील भी की थी।

## 'जहां लोग शराब का गिलास लिए...' शाहरुख, सलमान की तरह शादियों में डांस क्यों नहीं करते रणबीर कपूर?




बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर को फिल्म इंडस्ट्री में बतौर एक्टर काम करते हुए करीब 18 साल हो चुके हैं. साल 2007 में शुरू हुआ उनका ये सफर अब तक जारी है. अभिनेता ने डेढ़ दशक से ज्यादा लंबे करियर में अपने दमदार अभिनय से फैंस दिलों में खास जगह बनाई है. हालांकि वो फैंस से ज्यादा इंटरैक्ट नहीं कर पाते हैं. इसकी एक बड़ी वजह ये है कि वो सोशल मीडिया पर नहीं हैं और दूसरी वजह ये कह सकते हैं कि अन्य स्टार्स की तरह वो बड़ी-बड़ी और चर्चित शादियों में परफॉर्म करते हुए भी नजर नहीं आते हैं.

आज कल लगभग हर सेलेब्स सोशल मीडिया के जरिए भी अपने फैंस से जुड़े रहते हैं और इसके जरिए वो उन्हें अपनी फिल्मों और खास चीजों की अपडेट भी देते रहते हैं. हालांकि रणबीर सोशल मीडिया से दूर हैं. वहीं शादियों में परफॉर्म करके भी सेलेब्स फैंस के साथ नजदीकियां बढ़ाते हैं. शाहरुख खान, सलमान खान से लेकर रणवीर सिंह तक कई बड़े स्टार्स को आपने शादी में परफॉर्म करते हुए देखा होगा. हालांकि रणबीर ऐसा नहीं करते हैं. एक बार उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई थी.

**शादियों में क्यों डांस क्यों नहीं करते रणबीर कपूर ?**

रणबीर कपूर ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में शादियों में परफॉर्म न करने को लेकर कहा था, मैं जिस परिवार से आता हूं, उसकी वजह से मैं ऐसा नहीं करूंगा. हालांकि, मैं ऐसा करने वालों के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन ये वो वैल्यूज नहीं हैं जिनके साथ मैं बड़ा हुआ हूं.

**अपनी गरिमा नहीं खोना चाहता- रणबीर**

जब रणबीर से ये पूछा गया था कि क्या शादियों में पैसे लेकर डांस करना गलत है ? तो उन्होंने कहा था, कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन पैसा मेरा मकसद नहीं है. मैं अरबों-खरबों कमाना नहीं चाहता. मैं एक एक्टर हूं.

मेरा मकसद अलग है. मेरे पैशन अलग हैं. मैं शादी में डांस करके अपनी गरिमा नहीं खोना चाहता, जहां लोग शराब का गिलास लेकर खड़े हों और बुरे कमेंट्स करते हों. मैं नहीं चाहूंगा कि मेरे परिवार का कोई भी सदस्य ऐसा करें. ये मेरी पर्सनल चॉइस है. मैं ऐसा नहीं करूंगा.

## बॉलीवुड में विलेन बनकर शुरू किया था करियर, अब हॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहा ये एक्टर




आज हम आपको एक ऐसे अभिनेता के बारे में बताएंगे जो एक्टिंग के साथ-साथ अपनी फिजिक के लिए भी सुर्खियों में बना रहता है. इस अभिनेता ने साउथ सिनेमा से अपने एक्टिंग करियर का आगाज किया था. वहीं बॉलीवुड में डेब्यू बतौर विलेन किया. जबकि अब ये एक्टर हॉलीवुड की दुनिया में कदम रखने जा रहा है और उसने अपनी हॉलीवुड फिल्म से अपनी झलक भी दिखाई है, जिसमें वो बेहद खूंखार नजर आ रहा है.

यहां बात हो रही है अभिनेता विद्युत जामवाल की. विद्युत जामवाल एक्टर होने के साथ-साथ प्रोड्यूसर और मार्शल आर्टिस्ट भी हैं. मार्शल आर्ट में विद्युत को महारत हासिल है. वो अक्सर ही कई खतरनाक और जानलेवा स्टंट्स करते हुए नजर आते हैं.

बॉलीवुड में डेब्यू के करीब 15 साल बाद अब उनकी हॉलीवुड में शुरुआत होने जा रही है. आइए जानते हैं कि उनकी हॉलीवुड फिल्म कौन सी है और वो कब रिलीज होने वाली है ?

**विद्युत जामवाल की हॉलीवुड फिल्म**

साउथ से लेकर बॉलीवुड तक में काम कर चुके विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाने के लिए बिल्कुल तैयार हैं. उनकी हॉलीवुड फिल्म का नाम है 'स्ट्रीट फाइटर'. ये एक एक्शन फिल्म है, जिसमें अभिनेता धालसिम का किरदार निभाते हुए नजर आने वाले हैं.

हाल ही में विद्युत ने फिल्म से अपना लुक शेयर किया था, जो बेहद डरावना नजर आ रहा है. विद्युत ने ये भी बताया है कि उनकी ये हॉलीवुड पिक्चर 16 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इसका डायरेक्श जापानी-अमेरिकी डायरेक्ट किटाओ सकुरै कर रहे हैं.

**साउथ से शुरू हुआ एक्टिंग करियर**

विद्युत जामवाल का जन्म 10 दिसंबर 1980 को जम्मू में हुआ था. उनके पिता आर्मी ऑफिसर रह चुके हैं. वहीं विद्युत ने एक्टिंग का रास्ता चुना. उनके अभिनय करियर की शुरुआत साल 2011 में हुई थी. वो सबसे पहले तेलुगु फिल्म 'शक्ति' में नजर आए थे.

**बॉलीवुड में विलेन बन किया था आगाज**

साल 2011 में ही जॉन अब्राहम की फिल्म 'फोर्स' से उन्होंने बॉलीवुड डेब्यू भी किया था. इस फिल्म में वो निगेटिव रोल में दिखाई दिए थे. विद्युत अपने 14 साल के एक्टिंग करियर में मद्रासी, कमांडो, क्रैक, कमांडो 2 और जंगली जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं.

# कार्तिक आर्यन का 'अधूरा इश्क' रोक पाएगा 'धुरंधर' की आंधी? ट्रेलर देख लोग बोले: अक्षय-अक्षय



कार्तिक आर्यन जल्द ही धांसू वापसी की तैयारी कर चुके हैं. बस इस बार उनका रास्ता उतना आसान नहीं होगा, जैसा पहले रहा है. दिसंबर की शुरुआत में रिलीज हुई रणवीर सिंह की 'धुरंधर' भौकाल काट रही है. तो वहीं 25 दिसंबर को कार्तिक आर्यन अपनी अगली फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है-'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' . फाइनली फिल्म का ट्रेलर आ चुका है, जिसमें कुछ खूबसूरत डायलॉग सुनने को मिलते हैं. खासकर कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की लव स्टोरी और केमिस्ट्री सबको पसंद आ रही है. पर क्या इस कहानी में उतना दम है, जो धुरंधर की दहाड़ के सामने खड़ी हो पाए ?कार्तिक आर्यन की पिछली फिल्म दिवाली 2024 में रिलीज हुई थी. जब 'भूल भुलैया 3' से उन्होंने सॉलिड वापसी की. फिल्म में विद्या बालन के अलावा माधुरी दीक्षित ने भी काम किया था. साथ ही उसी साल एक और पिक्चर रिलीज हुई थी. पर अब करण जौहर की फिल्म से कार्तिक आर्यन वापसी करने जा रहे हैं. साथ ही पिक्चर को Sameer Vidwans ने डायरेक्ट किया है.




**कैसी है कार्तिक की फिल्म का ट्रेलर ?**

कोई कहता है थिंक अबाउट द फ्यूचर, कोई कहता है पास्ट के हिसाब से चलो, मैं मानता हूं बी इन द मोमेंट, यहां इस जगह इस डायलॉग से ट्रेलर की शरुआत होती है और कार्तिक आर्यन के साथ अनन्या पांडे की जोड़ी खूब जमती है. रे और रुमी की लव स्टोरी फिल्म में देखने को मिलेगी. हालांकि, हर कहानी की तरह इस स्टोरी की शुरुआत भी एकदम नॉर्मल ही होगी, जब दोनों लोग प्यार में नहीं होते. फिर किस्मत उन्हें हर मोड़ पर मिलाने लगती है, तब भी जब वो साथ में नहीं रहना चाहते.

हालांकि, हर बार की तरह ट्रेलर का बेस्ट पार्ट है कार्तिक आर्यन का ह्यूमर. उनकी कॉमेडी टाइमिंग हमेशा से बेहतरीन रही है. वो जानते हैं कब कौनसा जोक कहां पर लैंड होना चाहिए. हालांकि, अनन्या पांडे की एक्टिंग में भी एक गहराई है, पर ट्रेलर उतना भी जबरदस्त नहीं है कि एकदम आप नाचने लगे. इस ट्रेलर को अबतक ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिल रहा है.

# संसद का शीतकालीन सत्र स्थगित

## कई अहम विधेयक पारित, राजनीतिक दलों ने एक-दूसरे पर किए तीखे हमले

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

शुक्रवार को लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, जिसके साथ ही संसद के 19 दिवसीय शीतकालीन सत्र का समापन हो गया। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए, जिनमें 20 साल पुरानी मनरेगा को निरस्त करने वाला विधेयक और निजी भागीदारी के लिए नागरिक परमाणु क्षेत्र को खोलने वाला विधेयक भी शामिल है। जानकारी के मुताबिक, शीतकालीन सत्र के दौरान कुल बैठक का समय 92 घंटे और 25 मिनट था।

### लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही: बिरला

शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपना संक्षिप्त विदाई भाषण पढ़ा, जिसमें उन्होंने उल्लेख किया कि सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही और सदस्य महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा करने के लिए देर रात तक बैठे रहे। इसके बाद उन्होंने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया, जिससे 1 दिसंबर को शुरू हुआ संक्षिप्त सत्र समाप्त हो गया।



### विपक्ष ने लगाए 'महात्मा गांधी की जय' के नारे

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विदाई भाषण पढ़ रहे थे, तब कुछ विपक्षी सदस्य 'महात्मा गांधी की जय' के नारे लगाते हुए देखे गए। निचली सदन की कार्यवाही स्थगित होने के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित थे। शीतकालीन सत्र की 15 बैठकों के दौरान सदन में दो राजनीतिक रूप से संवेदनशील बहसें हुई - एक वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर और दूसरी चुनाव सुधारों पर।

### अहम बहसें और राजनीतिक माहौल

शीतकालीन सत्र के 15 बैठकों में दो प्रमुख राजनीतिक बहसें हुईं। पहली बहस 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर हुई, जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री ने की। इस विषय पर 11 घंटे 32 मिनट तक चर्चा हुई और 65 सांसदों ने भाग लिया। दूसरी अहम बहस चुनाव सुधारों पर हुई, जो करीब 13 घंटे चली और इसमें 63 सांसदों ने हिस्सा लिया। विपक्ष चुनावी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े नए कानून तथा 'वोट चोरी' के मुद्दे को लेकर सरकार पर हमलावर रहा। हालांकि, सरकार ने साफ किया कि चुनाव आयोग के कामकाज पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती।

### पारित हुए आठ अहम विधेयक

- इस सत्र में कुल आठ विधेयक पारित किए गए। इसके अलावा, अनुपूरक अनुदान मांगें (2025-26) भी पारित की गईं।
- वीबी-जी राम-जी विधेयक, जिसके तहत ग्रामीण भारत में 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी जाएगी।
- शांति विधेयक, जिससे नागरिक परमाणु क्षेत्र में निजी भागीदारी का रास्ता खुलेगा।
- बीमा क्षेत्र में एफडीआई को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने वाला विधेयक, जिससे बीमा कवरेज बढ़ने, प्रीमियम घटने और रोजगार सृजन की उम्मीद है।
- सबका बीमा सबकी रक्षा (संशोधन) विधेयक, 2025, जिसे लोकसभा और राज्यसभा दोनों ने मंजूरी दी।
- पुराने और अप्रासंगिक 65 संशोधन कानूनों और छह मूल कानूनों को निरस्त करने वाला विधेयक।
- मणिपुर जीएसटी संशोधन, केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन और स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर से जुड़े विधेयक।

### अन्य विधेयक और संसदीय कामकाज

उच्च शिक्षा से जुड़े विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 को दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजा गया। इसका उद्देश्य एक उच्च शिक्षा आयोग और तीन अलग-अलग परिषदों की स्थापना करना है। वहीं, बाजार प्रतिभूति संहिता से जुड़ा एक विधेयक पेश कर स्थायी समिति को भेजा गया। सत्र के दौरान 300 तारांकित प्रश्न स्वीकार किए गए, जिनमें से 72 का मौखिक उत्तर दिया गया। इसके अलावा 3,449 अतारांकित प्रश्न स्वीकार हुए। शून्यकाल में 408 तात्कालिक मुद्दे उठाए गए और नियम 377 के तहत 372 मामले लिए गए। इस तरह, शीतकालीन सत्र ने जहां कई अहम फैसलों की नींव रखी, वहीं राजनीतिक बहसों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गर्माहट भी बनाए रखी।

# बिक्रम मजीठिया को नहीं मिली राहत

## अंतरिम जमानत पर 'सुप्रीम' इनकार, 19 जनवरी होगी अगली सुनवाई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

आय से अधिक संपत्ति मामले में फंसे शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल कोई बड़ी राहत नहीं मिली है। शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका पर सुनवाई करने की मंजूरी जरूर दी है, लेकिन अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एन. वी. अंजारिया की पीठ ने इस मामले में नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 19 जनवरी तय की है। मजीठिया ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने 4 दिसंबर को अपने आदेश में कहा था कि मजीठिया के बाहर आने पर जांच को प्रभावित करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी कहा था कि मजीठिया प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्ति हैं और गवाहों पर दबाव डाल सकते हैं। हालांकि, हाई कोर्ट ने पंजाब विजिलेंस ब्यूरो को तीन महीने के भीतर जांच पूरी करने का निर्देश दिया था और कहा था कि इसके बाद मजीठिया फिर से जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। मामले में



सुनवाई के दौरान मजीठिया की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एस. मुरलीधर ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि मजीठिया को पहले एनडीपीएस (ड्रग्स) मामले में जमानत मिल चुकी है, और सुप्रीम कोर्ट ने उस जमानत को चुनौती देने वाली पंजाब सरकार की याचिका भी खारिज कर दी थी। उन्होंने कहा कि उसी ड्रग्स मामले में जिन पैसों को लेकर जांच हुई थी, अब उन्हीं लेन-देन को आधार बनाकर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत नया मामला बनाया गया है, जो गलत है।

### 540 करोड़ रुपये की संपत्ति का आरोप

बता दें कि पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने मजीठिया को 25 जून को गिरफ्तार किया था। उन पर करीब 540 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति जमा करने का आरोप है। यह मामला 2021 के एक ड्रग्स केस की जांच से जुड़ा हुआ है, जिसकी जांच पंजाब पुलिस की विशेष जांच टीम कर रही थी।

### हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी

ऐसे में मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा था कि मजीठिया पंजाब के बड़े राजनीतिक नेता हैं और सात साल से ज्यादा समय तक मंत्री रह चुके हैं। जांच एजेंसी ने करीब 20 अहम गवाहों को संवेदनशील बताया है। कोर्ट के मुताबिक, अगर इस समय मजीठिया को छोड़ा गया तो वे सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

### राजनीतिक बदले की कार्रवाई: मजीठिया

गौरतलब है कि मजीठिया ने अपने खिलाफ दर्ज इस मामले को राजनीतिक बदले की भावना से की गई कार्रवाई बताया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के खिलाफ खुलकर बोलने की वजह से उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। फिलहाल मजीठिया पटियाला की न्यू नाभा जेल में बंद हैं। इससे पहले अगस्त में मोहाली की अदालत भी उनकी जमानत याचिका खारिज कर चुकी है। वहीं, विजिलेंस ब्यूरो इस मामले में 40 हजार से ज्यादा पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर चुका है।

# समुद्र में भारत को मिली नई ताकत

## तटरक्षक बल में शामिल हुआ जहाज 'अमूल्य', पूर्वी तट की सुरक्षा होगी और मजबूत



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय तटरक्षक बल की समुद्री ताकत में एक और आधुनिक जहाज जुड़ गया है। नए जमाने के एडम्या श्रेणी के तीसरे फास्ट पेट्रोल वेसल 'अमूल्य' को शुक्रवार को औपचारिक रूप से बेड़े में शामिल किया गया। अधिकारियों के अनुसार यह जहाज निगरानी, खोज और बचाव अभियान, तस्करी रोकने और समुद्री प्रदूषण से निपटने जैसे कई अहम मिशनों को अंजाम देगा। इससे भारत के पूर्वी तट (ईस्ट कोस्ट) की सुरक्षा और ज्यादा मजबूत होगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह जहाज समुद्र को सुरक्षित, साफ और संरक्षित रखने के लिए तटरक्षक बल की मजबूत इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। बता दें कि 51 मीटर लंबा यह फास्ट पेट्रोल जहाज गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में डिजाइन और तैयार किया गया है। इसमें 60 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी उपकरण लगे हैं। इससे रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता और 'मेक इन इंडिया' तथा 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की सफलता साफ दिखाई देती है।

### ताकत और रफ्तार से लैस

जानकारी के अनुसार 'अमूल्य' में दो अत्याधुनिक 3000 किलोवाट डीजल इंजन लगे हैं, जिनसे यह जहाज 27 नॉट्स की अधिकतम गति से चल सकता है। यह एक बार में 1500 समुद्री मील तक का सफर तय कर सकता है, जिससे लंबे समय तक समुद्र में मिशन संभव हो पाता है। इसके साथ ही जहाज में 30 मिमी की तोप 12.7 मिमी की दो रिमोट कंट्रोल गन लगाई गई हैं। इसके अलावा, इसमें लक्ष्य पहचान और फायर कंट्रोल के आधुनिक सिस्टम भी हैं। साथ ही, इसमें इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम, मशीनरी कंट्रोल सिस्टम और ऑटोमैटिक पावर मैनेजमेंट सिस्टम लगे हैं, जो जहाज की कार्यक्षमता और सुरक्षा को और बेहतर बनाते हैं।

ओडिशा के पारादीप में होगी तैनाती

गौरतलब है कि आईसीजीएस अमूल्य को ओडिशा के पारादीप में तैनात किया जाएगा। यह जहाज तटरक्षक बल के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के कमांडर के अधीन काम करेगा। जहाज की कमान कमांडेंट (जूनियर ग्रेड) अनुपम सिंह के पास है और इसमें 5 अधिकारी और 34 जवान तैनात रहेंगे। मामले में अधिकारियों ने कहा कि 'अमूल्य' के शामिल होने से तटरक्षक बल की ताकत और बढ़ेगी। यह जहाज तटीय सुरक्षा, समुद्री निगरानी और आपातकालीन राहत कार्यों में अहम भूमिका निभाएगा और देश की समुद्री सीमाओं को और ज्यादा सुरक्षित बनाएगा।

# मनरेगा कानून को बदलने के विरोध में उतरी डीएमके, प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन का एलान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी डीएमके के नेतृत्व वाले सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस ने मनरेगा के बदले लाए गए नए विधेयक के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन का एलान किया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को बदलने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पारित नए कानून के खिलाफ 24 दिसंबर को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### 24 दिसंबर को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन का एलान

मनरेगा योजना के लाभार्थियों को डीएमके और अन्य सहयोगी पार्टियों के जिला सचिवों, विधायकों, स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों और गठबंधन पार्टियों के सदस्यों द्वारा लामबंद किया जाएगा। गठबंधन की मांग है कि विकसित भारत - रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 को वापस लिया जाए, जो मनरेगा को खत्म करता है और एक नया ग्रामीण रोजगार ढांचा पेश करता है। डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन ने जारी बयान में कहा, '24 दिसंबर को, प्रदेश में सुबह 10



बजे और पार्टी के सभी स्थानीय स्तरों पर 100-दिवसीय रोजगार योजना के लाभार्थियों को लामबंद करके विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।' 18 दिसंबर को, तमिलनाडु सरकार ने केंद्र की नई ग्रामीण रोजगार योजना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि इसमें महात्मा गांधी का नाम हटाना और राज्यों पर वित्तीय बोझ बढ़ेगा। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा कि प्रस्तावित कानून करोड़ों ग्रामीण गरीबों, खासकर तमिलनाडु जैसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों की आजीविका को खतरे में डालेगा, और अंतर-सरकारी संबंधों पर दबाव डालेगा।

# क्रिसमस और नए साल पर भी सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने शुक्रवार को कहा कि वे क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों के पहले दिन 22 दिसंबर को अत्यावश्यक मामलों की सुनवाई के लिए बैठने को तैयार हैं। तत्काल मामलों की सूची की सुनवाई कर रही चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट मामलों की तात्कालिकता का सत्यापन करेगी और उसके बाद उन्हें सूचीबद्ध करेगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'हम सोमवार को बैठेंगे। हम अन्य सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों पर बोझ नहीं डालेंगे, जिन्हें नए मामलों की सुनवाई के लिए देर रात तक केस फाइलों का अध्ययन करना पड़ता है। मैं किसी अन्य बेंच को परेशान नहीं करूंगा।' उन्होंने आगे कहा कि रजिस्ट्री मामले की तात्कालिकता का पता लगाएगी और मामले को सूचीबद्ध करेगी। मुख्य न्यायाधीश कांत ने आगे कहा, 'यह निश्चित नहीं है कि एक या दो बेंच बैठेंगी, यह सब मामलों की संख्या पर निर्भर करेगा। हम बेंच के गठन के लिए उचित आदेश पारित करेंगे।'

# मदुरै दीप विवाद: मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव की जांच जारी: बिरला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि वह नियमों और प्रक्रिया के अनुसार डीएमके और अन्य विपक्षी सांसदों की ओर से न्यायाधीश के खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव की जांच कर रहे हैं। डीएमके और इंडिया ब्लॉक के सांसदों की ओर से मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस जीआर स्वामीनाथन को हटाने के लिए महाभियोग प्रस्ताव दिया गया था। 9 दिसंबर 2024 को दिए गए महाभियोग प्रस्ताव पर विपक्ष के 100 से ज्यादा सांसदों ने साइन किए थे। इनमें कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी और सीपीआई (एम) के सांसद शामिल थे। जस्टिस स्वामीनाथन पर विपक्षी सांसदनों ने निष्पक्षता, पारदर्शिता और धर्मनिरपेक्षता का अभाव होने का आरोप लगाया। विपक्षी सांसदों की ओर से खासतौर पर जस्टिस स्वामीनाथन पर संवैधानिक धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों के बजाय एक विशिष्ट राजनीतिक विचारधारा के आधार पर मामलों का फैसला करने का आरोप लगाया गया है। कार्तिगई दीपम त्योहार को लेकर जस्टिस जीआर स्वामीनाथन के एक फैसले के खिलाफ तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का भी रुख किया था। दरअसल, मदुरै जिले में तिरुपरमकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर में कार्तिगई दीपम त्योहार को लेकर जस्टिस स्वामीनाथन ने दीप जलाने के निर्देश दिए थे। मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने पहाड़ी पर स्थित जिस दीपथून पर दीप जलाने की अनुमति दी थी, वह दरगाह के पास बना हुआ है। इसी के चलते राज्य सरकार ने इस निर्देश का विरोध किया था। सरकार ने कहा था कि इससे सामाजिक सद्भाव को नुकसान हो सकता है। हालांकि, राज्य सरकार की अपील के बावजूद जस्टिस स्वामीनाथन ने अपने निर्देश को बरकरार रखा।

### मामले में अब आगे क्या होगा?

न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला यह निर्धारित करेंगे कि औपचारिक जांच के लिए प्रस्ताव को स्वीकार किया जाना चाहिए या नहीं। वहीं, इस मामले पर करीब 56 पूर्व सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों ने एक संयुक्त बयान जारी कर महाभियोग प्रस्ताव की निंदा की थी। उन्होंने इसे न्यायाधीशों को डराने की एक दुस्साहसी कोशिश और न्यायिक स्वतंत्रता पर हमला बताया।

# सबरीमाला मामले में दो और लोगों की गिरफ्तारी, दोनों कर्नाटक में व्यापारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सबरीमला सोना चोरी मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने दौ और लोगों की गिरफ्तारी की है। एसआईटी ने शुक्रवार को स्मार्ट क्रिएशन के सीईओ पंकज भंडारी और गोवर्धन को गिरफ्तार किया। गोवर्धन की कर्नाटक के बेल्लारी में गहनों की दुकान है। केरल पुलिस के डीजीपी रावद चंद्रशेखर ने यह जानकारी दी। इससे पहले बुधवार को त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एस श्रीकुमार को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। बुधवार को सबरीमला सोना चोरी मामले में एसआईटी ने देवस्वोम बोर्ड के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एस श्रीकुमार को गिरफ्तार किया। वर्ष 2019 में जब मंदिर के द्वार पर मूर्तियों से सोने की परत हटाई गई थी, उस समय श्रीकुमार प्रशासनिक अधिकारी के पद पर थे। पुलिस ने बताया कि श्रीकुमार को अपराध शाखा कार्यालय में तलब कर पूछताछ की गई, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। श्रीकुमार की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई, जब दो हफ्ते पहले केरल हाईकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने कहा था कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए हैं। उनके साथ ही टीडीबी की पूर्व सचिव एस जयश्री की अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज कर दी गई थी। कोर्ट ने कहा था कि अगर दोनों आरोपियों को गिरफ्तारी से पहले जमानत दी जाती है, तो मंदिर से सोने के गायब होने से जुड़े पूरे मामले की जांच प्रभावित होगी और प्रभावी जांच 'बेकार' हो जाएगी।

# दिल्ली में 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' का असर, पहले दिन 2800 गाड़ियों को नहीं दिया ईंधन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' अभियान चला रखा है। जिसके पहले दिन जहां एक तरफ 2800 गाड़ियों को फ्यूल देने से मना कर दिया तो वहीं दूसरी तरफ पीयूसी सर्टिफिकेट बनवाने के लिए हजारों गाड़ियां लाइनों में दिखीं।

### परिवहन विभाग और दिल्ली पुलिस का संयुक्त अभियान

अधिकारियों ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली में अभियान के पहले दिन ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने



बिना वैलिड पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट वाले करीब 2,800 गाड़ियों को फ्यूल नहीं दिया। उन्होंने बताया कि डिपार्टमेंट ने तीन एनफोर्समेंट टीमें तैनात की हैं। उनके साथ पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। अहम जगहों पर पेट्रोल पंपों पर चेकिंग की गई। ताकि एमिशन नॉर्म्स का सख्ती से पालन हो सके।

### पहले दिन 2800 गाडियां के नहीं मिले पीयूसी सर्टिफिकेट

ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि अभियान के पहले दिन सुबह 6 बजे से शुक्रवार सुबह 6 बजे के बीच करीब 2800 गाड़ियां बिना वैलिड पीयूसी सर्टिफिकेट के पाई गईं। गुरुवार को अभियान के पहले दिन बिना वैलिड पीयूसी सर्टिफिकेट वाली गाड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कुल 3746 चालान जारी किए गए।

### परिवाहन विभाग की 210 टीमें दिल्ली में तैनात

परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त रिपोर्ट के मुताबिक, विशेष अभियान के लिए कुल 210 टीमें तैनात की गई हैं। इनमें ट्रैफिक पुलिस की 126 टीमें और ट्रांसपोर्ट विभाग की 84 टीमें शामिल हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने एलान किया था कि वैध पीयूसी सर्टिफिकेट के बिना वाहनों को पेट्रोल पंपों पर ईंधन नहीं दिया जाएगा। यह नियम गुरुवार से लागू हो गया है।

### एलान के बाद 31,197 पीयूसी सर्टिफिकेट जारी

इस एलान के बाद दिल्ली में प्रदूषण अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट जारी होने की संख्या में तेज इजाफा हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 17 दिसंबर को 31,197 पीयूसी सर्टिफिकेट जारी किए गए, जबकि 16 दिसंबर को यह संख्या 17,732 थी। यानी 24 घंटे में 13,465 सर्टिफिकेट ज्यादा जारी हुए, जो 75.9 फीसदी की बढ़ोतरी है।

### दिल्ली में शुक्रवार को भी हवा रही बेहद खराब

हर सर्दी में दिल्ली का प्रदूषण बढ़ जाता है। ज्यादातर दिनों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (त्तद्ध) 300 से ऊपर 'खराब' श्रेणी में रहता है और कई बार 400 से पार होकर 'गंभीर' हो जाता है, जिससे स्वस्थ लोगों को भी दिक्कत होती है। शुक्रवार को दिल्ली की हवा 'बेहद खराब' श्रेणी में रही।

# इंडिगो की उड़ानों में हुई गड़बड़ी पर डीजीसीए सख्त, रिपोर्ट आने पर होगी कड़ी कार्रवाई




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडिगो एयरलाइन में हाल ही में हुई बड़े पैमाने पर उड़ानों की गड़बड़ी को लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) अब कड़े कदम उठाने की तैयारी में है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि डीजीसीए की ओर से गठित चार सदस्यीय पैनल की रिपोर्ट मिलते ही एयरलाइन के खिलाफ विस्तृत और सुधारात्मक कार्रवाई होगी। इस महीने की शुरुआत में उड़ानों में हुई गड़बड़ियों के बाद, डीजीसीए ने इंडिगो के शीतकालीन समय-सारणी में 10 प्रतिशत की कटौती की है। परिचालन संकट से पहले देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो रोजाना 2,300 फ्लाइट्स ऑपरेट करती थी। अधिकारी ने साफ किया कि इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य भविष्य में ऐसी तकनीकी और परिचालन संबंधी गड़बड़ियों को दोबारा होने से रोकना है। यह पूछे जाने पर कि क्या अन्य एयरलाइंस के शेड्यूल पालन की भी निगरानी की जा रही है? इस पर जवाब देते हुए अधिकारी ने कहा 'कोहरे के मौसम और छुट्टियों के सीजन को देखते हुए एयरलाइंस को अधिक जिम्मेदारी से काम करना चाहिए ताकि यात्रियों को असुविधा न हो। अधिकारी ने कहा हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हो' इस बीच, इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने गुरुवार को भविष्य की रणनीति साझा करते हुए कहा कि कंपनी का पूरा ध्यान अब स्थिति को सुधारने पर केंद्रित है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि एयरलाइन अब तीन प्रमुख स्तंभों लचीलापन, मूल कारण विश्लेषण और पुनर्निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी का लक्ष्य उन कारणों को जड़ से खत्म करना है जिनकी वजह से उड़ानें बाधित हुईं।

# दिल्ली-पंजाब समेत कई राज्यों में ईडी की छापेमारी, करोड़ों रुपये और 300 किलो चांदी जब्त

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

डंकी रूट के जरिए भारत से युवाओं को अमेरिका भेजने के मामले में ईडी ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। ईडी ने दिल्ली-पंजाब समेत कई राज्यों में दर्जन भर से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में ईडी ने चार करोड़ रुपये से ज्यादा नकद और 300 किलो से ज्यादा चांदी और छह किलो सोने के बिस्किट जब्त किए। ये छापे गुरुवार को दिल्ली, पंजाब (जालंधर) और हरियाणा (पानीपत) में एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर मारे गए।

### दिल्ली के ट्रैवल एजेंट से करोड़ों रुपये जब्त

अधिकारियों ने दावा किया कि दिल्ली के एक ट्रैवल एजेंट के ठिकाने से



4.62 करोड़ रुपये कैश, 313 किलो चांदी और 6 किलो सोने के बिस्किट जब्त किए हैं। जांचकर्ताओं ने छापों के दौरान मिले फोन और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से कुछ आपत्तिजनक चैट भी बरामद की हैं। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा में एक मुख्य आरोपी के ठिकाने से 'डंकी' बिजनेस से जुड़े रिकॉर्ड और दस्तावेज मिले हैं। आरोप है कि एजेंट अवैध रूप से अमेरिका जाने वाले लोगों के प्रॉपर्टी के दस्तावेज अपने कमीशन की रकम की गारंटी के तौर पर रखते थे। 'डंकी' शब्द का मतलब उस लंबी और मुश्किल यात्रा से है जो अप्रवासी अवैध रूप से देशों में घुसने के लिए करते हैं।

### अमेरिका से भारतीयों को वापस भेजने के बाद शुरू हुई कार्रवाई

केंद्रीय जांच एजेंसी ने जुलाई में डंकी मामले में पहली बार छापेमारी की थी। हाल ही में कुछ ट्रैवल एजेंटों की 5 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की थी, जिन्होंने इस अवैध रैकेट के पीछे कुछ कथित आरोपियों की पहचान की गई। श्वष्ठ की जांच पंजाब और हरियाणा पुलिस द्वारा फरवरी 2025 में अमेरिकी सरकार द्वारा सैन्य कार्गो विमानों में 330 भारतीय नागरिकों को भारत वापस भेजने के संबंध में दर्ज की गई। इन मामलों में कई एफआईआर हुई। ईडी का कहना है कि आरोपियों ने उन्होंने भोले-भाले लोगों को कानूनी रूप से अमेरिका भेजने का लालच देकर धोखा दिया और इसके लिए भारी रकम वसूली। हालांकि पैसे लेने के बावजूद लोगों को दक्षिण अमेरिकी देशों के रास्ते खतरनाक रास्तों से भेजा गया, सीमा पार करके अवैध रूप से अमेरिका में घुसने के लिए मजबूर किया गया। कुछ दिन पहले जारी ईडी के एक बयान के अनुसार, पूरी यात्रा के दौरान इन लोगों को टॉर्चर किया गया, उनसे और पैसे वसूले गए और उनसे गैर-कानूनी काम करवाए गए।